**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 43.9 | 30.5 |
| जमशेदपुर | 43.2 | 25.4 |
| डालटनगंज | 42.8 | 24.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार 28 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 20 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




पेज 09

### अमित शाह बोले- मोदी को फिर पीएम बनाएं

## आतंकवाद व नक्सलवाद खत्म कर देंगे अबकी बार



**पोरबंदर (गुजरात)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से आग्रह किया कि वे देश को आतंकवाद, नक्सलवाद एवं गरीबी से छुटकारा दिलाने और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं. पिछले 10 साल में मोदी ने वोट बैंक की परवाह किए बिना कई कड़े फैसले किए. उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दो चरण के मतदान के बाद अब यह साफ हो गया है कि देश की जनता ने मोदी को एक बार फिर सत्ता में लाने का फैसला कर लिया है. मैं आपसे अपील करता हूं कि सभी सीटों पर कमल को वोट दें और मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं. आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से मुक्ति और युवाओं को एक मंच मुहैया कराने की व्यवस्था करना ताकि वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें.

### खरगे बोले- अमेठी के लिए इंतजार कीजिए

## कांग्रेस बहती नदी, किसी के जाने से फर्क नहीं पड़ता



**गुवाहाटी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नाम कुछ दिन में घोषित हो जाएंगे. दावा किया कि भाजपा कहती है कि भ्रष्टाचारियों को जेल में डालना चाहिए, लेकिन जब भ्रष्टाचार के आरोपी नेता भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें गोद में बिठाया जाता है, सांसद या विधायक बना देते हैं. असम के सीएम हिमंता विश्व शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस उन लोगों से प्रभावित नहीं, जो पार्टी में बड़े हुए और छोड़कर चले गए. कांग्रेस बहती नदी है, कुछ लोगों के जाने से असर नहीं पड़ता. खरगे से जब पूछा गया कि भाजपा अमेठी के बजाय वायनाड से चुनाव लड़ने के लिए राहुल की आलोचना कर रही है तो उन्होंने कहा, जो क्षेत्र बदलने के लिए कांग्रेस पर सवाल उठा रहे हैं, वे मुझे बताएं कि अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी ने कितनी बार अपनी सीट बदली थीं.

### अखिलेश बोले- अभी तो वोटर नहीं मिल रहे

## भाजपा को अगले चरणों में बूथ एजेंट भी नहीं मिलेंगे



**लखनऊ।** विपक्षी दलों के समूह इंडिया के यूपी में प्रमुख घटक सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण में भाजपा को मतदाता नहीं मिले और अगले चरणों में उसे बूथ एजेंट तक नहीं मिलेंगे. सपा प्रमुख ने शुक्रवार को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद एक बूथ एजेंट से बातचीत की एक समाचार चैनल की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की. उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा के नेताओं के 10 साल लगातार झूठ पर झूठ बोलने के बाद आज भाजपा का जो बुरा हाल हो रहा है, उस सच को बोलने की हिम्मत भाजपा का एक बूथ एजेंट कर रहा है. यह बूथ एजेंट कह रहा है कि इनके (भाजपा के) पक्ष में मतदान नहीं होने का कारण भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष है जिसकी वजह महंगाई - बेरोजगारी जैसे असल मुद्दे हैं.

### प्रियंका गांधी बोलीं-मोदी ने नैतिकता छोड़ दी

## अंकल जी का सीना 56 इंच का नहीं, हमारा लोहे का है



**धरमपुर (गुजरात)।** प्रियंका गांधी ने वलसाड की रैली में पीएम मोदी के हाल ही में दिए बयानों को लेकर निशाना साधा. दो टूक कहा- देश के पीएम पद की गंभीरता को आधार बनाकर आपसे बकवास बातें कर रहे हैं. मोदी को अंकल भी कहा, बोलीं- हर जगह एक अंकलजी ऐसे होते हैं, जो दरबार लगाकर ज्ञान देते हैं. ऐसे ही अंकलजी किसी दिन कहने लगे कि सावधान हो जाओ, कांग्रेस आएगी तो आपके गहने-मंगलसूत्र चुरा लेगी और किसी और को दे देगी. तो ये सुनकर आप क्या करते, हंसते न. इन्होंने कितनी गाली दी हमारे परिवार को. हमें परवाह नहीं. किसी को नहीं छोड़ा. मां को नहीं छोड़ा, पिता को नहीं छोड़ा, दादी को नहीं छोड़ा, दादा को नहीं छोड़ा, परदादा को नहीं छोड़ा, भाई को नहीं छोड़ा, कोई बात नहीं, करते रहें. 56 इंच का इनका सीना नहीं, लोहे के सीने हैं हमारे. देश से ऐसा झूठ बोलना, इस स्तर पर शर्मनाक है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### अगले हफ्ते झारखंड आ सकते हैं पीएम मोदी

**रांची।** भाजपा के स्टार प्रचारक पीएम नरेंद्र मोदी मई के पहले सप्ताह में झारखंड आ सकते हैं. पीएम यहां चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. हालांकि अबतक उनका कार्यक्रम फाइनल नहीं है, लेकिन पीएम के संभावित दौरे को लेकर भाजपा तैयारियों में जुटी है. झारखंड में चौथे चरण में 13 मई को सिंहभूम सीट पर वोट होना है. भाजपा ने सिंहभूम से गीता कोड़ा को चुनाव में उतारा है. मोदी यहां गीता कोड़ा को जीताने के लिए जोर लगाएंगे.

#### ममता हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त से गिरीं, चोटिल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का शनिवार को पश्चिम बर्द्धमान जिले के दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ीं. ममता के साथ मौजूद अधिकारी ने बताया, सीएम का हेलीकॉप्टर में बैठते वक्त संतुलन बिगड़ गया जिससे वह गिर गयीं. वह ठीक हैं.

#### वकील उज्ज्वल निकम बने भाजपा प्रत्याशी

**मुंबई।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन की जगह चर्चित वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार बनाया है. निकम मुंबई आतंकी हमले के मामले में सरकारी वकील थे. निकम 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोटों और 26/11 हमलों के बाद पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब के केस जैसे कई मामलों में विशेष लोक अभियोजक रहे हैं. कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को उम्मीदवार बनाया है.

#### मणिपुर में फिर उग्रवादी हमला, दो जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर में सुरक्षा बलों के शिविर पर बीती देर रात उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गये. दो अन्य जवान घायल हैं. पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बना कर अंधाधुंध गोलीबारी की, बम भी फेंके. एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा. मृतकों की पहचान उप-निरीक्षक एन सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है.

#### पूर्व सांसद धनंजय को मिली कोर्ट से जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और फिरौती के एक मामले में मिली सजा पर रोक लगाने से शनिवार को इनकार कर दिया. इस वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे. हालांकि अदालत ने उनकी जमानत मंजूर कर ली है.

# बहुत कुछ कहते हैं ये आंकड़े

सुरजीत सिंह

**लोकसभा चुनाव-2024 के दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है. लगभग एक तिहाई सीटों पर. पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर. वर्ष 1999 के चुनाव के बाद यह पहला मौका है, जब मतदान कम हुए हैं. इसे लेकर दोनों तरफ से बयान दिए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों में दावा किया था कि पहले चरण के चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की हार तय हो गई है, वहीं राहुल गांधी ने बयान दिया कि मोदी हार रहे हैं और जल्द ही वह भावुक होकर रोने वाले हैं. दूसरे दलों के नेताओं ने भी कई तरह के बयान दिए हैं. कौन हारेगा- कौन जीतेगा. एनडीए सत्ता में वापसी करेगी या इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी. किनके वोट कम हुए, किनके वोट सलामत रहे, यह सब जानना अभी बाकी है. यह तो मतगणना के बाद ही 4 जून को पता चलेगा, लेकिन जो आंकड़े सामने आए हैं, वह बहुत कुछ इशारा कर रहा है.**

- उत्तर पूर्वी या दक्षिण के राज्यों की तुलना में हिंदी प्रदेशों में कम मतदान का आंकड़ा ज्यादा.
- **छत्तीसगढ़ को छोड़ उन सभी राज्यों में मतदान कम, जहां भाजपा की सीटें बढ़ी थीं.**
- केरल की 20 में से 19 सीटों पर 5 से 13 प्रतिशत तक कम मतदान हुए हैं.
- एससी/एसटी की तुलना में सामान्य जाति की सीटों पर वोट का प्रतिशत ज्यादा गिरा है.
- **यूपी की तीन सीटें मथुरा, मुजफ्फरनगर व बागपत इलाका जाटों का गढ़, यहां वोटिंग बहुत कम हुई है.**

### किस सीट पर कितना कम

| | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| एससी | -3.8% | -3.5% |
| एसटी | -2.7% | -2.9% |
| जेनरल | -3.8% | -4.8% |

### चिंता सबके लिए

पहले चरण में हिंदी भाषी राज्यों और उन सीटों पर कम मतदान हुए थे, जहां भाजपा और एनडीए का दबदबा है. भाजपा का ही ज्यादा सीटों पर कब्जा है. इसलिए पहले चरण में कम मतदान भाजपा के लिए चिंता का विषय है. लेकिन दूसरे चरण में केरल में हुए कम मतदान की वजह से कांग्रेस व लेफ्ट पार्टी को चिंतित होने की जरूरत हैं. क्योंकि दूसरे चरण में एनडीए की कब्जे वाली सीटों पर चार प्रतिशत कम मतदान हुए, जबकि इंडिया के कब्जे वाली सीटों पर छह प्रतिशत कम मतदान हुए हैं. हालांकि इसकी वजह केरल के 20 में से 19 सीटों पर मतदान का कम होना बताया जा रहा है. -शेष पेज 7 पर

### किस चरण में कितना कम मतदान

**2019**
पहला चरण 69.9%
दूसरा चरण 70.0%



**2024**
पहला चरण 66.1%
दूसरा चरण 65.4%



### किनकी सीट पर कितनी कम वोटिंग

| गठबंधन/पार्टी | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| एनडीए की सीटें | -5.1% | -4.0% |
| इंडिया की सीटें | -2.4% | -6.4% |
| अन्य की सीटें | -5.1% | उपलब्ध नहीं |



### कहां कितना कम वोट

| | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| हिंदी राज्यों में | -5.7% | -5.6 |
| उत्तर-पूर्वी भारत में | -3.4% | -4.9% |
| दक्षिण, पश्चिम में | -2.4% | -3.6% |

### पहला चरण

| राज्य | 2019 | 2024 | बदलाव |
|---|---|---|---|
| नगालैंड | 82.9 | 56.9 | -26.0% |
| मणिपुर | 82.5 | 72.2 | -10.4% |
| अरुणाचल प्रदेश | 81.1 | 72.7 | -8.4 % |
| मध्य प्रदेश | 75.0 | 67.8 | -7.3 % |
| राजस्थान | 63.9 | 57.7 | -6.3% |
| मिजोरम | 63.0 | 56.9 | -6.1% |
| उत्तर प्रदेश | 66.6 | 61.4 | -5.2% |
| उत्तराखंड | 61.6 | 56.5 | -5.2% |
| बिहार | 53.5 | 49.1 | -3.8% |
| तमिलनाडु | 72.9 | 69.5 | -2.0% |
| पश्चिम बंगाल | 84.8 | 81.9 | -2.8% |
| पुडुचेरी | 81.2 | 78.9 | -2.8% |
| जम्मू कश्मीर | 70.0 | 68.3 | -1.7% |
| लक्षद्वीप | 85.2 | 83.9 | -1.3% |
| अंडमान-निकोबार | 65.1 | 64.0 | -1.1% |
| सिक्किम | 81.0 | 80.2 | -0.8% |
| त्रिपुरा | 81.9 | 81.5 | -0.4% |
| महाराष्ट्र | 64.0 | 63.7 | -0.3% |
| असम | 78.4 | 78.3 | -0.1% |
| छत्तीसगढ़ | 66.2 | 68.3 | 2.1% |
| मेघालय | 71.4 | 74.5 | 3.1% |

### दूसरा चरण (आंकड़े अनुमानित)

| राज्य | 2019 | 2024 | बदलाव |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 68.0 | 58.3 | -9.7% |
| केरल | 77.8 | 70.2 | -7.6% |
| उत्तर प्रदेश | 62.1 | 54.9 | -7.3% |
| पश्चिम बंगाल | 80.6 | 73.8 | -6.8% |
| मणिपुर | 83.9 | 78.8 | -5.1% |
| बिहार | 62.9 | 57.8 | -5.1% |
| राजस्थान | 68.4 | 64.1 | -4.3% |
| असम | 81.2 | 77.4 | -3.9% |
| महाराष्ट्र | 62.8 | 59.6 | -3.2% |
| त्रिपुरा | 82.8 | 79.7 | -3.1% |
| कर्नाटक | 68.9 | 68.5 | -0.4% |
| छत्तीगढ़ | 75.1 | 75.2 | 0.1% |
| जम्मू कश्मीर | 72.2 | 72.3 | 0.1% |

### कितनी सीटों पर कम मतदान

| चरण | कुल सीट | कम मतदान | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पहला चरण | 102 | 91 | 89.2% |
| दूसरा चरण | 88 | 74 | 84.1% |

### 5% से अधिक कम मतदान

| चरण | कुल सीट | 5% से अधिक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| पहला चरण | 102 | 26 | 25% |
| दूसरा चरण | 88 | 49 | 57% |

#### किस राज्य की कितनी सीट पर 5% से अधिक कम वोटिंग

| राज्य | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| राजस्थान | 11 | 07 |
| उत्तर प्रदेश | 03 | 08 |
| मध्य प्रदेश | 03 | 06 |
| उत्तराखंड | 02 | .... |
| केरल | .... | 18 |

### किसे, कहां, कितना नुकसान

पहले चरण की 102 में से 91 और दूसरे चरण के 88 में से 74 सीटों पर कम वोट हुए. इससे यह पता चलता है कि पहले चरण के मुकाबले दूसरे चरण में स्थिति ठीक हुई है. लेकिन अगर आंकड़े के भीतर देखते हैं, तो पाते हैं कि दूसरे चरण में स्थिति ज्यादा गंभीर हुई है. पहले चरण की 102 में से 26 सीटों पर कम वोट होने का प्रतिशत 5%से ज्यादा था, जबकि दूसरे चरण के 88 में से 49 सीटों पर कम मतदान होने का प्रतिशत 5%से ज्यादा रहा. यह बताता है कि दूसरे चरण में कम वोट होने का नुकसान जिसको भी होगा, वह पहले चरण से ज्यादा होगा. केरल, यूपी, राजस्थान, एमपी में सबसे अधिक सीटों पर कम वोट हुआ है.

## जेल में ही रहेंगे हेमंत, ईडी कोर्ट ने नहीं दी अंतरिम बेल



- **पूर्व सीएम ने अपने ताऊ की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए मांगी थी 13 दिन की अंतरिम बेल**

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने अंतरिम बेल देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत अपने ताऊ की अंत्येष्टि में शामिल नहीं हो पाएंगे. दरअसल शनिवार को उन्होंने कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह आग्रह किया था कि उन्हें अपने ताऊजी के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाए. इसके साथ ही कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम बेल भी मांगी थी. जिसपर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया.

हेमंत के वकील ने कोर्ट को बताया था कि उनके पिता शिबू सोरेन के बड़े भाई का निधन हो गया, और वे उनके श्राद्ध तक अंतरिम जमानत चाहते हैं, जिसका विरोध ईडी ने किया. सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया. इससे पहले शनिवार को हेमंत के पिता के बड़े भाई राजाराम सोरेन का निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थे. वह रांची में रहते थे. उनका अंतिम संस्कार संभवतः रामगढ़ जिला स्थित उनके पैतृक गांव नेमरा में होगा.

**पहले भी जमानत याचिका लगा चुके हैं सोरेन :** हेमंत ने इससे पहले 16 अप्रैल को पीएमएलए की विशेष कोर्ट के सामने जमानत याचिका दायर की थी. जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित थी. इस पर जवाब देने के लिए कोर्ट ने ईडी को एक सप्ताह का समय दिया था. इसके बाद 23 को जब सुनवाई हुई, तो ईडी ने जवाब के लिए दो और सप्ताह का समय मांगा. जिसका विरोध सोरेन के वकीलों ने किया और दावा किया कि ईडी जानबूझ कर देरी कराना चाहती है, ताकि पूर्व सीएम जेल से बाहर आकर चुनाव प्रचार न कर सकें. इसके बाद भी कोर्ट ने ईडी को एक सप्ताह का समय और दे दिया. अब इस मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी.

#### हाईकोर्ट द्वारा फैसला ना सुनाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट गए

हेमंत ने 24 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए बताया कि ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली उनकी याचिका पर हाई कोर्ट फैसला नहीं सुना रहा है. सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया कि हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं सुनाया गया है. जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत की याचिका को सूचीबद्ध करते हुए 29 अप्रैल की तारीख सुनवाई के लिए मुकर्रर कर दी है.

## गर्मी में श्रमिकों के लिए काम के घंटे का हो पुनर्निर्धारण

**रांची।** बढ़ती गर्मी परेशानी का सबब बन गई है. इसे देखते श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य को भी दिशा-निर्देश भेज कर उसे लागू करने को कहा है. उप श्रमायुक्त कार्यालय, श्रम भवन ने सभी जिलों को शनिवार को श्रमिकों के मामले में जरूरी बिंदुओं का ध्यान रखने को कहा है. जिले में सभी प्रतिष्ठानों से भी कहा गया है कि वे कामगारों के काम के घंटे या समय को पुनर्निर्धारित करें. कार्यस्थल पर पानी की व्यवस्था, आराम के लिए छाया, प्राथमिक चिकित्सा किट, ओआरएस वगैरह हो. एंबुलेंस हो. लू से बचाव के लिए विश्राम व छुट्टी का समय बढ़ाया जाए. लू पीड़ित कामगार को स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं. गर्भवती और बीमार श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाए.

## गढ़वा में फंदे से लटकता मिला बीडीओ का शव

संवाददाता। गढ़वा



जिले के विशुनपुरा के प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का शव शनिवार की दोपहर उनके आवास पर फंदे से झूलता पाया गया. शनिवार सुबह से ही उनके आवास का दरवाजा बंद था. जब ब्लॉक स्टाफ दोपहर तीन बजे किसी कागजात पर उनसे हस्ताक्षर कराने पहुंचा, तो दरवाजा बंद था. कर्मी ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी. पुलिस ने खिड़की से झांक कर देखा, तो उनका शव रस्सी के फंदे से झूल रहा था. वरीय अधिकारियों के पहुंचने एवं परिजनों की सहमति के बाद डेड बॉडी को फंदे से उतारा जाएगा. बीडीओ ने आत्महत्या क्यों की, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. प्रखंड के बड़े पदाधिकारी का सुसाइड कर लेना चिंता का विषय है. गढ़वा के एसपी दीपक पांडेय ने घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि हत्या एवं आत्महत्या के एंगल पर जांच की जाएगी.

मृतक बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा सिमडेगा निवासी थे. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवास वाली गली में उनका घर है. फिलहाल घर में कोई नहीं था. सभी भाई-बहन बाहर रहते हैं. बड़ा भाई इंजीनियर है, जो दिल्ली से रांची के लिए निकल गया है. बहन शोभा गढ़वा के लिए रांची से निकली. बताया जाता है कि इनका पूरा परिवार शिक्षित है. पिता संतोष केरकेट्टा प्रोफेसर थे और मां आनंदी टेटे टीचर. अब दोनों स्वर्गीय हो चुके हैं.

**रिपोर्ट** देश में हैं 22.28% उच्च जाति के हिंदू, इनके पास कुल 41% संपत्ति

## हिंदू-मुस्लिम या एससी-एसटी और ओबीसी... कौन है अमीर?

शुभम संदेश नेटवर्क। नयी दिल्ली

भारत में जब आर्थिक विषमता की बात होती है, तो सबसे पहले शहरी और ग्रामीण, स्त्री और पुरुष का जिक्र आता है, लेकिन 2019 की एक रिपोर्ट की मानें तो धार्मिक और जाति के आधार पर भी आर्थिक विषमता बड़े पैमाने पर नजर आती है. वेल्थ ऑनरशिप एंड इनएक्वैलिटी इन इंडियाः ए सोशियो-रिलिजियस एनालिसिस रिपोर्ट के अनुसार देश की कुल संपत्ति में 41 फीसदी हिस्सा उच्च जाति के हिंदुओं के पास है. रिपोर्ट का कहना है कि हिंदू धर्म के उच्च जाति के लोगों के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है. उसके बाद पिछड़ा वर्ग, फिर अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और मुस्लिम हैं. इतना ही नहीं क्षेत्रीय तौर पर भी असमानता देखी गई है. सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी और जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और इंडियन इंसटीट्यूट ऑफ दलित स्टडीज ने साल 2015 से 2017 के बीच स्टडी कर यह रिपोर्ट तैयार की थी. यह रिपोर्ट विभिन्न राज्यों के 1.10 लाख परिवारों के एनएसएसओ डेटा पर आधारित है. -शेष पेज 7 पर

- **सबसे अमीर राज्य :** महाराष्ट्र, यूपी, हरियाणा, केरल और तमिलनाडु
- **सबसे गरीब राज्य :** झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल और एमपी



### किस राज्य में सबसे ज्यादा संपत्ति

धर्म और जातीय असमानता के साथ संपत्ति में क्षेत्रीय असमानता भी देखी गई है. देश के सिर्फ 5 राज्यों में 50% संपत्ति और सात राज्यों के सिर्फ 20% परिवारों का देश की 70% संपत्ति में हिस्सा है. राज्यवार सबसे अमीर राज्य महाराष्ट्र, यूपी, केरल, तमिलनाडु और हरियाणा हैं. महाराष्ट्र में 17.5%, यूपी में 11.6% केरल में 7.4%, तमिलनाडु में 7.2% और हरियाणा में कुल संपत्ति का 6% हिस्सा है. सबसे गरीब और कम संपत्ति वाले राज्यों में झारखंड, बिहार, ओडिशा और उत्तराखंड हैं, जहां 0.9 से 1 फीसदी संपत्ति है.

### किसके पास कितनी दौलत (अरब रुपए में)

| | सोशल ग्रुप | ग्रामीण | शहर | कुल% |
|---|---|---|---|---|
| अनुसूचित जाति | 9,544 | 3,724 | 13, 268 | 7.3 |
| अनुसूचित जनजाति | 16,163 | 9,971 | 26,134 | 3.7 |
| हिंदू ओबीसी | 62, 952 | 47, 568 | 1,10,520 | 31 |
| उच्च हिंदू जाति | 42,338 | 1, 04, 057 | 1, 46,394 | 41 |
| मुस्लिम समुदाय | 14, 379 | 14, 329 | 28,707 | 08 |
| बाकी समुदाय | 15, 224 | 18,105 | 33,329 | 09 |
| कुल योग | 1,60,600 | 1,97,753 | 3,58,354 | 100 |

### 1% अमीरों का संपत्ति में सबसे ज्यादा हिस्सा

पेरिस स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब के थॉमस पिकेटी, हार्वर्ड कैनेडी स्कूल एवं वर्ल्ड इनक्वलिटी लैब के लुकास और वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब के नितिन कुमार ने एक रिपोर्ट में बताया कि 2022-23 में सबसे ज्यादा अमीर एक% आबादी के पास देश की सबसे ज्यादा संपत्ति है. उनकी आय बढ़ कर 22.26% और संपत्ति में 40.1% हो गई है. फोर्ब्स के अरबपतियों की लिस्ट से पता चलता है कि 1991 में एक अरब डॉलर से ज्यादा संपत्ति रखने वाला सिर्फ एक भारतीय था और 2022 में इनकी संख्या 162 से अधिक हो गई है.

### प्लॉटों की नीलामी बहुत धीमी गति, चौथे चरण में तीन इंस्टीट्यूशनल, एक पब्लिक/सेमी पब्लिक और एक मिक्स यूज की जमीन की नीलामी

# तीन साल में रांची स्मार्ट सिटी के 51 में से सिर्फ 16 प्लॉटों की हो सकी है नीलामी

सत्य शरण मिश्रा। रांची

रांची स्मार्ट सिटी के प्लॉटों की नीलामी बहुत धीमी गति से हो रही है. तीन साल में चार बार ई-ऑक्शन होने के बाद 51 में से सिर्फ 16 प्लॉट ही नीलाम हो पाये हैं. तीन चरण में कुल 11 प्लॉट नीलाम हुए थे, जबकि चौथे चरण में सिर्फ पांच प्लॉटों का ही ई-ऑक्शन हुआ. इसमें इंस्टीट्यूशनल यूज के तीन, पब्लिक व सेमी पब्लिक यूज के एक और मिक्स यूज के एक प्लॉट नीलाम हुए हैं. जानकारी के मुताबिक, इक्फाई यूनिवर्सिटी स्मार्ट सिटी में टेक्निकल कॉलेज खोलने जा रहा है. इसके लिए उसे 10 एकड़ जमीन मिली है. वहीं, राइट पाथ फाउंडेशन जेवी को मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए आठ एकड़, वेंचर स्कील इंस्टीट्यूट को पांच एकड़ जमीन दी गयी है. इसके अलावा अनंता रियलिटी को मिक्स यूज की तीन एकड़ जमीन आवंटित की गयी है.

**इक्फाई यूनिवर्सिटी को टेक्निकल कॉलेज के लिए 10 एकड़ जमीन आवंटित**

**राइट पाथ फाउंडेशन जेबी को मेडिकल कॉलेज के लिए 8 एकड़ जमीन मिली**



### रेसिडेंशियल यूज के छह में से चार प्लॉटों की रजिस्ट्री हो पायी है

रांची स्मार्ट सिटी में जमीन की नीलामी मार्च 2021 से शुरू हुई थी. पहले चरण में नौ प्लॉटों की नीलामी हुई थी. इसके बाद 2023 तक दूसरे और तीसरे चरण की नीलामी हुई. निवेशकों के नहीं आने के कारण दोनों बार के ई-ऑक्शन में सिर्फ एक-एक प्लॉट ही नीलाम हुए. यानी तीन चरणों में कुल 11 प्लॉट नीलाम हुए, लेकिन तकनीकी कारणों से ढाई साल तक किसी भी प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं हो सकी. 2023 में पहले और दूसरे फेज में नीलाम हुए 11 प्लॉटों की रजिस्ट्री शुरू हुई, लेकिन रेसिडेंशियल यूज के छह में से चार प्लॉटों की ही रजिस्ट्री हो पायी है. कारोबारी विष्णु अग्रवाल को आवंटित की गई दोनों रेसिडेंशियल यूज के प्लॉटों की रजिस्ट्री बैंक गारंटी के कागजात जमा नहीं होने के कारण नहीं हो पायी है.

### रजिस्ट्री के बाद भी निवेशक नहीं शुरू कर पाये हैं काम

जिन निवेशकों की जमीन की रजिस्ट्री हो चुकी है, उनके भी प्लॉट पर अबतक काम नहीं शुरू हो सका है. स्मार्ट सिटी ने पहले फेज में जमीन लेने वाले निवेशकों से निर्माण के लिए नक्शा मांगा है. निवेशकों ने नक्शा जमा कर दिया है, लेकिन अबतक उसे स्वीकृति नहीं मिली है. नक्शा को अप्रूवल मिलने के बाद ही निवेशक काम शुरू कर सकेंगे. वहीं स्मार्ट सिटी में इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है. सड़क, बिजली, पानी, पार्किंग समेत सभी सुविधाएं तैयार हैं. मंत्रियों के 11 बंगले भी बन कर तैयार हैं.

**पहले चरण में नीलाम हुए विष्णु अग्रवाल के दो प्लॉटों की रजिस्ट्री अबतक नहीं**

## ब्रीफ खबरें

### खूंटी व लोहरदगा में राहुल की रैली तीन को

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इसे लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया. इस दौरान गुमला के बसिया में राहुल की जनसभा को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को अहम निर्देश दिये. स्थल निरीक्षण के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने कहा कि रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा.

### सात मई को नामांकन करेंगे लोबिन हेंब्रम

**रांची।** लोस चुनाव को लेकर झामुमो में बागी तेवर के नेता और बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम अब भी अपनी बातों पर कायम है. उन्होंने राजमहल लोस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है. शुभम संदेश को विधायक हेंब्रम ने बताया कि राजमहल लोस सीट के लिए वे सात मई को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं. लोबिन हेंब्रम वैसे तो काफी पहले से अपनी पार्टी और सरकार से नाखुश चल रहे हैं, लेकिन इस बार वे बागी तेवर अपनाए हुए हैं. लोबिन ने राजमहल संसदीय सीट से तीसरी बार विजय को उम्मीदवार बनाए जाने का विरोध किया है.

### सिविल कोर्ट के जज विजय कुमार निलंबित

**रांची।** सरायकेला सिविल कोर्ट के प्रधान जिला जज विजय कुमार (3) को हाईकोर्ट ने निलंबित कर दिया है. हाईकोर्ट में अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उन्हें निलंबित किया है. हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर के अनुसार, निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय हाईकोर्ट रहेगा.

### रघुवर काल में बना था लैंड बैंक, कांग्रेस ने मुक्ति दिलाने का किया था वादा

# बीजेपी और कांग्रेस को भेदना होगा चक्रव्यूह

**वादे हैं वादों का क्या**

- राज्य में निवेश और उद्योग लाने के लिए बना था लैंड बैंक
- न निवेश हुआ, न उद्योग लगे और न ही लैंड बैंक खत्म हुआ
- लैंड बैंक में ले ली गई थी गरीबों की हजारों एकड़ जमीन

प्रवीण कुमार। रांची

राज्य में चुनावी फिजा में वैसे तो कई मुद्दे हैं, जिसे लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है. लेकिन लैंड बैंक का एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर दोनों दलों ने चुप्पी साध रखी है. राज्य में गठबंधन की सरकार ने लैंड बैंक को खत्म करने का वादा किया था. कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भी इस मसले पर निर्णय लिया गया था कि कि लैंड बैंक को खत्म करने की दिशा में पहल की जाएगी.

**▪ झारखंड में पांच जनवरी 2016 को लैंड बैंक बनाने की शुरुआत की गयी थी**

कांग्रेस ने वर्ष 2021 में विधायक दल की बैठक में पिछड़ों को 27% आरक्षण, विस्थापन आयोग का गठन करने, नयी नियोजन नीति में सुधार कर इसे दुरुस्त करने, लैंड बैंक की भूमि वापसी जैसे कई मुद्दों पर निर्णय लिया था. ये मुद्दे राज्य के आदिवासी मूलवासियों के लिए काफी अहम मुद्दे रहे हैं. बता दें कि रघुवर दास की सरकार ने लैंड बैंक बनाने का फैसला किया था. झारखंड में पांच जनवरी 2016 को लैंड बैंक बनाने की शुरुआत की गयी थी.

इस बैंक के माध्यम से राज्य में निवेश करनेवाले निवेशकों को जमीन देना मकसद था. लैंड बैंक में 861013.19 एकड़ जमीन को शामिल किया गया था. दावा किया गया था कि पूंजी निवेश के आमंत्रण की राह इससे आसान होगी. लेकिन आज तक न तो कोई निवेश हुआ और न ही उद्योग लगे.

### लैंड बैंक बनने के साथ ही शुरू हो गया था विरोध

लैंड बैंक के बनने के साथ ही आदिवासी समूहों ने इसका विरोध करना शुरू किया था. लैंड बैंक में तत्कालीन रघुवर सरकार ने गैर-मजरूआ आम और खास जमीन को शामिल किया था, जिस पर ग्रामीणों का लंबे समय से कब्जा है. ग्रामीण अपनी आजीविका के लिए खेती करते आ रहे हैं. परती, सरना, चर्च, मंदिर, भूतखेता, डाली कतारी और गांव का रास्ता भी लैंड बैंक में शामिल किया गया था. ग्रामीणों को यह लगा कि सरकार उनकी जमीन, चर्च, मंदिर, रास्ता खत्म करना चाहती है. खूंटी में पत्थलगड़ी आंदोलन के पीछे जो कारण रहा, उसमें लैंड बैंक का विरोध भी एक था. खूंटी जिले के दर्जनों गांवों में काला झंडा लगा कर आदिवासियों ने लैंड बैंक का विरोध किया था. लैंड बैंक का मुद्दा हमेशा से आदिवासियों के लिए संवेदनशील रहा है.



जून 2019 में खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड अंतर्गत परखा गांव में जमीन देने के विरोध में गाड़ा गया बोर्ड.

### लैंड बैंक की जमीन जल्द मुक्त करेगी सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर लैंड बैंक को लेकर कहते हैं कि हमारी सरकार संवेदनशील है. किसी को भी लैंड बैंक की जमीन नहीं दी गई. सार्वजनिक और गैरमजरुआ जमीन को लैंड बैंकिंग से मुक्त करने की बात हमारी सरकार की थी. इस पर काम चल है और जल्द ही लैंड बैंक की जमीन को सरकार मुक्त करेगी.

### लैंड बैंक में शामिल जमीन

**गैरमजरुआ खास (पूरी तरह से सरकारी)- 861013 .19 एकड़**

लैंड बैंक में शामिल गैरमजरुआ खास जमीन की बात करें, तो इसमें 1-51 एकड़ के 230,700 प्लॉट हैं. इसी प्रकार 51-100 एकड़ वाले 4137 प्लॉट, 101-150 एकड़ वाले 438 प्लॉट और 200 एकड़ से अधिक वाले 372 प्लॉट शामिल हैं. सबसे ज्यादा पश्चिम सिंहभूम और गुमला की जमीन को लैंड बैक में शामिल किया गया था.

**गैरमजरुआ आम (आमलोगों की जरूरत के लिए)- 211846 .42 एकड़**

फॉरेस्ट लैंड (इसका उपयोग वनों के विकास के अलावा किसी अन्य कार्य के लिए नहीं किया जा सकता) - 998065 .42 एकड़

**विभिन्न विभागों के पास- 83068 .48 एकड़**

### झालसा के द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया

# 3250 मामलों का हुआ निष्पादन

संवाददाता। रांची

झारखंड हाइकोर्ट के जज और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद की पहल पर पूरे राज्य में चेक बाउंस एवं बिजली से संबंधित मामलों को लेकर झालसा के द्वारा विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. जिसमें कुल 24727 प्री. लिटिगेशन एवं कुल 3250 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया. साथ ही कुल 270528545 रुपये का सेटलमेंट किया गया. झालसा के द्वारा इस विशेष लोक अदालत के आयोजन की तैयारी एक माह से की जा रही थी. झालसा द्वारा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को पत्र के माध्यम से उक्त विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया था. साथ ही साथ एसओपी भी जारी किया गया था. झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने 22 अप्रैल को सभी जिलों के संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों एवं विभागों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी. एसओपी के अनुसार प्री. लोक अदालत सीटिंग 21 अप्रैल 2024 से ही प्रारंभ कर दी गयी थी.

### चेक बाउंस के 1860 एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का हुआ निष्पादन

चेक बाउंस एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित विशेष लोक अदालत का शनिवार को समापन हो गया. विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कुल 27 बेंचों का गठन किया गया था. जिसमें एन.आई एक्ट के लिए - 23 एवं विद्युत अधिनियम के लिए - 4 बेंचों का गठन किया गया था. ज्ञात हो कि विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 1860 वाद एवं विद्युत अधिनियम के 738 वादों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया. पूर्व में ही चेक बाउंस के लिए 6000 मामलों को चिन्हित कर नोटिस एवं विद्युत अधिनियम के 1100 मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को विभिन्न न्यायालय के माध्यम से नोटिस भेजा गया था.

### मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन

कुल 361 वादों का निष्पादन एवं 3441156 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई बता दें कि शनिवार को ही मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया. इसके लिए भी 7 बेंच का गठन किया गया था. इस मासिक लोक अदालत में कुल 361 वादों का निष्पादन किया गया, वहीं 3441156/- रुपयों वसूली की गई.

# जब्त नशीले पदार्थों को रखने के लिए अलग से बनेगा मालखाना

संवाददाता। रांची

जब्त नशीले पदार्थ को रखने के लिए अलग से मालखाना बनेगा. झारखंड के सभी जिले में मालखाना बनाया जाएगा. जिनमें रांची, जमशेदपुर, सराइकेला, गढ़वा, चतरा, धनबाद, दुमका, जामताड़ा, देवघर, साहेबगंज और गोड्डा में जब्त नशीले पदार्थ के मालखाना बनेगा. जबकि गुमला, खूंटी, लोहरदगा, कोडरमा, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, चाईबासा, बोकारो और पाकुड़ जिले में पहले से भवन का जीर्णोद्वार कर मालखाना बनाया जाएगा.

### नशा कारोबारी खिलाफ बढ़ायी जा रही निगरानी

नशे के कारोबारी पर निगरानी बढ़ायी जा रही है. इसके तहत नौ जिलों की पुलिस ने मिलकर 205 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर तैयार किया है. चतरा जिला की पुलिस ने सबसे अधिक 177 नशे के सौदागरों के खिलाफ डोसियर खोला है. संबंधित जिलों के एसपी ने इससे संबंधित आंकड़ा तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया है. दूसरी ओर 29 नशे के सौदागरों के खिलाफ पिट अधिनियम के तहत जिलाबदर की कार्रवाई के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया गया है.

### एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक मामले हुए दर्ज

पिछले पांच साल के दौरान झारखंड सात जिले के 15 थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं. जिनमें चतरा जिला के सदर थाना में 118, कुंदा थाना में 84, लावालौंग थाना में 73, गुमला जिला के गुमला थाना में 71, खूंटी जिले के मरांगदाहा थाना में 62, सराइकेला जिले के आदित्यपुर थाना में 61, चतरा जिले के वशिष्ठनगर थाना में 61, खूंटी के अड़की में 47, जमशेदपुर के मानगो में 47, सीतारामडेरा में 46, खूंटी के मुरहू में 42, रांची के सुखदेवनगर में 42, चतरा के प्रतापपुर में 41 और हजारीबाग में 36 मामले दर्ज हुए हैं.

# मीशो का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**सीआईडी को मिली सफलता**

संवाददाता। रांची

मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है. सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया है. इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम, तीन पासबुक समेत कई अन्य सामान बरामद हुआ है. इन साइबर अपराधियों द्वारा वादी से मीशो एप का कस्टमर केयर बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर





2.06 लाख रूपया की ठगी कर ली गई थी. जिसके बाद साइबर थाना में इससे संबंधित मामला दर्ज कराया गया था.

**जानें कैसे करते थे साइबर अपराधी ठगी :** गिरफ्तार साइबर अपराधियों द्वारा वेबसाइट पेज बनाने वाले वेबसाइट सर्विस जैसे wix.com. hopp.bio, Link Forest, Google Firebase, Campsite bio का प्रयोग कर कस्टमर केयर कंप्लेन के नाम पर वेब पेज बनाते थे, जिसमें वह अपना फर्जी नम्बर डाल देते हैं. इसके बाद इन वेब पेज को गूगल ऐड के माध्यम से गूगल में डाल देते थे. जिसके बाद लोगों को झांसे में लेकर ठगी की घटना को अंजाम देते थे.

# एक महीने भी कांग्रेस में नहीं टिके रामहटल, दिया इस्तीफा

प्रमुख संवाददाता। रांची

पूर्व सांसद रामहटल चौधरी एक महीने भी कांग्रेस में नहीं टिक पाये. 28 मार्च को वे कांग्रेस में शामिल हुए थे और टिकट नहीं मिलने के कारण जल्द ही उनका कांग्रेस से मोहभंग हो गया और उन्होंने इस्तीफा दे दिया. शनिवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की. रामहटल ने कहा कि वे झोला-झंडा ढोने कांग्रेस में नहीं आये थे. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाने का भरोसा दिलाया था, लेकिन कई दिनों तक रांची लोकसभा सीट को होल्ड रखने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दे दिया गया.

**▪ कांग्रेसियों ने टिकट का भरोसा देकर पार्टी में शामिल कराया था**

**▪ झोला-झंडा ढोने कांग्रेस में नहीं आये थे, जल्द ही लेंगे फैसला**



### भाजपा-कांग्रेस ने मूलवासियों को ठगा

राहमटल चौधरी भाजपा पर भी बरसे. कहा, पिछले पांच साल से भाजपा के किसी नेता ने उनसे बात नहीं की और न ही वे आगे भाजपा में जायेंगे. वह निर्दलीय अपनी ताकत दिखा कर भाजपा में शामिल हुए थे. चौधरी ने कहा उन्होंने जनसंघ और भाजपा को अपना सबकुछ दिया, उनसे कभी कुछ लिया नहीं. कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने राज्य के सदान, मूलवासी, ओबीसी और आदिवासी समाज को ठगा है. यही वजह है कि चुनाव को लेकर राज्य में उत्साह का माहौल नहीं दिख रहा है.

### आगे की रणनीति पर समर्थकों से बात करेंगे

रामहटल ने कहा कि कांग्रेस के नेता ओबीसी और जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी की बात करते हैं, लेकिन ये सिर्फ बातें हैं. चौधरी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिए किसी से संपर्क नहीं किया था, बल्कि उनके नेताओं ने उनसे संपर्क किया था. कांग्रेस छोड़ने का बाद उनकी आगे की रणनीति क्या होगी? इसपर उन्होंने कहा कि इस बात का फैसला वे अपने समर्थकों से बातचीत कर जल्द लेंगे.

### नीतीश कुमार से चल रही थी बात

रामटहल ने कहा कि कुछ महीने पहले जब वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले थे, तब वे इंडिया गठबंधन के साथ थे. वह चाहते थे कि मैं जदयू में शामिल हो जाऊं. चौधरी ने कहा कि तब उन्होंने नीतीश कुमार से कहा था कि जदयू तो रांची से चुनाव लड़ता नहीं है, तब कैसे होगा. इसी बीच कांग्रेस के लोगों ने उनसे संपर्क शुरू किया और उनके टिकट देने का भरोसा देकर पार्टी ज्वाइन कराई.

## डॉक्टर की सलाह

### फैटी लीवर से डरें नहीं परहेज करें, ठीक हो जाएगा

# बाजार में लीवर को डीटॉक्स करने वाले प्रोडक्ट फर्जीः डॉ. अनुज कुमार

संवाददाता। रांची

हम जिनसे भी बात करें, एक-दो परिचित ऐसे जरूर मिल जाएंगे, जिन्हें फैटी लीवर की शिकायत है. यू कहें आज के दौर में इस बीमारी के नाम से लोगों को सबसे अधिक डराया जा रहा है. क्या लीवर का फैटी होना सच में बड़ी बीमारी है. क्या एक बार लीवर फैटी हो गया तो वह ठीक नहीं होगा. इस तरह के कई सवाल हैं, जिनके जवाब लोग जानना चाहते हैं. लेकिन आसान भाषा में कोई बताने को तैयार नहीं. इस बीमारी के बारे में जानने के लिए हमने डॉ. अनुज कुमार से बात की. उन्होंने विस्तार से इस बीमारी के बारे में जानकारी दी. डॉ अनुज बताते



हैं, बाजार में आप जितने भी प्रोडक्ट देखते हैं, जो लीवर को डीटॉक्स करने का दावा करती है वो सारी फर्जी है. क्योंकि लीवर को डीटॉक्स सिर्फ़ लीवर ही कर सकता है और वो भी आपके स्वस्थ खानपान और शारीरिक व्यायाम की मदद से. इसलिए बाजार में बिक रहे ऐसे फर्जी प्रोडक्ट से कोई फायदा नहीं होने वाला.

### लीवर क्या है

लीवर आपके शरीर के दायें भाग में रहता है और इसका मुख्य काम पाचन कार्य में मदद करना और शरीर से टॉक्सिन्स को हटाना है. लीवर ही आपके शरीर को डीटॉक्स करता है. जब किसी व्यक्ति के शरीर में फैट की मात्रा बढ़ जाता है तो वो उस व्यक्ति के लीवर में जमा होने लगता है. एक सीमा से अधिक जमा होने पर लीवर फैटी हो जाता है. तब पाचन क्रिया ठीक से काम नहीं करता. अगर समय पर इसका इलाज व परहेज नहीं किया जाता है, तो फैट की वजह से लीवर के सेल्स खराब होने लगते हैं. इस स्थिति में उस व्यक्ति को एक बड़ी बीमारी हो जाती है. जिसे लीवर सिरोसिस कहा जाता है.

**लीवर फैटी होने के दो कारण :** फैटी लीवर दो तरह के होते हैं. पहली, अल्कोहलिक. यह ज्यादा शराब पीने की वजह से होता है. दूसरी, नन अल्कोहलिक. यह मोटापा, शुगर या बीपी की बीमारी, तेलीय चीजों का सेवन, अनिंद्रा, शरीर में अत्यधिक कोलेस्ट्रॉल की मात्रा और कुछ दवाइयों की वजह से होता है. दवाइयों में एलोपैथी की स्ट्रॉयज, एस्प्रिन और कुछ पेन कीलर शामिल है. कुछ आयुर्वेदिक व होमियोपैथी की दवाईयों की वजह से भी फैटी लीवर की बीमारी होती है.

### क्या है इलाज

**डॉ अनुज कुमार बताते हैं :** इलाज से पहले लीवर के बारे में यह जान लें कि यह शरीर का ऐसा अंग है जो खुद को 90 फीसदी तक ख़ुद से ठीक कर लेता. और अभी तक ऐसी कोई दवाई उपलब्ध नहीं है, जो फैटी लीवर को ठीक कर सके. कुछ दवाइयां हैं जो अभी परीक्षण के दौर में हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि फिर यह ठीक कैसे होता है. इसका जवाब यह है कि यह खुद से ठीक होता है. बीमार व्यक्ति को बस यह करना होता है कि वह लीवर को ऐसा माहौल दे कि वो खुद को ठीक कर सके. और अगर बीमार व्यक्ति एक ईमानदार कोशिश करें, तो ग्रेड-तीन तक के फैटी लीवर पूरी तरह ठीक हो सकता है.

### तीन शुरुआती लक्षण

- ग्रेड-एक, में सामान्यत: कोई लक्षण नहीं होते, रुटीन चेकअप में यह पकड़ में आ जाता है.
- ग्रेड-दो, अपच, गैस की समस्या, भूख कम लगना, कमज़ोरी इत्यादि होती है.
- ग्रेड-तीन, पेट दर्द, वजन का कम हो जाना, जॉन्डिस जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं.

### फैटी लीवर हो, तो क्या करें

- शराब या नशे का सेवन ना करें.
- स्वस्थ्य आहार लें.
- नियमित शारीरिक व्यायाम करें.
- अपने वजन को नियंत्रण में रखें.
- अगर डायबिटिज या बीपी है, तो उसे नियंत्रण में रखें.
- बिना डॉक्टरी सलाह के किसी भी दवाई (एलोपैथिक/ आयुर्वेदिक/ होमियोपैथिक) का सेवन ना करें.

### दो दिन फिर पूछताछ करेगी अली से ईडी

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी अफसर अली की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी (ईडी) ने उसे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया. जिसके बाद कोर्ट में ईडी ने अफसर अली से पूछताछ के लिए और समय देने का आग्रह किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अफसर अली की रिमांड दो दिन बढ़ा दी है. जिससे अब ईडी और दो दिन अफसर अली से पूछताछ करेगी. इससे पहले अफसर अली से ईडी ने कोर्ट की अनुमति से 12 दिनों तक पूछताछ की थी. इस पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं. इसी केस में ईडी फर्जी डीड बनाने के मोहम्मद सद्दाम को भी गिरफ्तार कर चुकी है. एजेंसी ने उससे भी कई दिनों तक पूछताछ की है. जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रविवार 28 अप्रैल 2024 बैशाख कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 20 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

पर्यावरण संरक्षण की मुहिम

### धनबाद डीसी ने मिट्टी खनन कर अवैध भट्ठा संचालन करनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों पर गाज गिरना शुरू, खनन टास्क फोर्स सक्रिय

रणजीत कुमार सिंह/शेख नजीम

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मिट्टी, कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स को लगातार कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया है. इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने शनिवार को मिट्टी के अवैध खनन करनेवालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है.

खनन निरीक्षक ने बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

जेसीबी व मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर की शनिवार को जांच-पड़ताल की गई. इस क्रम में में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है. पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है. जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर (जेएच 10 एएन 8677), लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर (जेएच 09 पी 5657), दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई. प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध ईंटा भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है.

**24**
अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी व मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर की जांच-पड़ताल में अवैध मिट्टी खनन का खुलासा




**खबर का असर**
- बरोरा में एक जेसीबी और मिट्टी लदे दो ट्रैक्टर जब्त
- चालक व मालिक के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

### सहना में एक जनप्रतिनिधि चला रहा अवैध ईंट भट्ठा

बताते चलें कि मधुबन थाना क्षेत्र में खरखरी के बंद पड़े 17 नंबर खदान के बगल में बीसीसीएल की जमीन पर अवैध रूप से कई स्थानों पर भट्ठों का संचालन किया जा रहा है. वहीं नवागढ़ बस्ती में भी कई स्थानों पर अवैध भट्ठा बना कर ईंटों का कारोबार चरम पर है. मधुबन थाना एवं खरखरी ओपी के बीच बांसजोड़ा पंचायत अतर्गत सहना बस्ती में सालों से एक जनप्रतिनिधि द्वारा बड़े-बड़े ईंट भट्ठों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है. यहां सालों भर इन अवैध ईंटों का व्यवसाय बड़े पैमान पर किया जाता है. लगभग सभी भट्ठों में बीसीसीएल की खदानों से अवैध रूप से साइकिल एवं बिना नंबर की मोटर साइकिल से लोड कर चोरी का कोयला मंगवाया जाता है और इन भट्ठों में खपाया जाता है.

**मधुबन और खरखरी में अवैध ईंट भट्ठों की लंबी कतार**

मधुबन थाना एवं खरखरी ओपी इलाके में कई स्थानों पर सरकारी व गौचर भूमि में अवैध रूप से ईंट भट्ठा का संचालन डंके की चोट पर हो रहा है. यह ईंट भट्ठे न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं, बल्कि जमीन का सीना चीर कर मिट्टी का अवैध उत्खनन जोरशोर से हो रहा है. इलाके में ईंट भट्ठों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. अवैध ईंट भट्ठा संचालन करनेवाले लोग खरखरी, नवागढ़ बसजोड़ा, मधुबन क्षेत्र में वन भूमि एवं बीसीसीएल भूमि में जेसीबी लगातर मिट्टी की अवैध खुदाई बेखौफ होकर कर रहे हैं. इससे खरखरी जंगल का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है.

### तिरुलडीह में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, कारोबारियों में हड़कंप

# 20 लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त

संवाददाता। चांडिल

बालू के अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिला खनन विभाग एक बार फिर एक्शन मोड में आ गया है. इस कड़ी में शुक्रवार की रात जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के तिरुलडीह में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. इसमें विभाग को बड़ी सफलता भी हाथ लगी है. रातभर छापेमारी अभियान चलाने के बाद शनिवार तड़के कार्रवाई शुरू की गई. इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने तिरुलडीह में अवैध रूप से भंडारण किये गये 20 लाख सीएफटी बालू जब्त किया है. इसके साथ ही गैरकानूनी रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर जब्त किये गये हैं. तीनों ट्रैक्टर तिरुलडीह में रेलवे लाइन के किनारे सुवर्णरेखा नदी से बालू उठा रहे थे. वहीं बालू का अवैध भंडारण भी सुवर्णरेखा नदी के निकट ही किया गया था. छापेमारी अभियान में सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय से पुलिस बल और तिरुलडीह थाना की पुलिस भी मौजूद थी. खनन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है. जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि विभाग वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रखेगी.

**रेलवे लाइन किनारे सुवर्णरेखा नदी से हो जा रहा बालू का उठाव**


**सुवर्णरेखा नदी के निकट ही किया गया था बालू का अवैध भंडारण**


**अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त**

### जब्त बालू की होगी नीलामी

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि तिरुलडीह में बालू का अवैध भंडारण को जब्त कर स्थानीय थाना और अंचल को सौंप दिया गया है. आचार संहिता समाप्त होने के बाद जब्त बालू की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. उन्होंने बताया कि इसके पूर्व ईचगढ़ में जब्त किए गए दो लाख 32 हजार सीएफटी बालू की भी नीलामी की जाएगी. उसे भी सुरक्षा के लिए ईचागढ़ थाना और अंचल को सौंपा गया है. ईचागढ़ के मामले में भी अवैध भंडारण किए गए जमीन के मालिक का पता लगाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि उसके पूर्व ईचागढ़ में जब्त किये गए 10 लाख सीएफटी से अधिक बालू का भी नीलामी की जाएगी.


कार्रवाई करते विभागीय अधिकारी व कर्मी


जब्त किए गए ट्रैक्टर


जब्त बालू

### ट्रैक्टरों के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज

छापेमारी के बाद तिरुलडीह थाने में तीन ट्रैक्टरों के मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. वहीं बालू का अवैध भंडारण करने के खिलाफ अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने बताया कि इस मामले में विभाग गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करेगी. बालू का अवैध भंडारण करनेवालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं जिस जमीन पर अवैध रूप से बालू का भंडारण किया गया था, उक्त जमीन के मालिक की जांच अंचल अधिकारी से करायी जाएगी और उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### झरिया के बाउरी टोला में एक दशक से पानी की किल्लत

# 7000 की आबादी कर रही त्राहिमाम


**सिस्टम कुंद**
- पानी के लिए प्रति गैलन तीन रुपये चुकानी पड़ती है कीमत
- सार्वजनिक नलों में पानी नहीं प्राइवेट नलवाले भी परेशान


रणजीत कुमार सिंह। धनबाद

झरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग सात हजार की आबादी वाला बाउरी टोला पिछले 10 वर्षों से पानी की किल्लत से जूझ रहा है. हर वर्ष गर्मी के सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है. बावजूद इसके आज तक विभागीय अधिकारियों द्वारा बाउरी टोला की इस समस्या को दूर नहीं किया जा सका. इस कारण आज भी यहां के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए तीन रुपये प्रति गैलन पानी खरीदना पड़ता है.

इससे यहां के लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश है. वैसे तो इस टोला में जनप्रतिनिधियों के द्वारा दो-चार सार्वजनिक नल लगाये गये हैं. लेकिन इस नल से पानी कब गिरेगा, इसकी जानकारी यहां के लोगों को नहीं है. यही वजह है इस नल से पानी आने का इंतजार करने के बजाय यहां के लोग तीन रुपये प्रति गैलन पानी खरीदना ही मुनासिब समझते हैं.


चुनावी नल तो लगाये गये, पर आज तक नहीं मिला पानी





बाउरी टोला की रहने वाली रीता बावरी कहती हैं कि जीवन जीने के लिए जो सबसे अधिक जरूरी है, वह है पानी. लेकिन, यहां वही मयस्सर नहीं है. नेताओं द्वारा हर चुनाव में आश्वासन मिलता है, लेकिन पानी नहीं मिलता है. अब तो लगने लगा है कि सरकार की हर घर नल-जल योजना बावरी टोला में शायद ही पूरी हो सकेगी. रामू बाउरी और विश्वनाथ सिंह ने कहा कि आबादी के अनुसार, माडा के अधिकारियों को पाइपलाइन में भी बदलाव करना चाहिए. लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया है. इस कारण बाउरी टोला में धीरे-धीरे पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है. लोगों को प्यास बुझाने और रोजमर्रा के कार्य करने के लिये पानी खरीदना पड़ रहा है. जिनके घर में माडा का कनेक्शन है, वह भी परेशान हैं. क्योंकि उन्हें भी बिना मोटर के पानी नहीं मिलता. उन्होंने यह भी कहा कि टोला में कई जगहों पर चुनावी नल तो लगाये गये, लेकिन उसमें पानी नहीं आता.

### माडा को ध्यान देने की जरूरत : अखलाक



समाजसेवी अखलाख अहमद ने कहा कि आज यह समस्या इस टोला में है. धीरे-धीरे विभिन्न क्षेत्रों में भी होगी. माडा के अधिकारियों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए उचित कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि सरकार की हर घर जल नल योजना धरातल पर दिखे और लोगों को पानी की बढ़ती समस्या से निजात मिल सके. सिर्फ चुनावी घोषणा कर देने से लोगों की प्यास नहीं बुझेगी.

## ब्रीफ खबरें

### बस पलटने से युवती समेत दो यात्रियों की मौत

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच 22 पर संघरी घाटी में बस पलटने से दो यात्रियों की मौत हो गई. शनिवार की दोपहर इस घटना में बस पर सवार एक युवती और एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. वहीं, दो परीक्षार्थी समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गये. दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी. जानकारी के मुताबिक, सिटी राइड बस चतरा से यात्रियों को लेकर कुंदा जा रही थी. इसी दौरान अनियंत्रित होकर संघरी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### घर में सो रहे व्यक्ति की गोली मार हत्या

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में अज्ञात अपराधियों ने घर में सो रहे व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी. घटना शुक्रवार की देर रात की है. बताया जा रहा है कि नीलकंठ यादव अपने घर के बरामदे पर सोया हुआ था, तभी अज्ञात अपराधियों ने घर में घुस कर उसे गोली मार दी. इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है. घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है. गोली की आवाज सुन घरवाले जागे, तो देखा कि नीलकंठ को किसी ने गोली मार दी है. इसके बाद सरैयाहाट थाना को सूचना दी गई. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### 27 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवक धराये

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में कीताडीह निवासी गुरमीत सिंह और संजयनगर निवासी निकेश कुमार शामिल है. पुलिस ने इनके पास से 27 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है. जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दोनों की गिरफ्तारी की गई है. पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों खड़गपुर से ब्राउन शुगर खरीद कर लाते थे और पुड़िया बनाकर 200 से 250 रुपये में बेचते थे. दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### एसएनएमएमसीएच: एसी की ठंडी हवा में सो गए नियम, 42 डिग्री तापमान में झुलस रहे मरीज

# पंखे की गर्म हवा से बर्न मरीजों की निकल रही चीखें

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में इन दिनों तापमान 42 डिग्री के पार है. इस भीषण गर्मी में यदि कोई जल जाए तो और उसके जख्मों की जलन व तकलीफ का सही अंदाजा तो सिर्फ वही मरीज ही महसूस कर सकता है या फिर उसकी चीखें आपको तकलीफ का अंदाजा दिला सकती हैं. गोड्डा की दो बच्चियां भी खेलने के क्रम में जल गई थी और बेहतर इलाज के लिए, उन्हें धनबाद लाया गया है. इन बच्चियों को सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. लेकिन जिस वार्ड में



रखा गया है, वहां सिर्फ एक पंखे का सहारा है. इस भीषण गर्मी में जख्मों की जलन और फिर पंखे की गर्म हवा से मरीजों की चीखें उठ रहीं हैं. हैरान करनेवाली बात ये है कि इस बर्न वार्ड में एसी तक नहीं है. मगर, साहबों के बंद पड़े चेंबर एसीयुक्त जरूर हैं और डॉक्टर साहब भी एसी में मजे में हैं.

### गोड्डा डीसी ने बेहतर इलाज के लिए खुद किया था फोन

दरअसल, गोड्डा जिले के सोनागुजरी की दो बच्चियां खेलने के दौरान आग की चपेट में आ गई थीं. उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर किया गया था. गोड्डा उपायुक्त जीशान कमर ने एसएनएमएमसीएच के प्राचार्य ज्योति रंजन को फोन के माध्यम से बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने की बात कही थी. लेकिन यहां बच्चियों को बेहतर इलाज के नाम पर एक कमरे में रखा गया है. यहां सिर्फ दीवार पर टंगे एक पंखे का सहारा है. बर्न केस के मरीज 40 डिग्री से अधिक तापमान में तड़प रहे हैं. परिजनों का कहना है कि यदि बच्चियों को एसी वाले वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाए, तो शायद उनकी जलन में कुछ कमी आ सकेगी.

### बर्न मरीजों के लिए ये हैं नियम

बर्न के मरीजों के लिए सबसे जरूरी चीज है कि उन्हें किसी हालत में इन्फेक्शन न हो. जिस मरीज को इन्फेक्शन हो गया, उनके जिंदा बचने की उम्मीद कम हो जाती है. इन्फेक्शन से बचाव के लिए अलग से बर्न वार्ड होना चाहिए. अलग से डॉक्टर और स्टाफ की ड्यूटी होनी चाहिए, ताकि वह मरीज की लगातार निगरानी कर सकें. न सिर्फ मरीज, बल्कि स्टाफ के लिए भी ड्रेसिंग की अलग व्यवस्था होनी चाहिए. जले हुए मरीजों के लिए स्पेशल मच्छरदानी की व्यवस्था होनी चाहिए. इस व्यवस्था में 60 प्रतिशत तक जले हुए मरीजों का इलाज कर उनकी जान बचाई जा सकती है. तापमान को नियंत्रित करने के लिए बर्न मरीजों को एसीयुक्त वार्ड में रखना आवश्यक होता है.

### नक्शा विचलन मामले में कार्रवाई, अवैध निर्माण तोड़ा

**जमशेदपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद नक्शा विचलन के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है. शनिवार को जमशेदपुर सीओ, जेएनएसी के अधिकारी और बिष्टुपुर पुलिस अवैध निर्माण तोड़ने बिष्टुपुर के होटल सेंटर प्वाइंट पहुंची. जेसीबी की मदद से होटल के पिछले हिस्से में किए अवैध निर्माण को तोड़ा गया. इसके साथ ही नक्शा विचलन करने वाले कुल 21 भवनों को चिह्नित भी किया गया है. मामले को लेकर साकची निवासी राकेश झा ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की पीठ ने अक्षेस के अधिवक्ता से अबतक की गयी कार्रवाई के बारे में पूछा था.

**लालच बुरी बला** | नजराना की लालच में फंसनेवाला कोई जेल गया, तो कुछ जेल जाने की राह पर

# सरकारी से ज्यादा अवैध कमाई प्यारी, नौकरी पर आफत

**शुभम संदेश पड़ताल**

रिजवान शम्स। धनबाद

सरकारी नौकरी के बाद भी रुपये का लालच कई लोगों को लेकर डूब गया. कोई जेल गया, तो कुछ जेल जाने की राह पर हैं. ये धनबाद के वो लोग हैं, जो सरकारी और बेहतर नौकरी में होने के बाद भी पैसे कमाने की लालच में अंधे होकर गलत कमाई के चक्कर में फंस गए हैं. ऐसा नहीं है ऐसी कमाई करने वाले महज तीन-चार ही जिले में हैं, लेकिन ये लोग अब दूसरों के सामने मिसाल बन गए हैं.

### पोस्टमास्टर सुमित सौरभ

**केस 1**

गोविंदपुर केके पालीटेक्निक उपडाकघर में कार्यरत पोस्टमास्टर सुमित सौरभ के खिलाफ लालच में आकर करोड़ों रुपये की ठगी करने का आरोप है. इस मामले को लेकर सीबीआई ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है, जिसमें सुमित सौरभ को मुख्य आरोपी बनाया गया है. क्योंकि उसके डाकपाल रहते हुए पोस्ट ऑफिस में सारे घोटाले हुए. करीब नौ करोड़ 38 लाख रुपये का गबन हुआ. इस घोटाले के कारण सुमित समेत चार की नौकरी भी दांव पर लग गई है. मामला सामने आने के बाद से ही सुमित सौरभ गायब है. ये मामला अभी सीबीआई के अनुसंधान में है.

### ब्लॉक को-ओर्डिनेटर जयंत

**केस 2**

बलियापुर ब्लॉक में कार्यरत को-आर्डिनेटर जयंत कुमार ने ठेकेदार मो. इरशाद से 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी. रिश्वत तो उन्हें दी गई, लेकिन यह रकम उन्हें अब जीवन भर याद रहेगी. क्योंकि महज 30 हजार की रकम ने अब उनके पूरे जीवन को ही अलग रास्ते पर डाल दिया है. फिलहाल वह जेल में है और उसके खिलाफ रिश्वतखोरी का मुकदमा अलग चलेगा. निलंबन समेत अन्य विभागीय प्रक्रिया के बाद ही फिर से नौकरी मिल सकती है. ऐसे में रिश्वत की इस रकम ने उनके जीवन में तूफान लाकर खड़ा कर दिया.

### किस कर्मी ने की थी सोने की शुद्धता की जांच

**केस 3**

सरायढेला थाने में 25 अप्रैल को स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया शाखा में सोना गिरवी रखकर सवा करोड़ का कर्ज लेने वाले 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की गयी है. आरोप है कि इनलोगों ने नकली सोना रख कर लोन ले लिया था. ये सारे लोग अलग-अलग स्थानों के रहनेवाले हैं. बीओआई सरायढेला के वरीष्ठ शाखा प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह ने उक्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज तो करा दी है, लेकिन इसमें सिर्फ सोना गिरवी रख कर लोन लेने वालों को ही आरोपी बनाया गया है. बता दें कि यदि कोई भी सोना गिरवी रखकर लोन लेना चाहता है, तो उसके लिए उक्त बैंक के कर्मी ही सोना ही शुद्धता जांच करते हैं. फिर शुद्धता के अनुसार लोन की रकम तय होती है. लेकिन यहां सोने की जांच किस कर्मी ने की थी, यह बात पुलिस को नहीं बतायी गयी और न ही उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है. लेकिन पुलिस अनुसंधान में सबसे पहले उसी बैंककर्मी की ही तफ्तीश हो रही है. यहां भी लालच में आकर गड़बड़ी के संदेह से इंकार नहीं किया जा सकता है. यदि ऐसा साबित हुआ, तो फिर बैंककर्मी का भी नपना तय है.

# ट्रेन में मोबाइल छिनतई गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर

**पुलिसिया कार्रवाई**
- सभी चलती ट्रेन से यात्रियों का मोबाइल छीनने में माहिर
- हाल के दिनों में छिनतई की वारदात को दे रहे थे अंजाम

जिले की बागबेड़ा पुलिस ने चलती ट्रेन से यात्रियों का मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है. गिरोह के कुल पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. ये सभी चलती ट्रेन से यात्रियों के मोबाइल को झपट्टा मारकर छीनने में माहिर हैं. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय साहू, सोनू कुमार उर्फ पादा, रजनीश कुमार गुप्ता, सागर यादव और रिकी कुमार के रूप में की है. सभी जुगसलाई और बागबेड़ा क्षेत्र के रहनेवाले हैं. गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चार मोबाइल भी बरामद किये गये हैं.

जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में छिनतई की शिकायतें मिल रही थी. शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिसिया पूछताछ में इनलोगों ने स्वीकार किया है कि सभी ज्यादातर ट्रेनों में मोबाइल छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं. मोबाइल को बेचकर जो पैसे आते हैं, उसे आपस में बांट लेते थे. फिलहाल पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

## ब्रीफ खबरें

### एसपी ने लोगों को वोटिंग के लिए किया प्रेरित



**पलामू ।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन नौडीहा बाजार व छतरपुर पहुंची और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया. एसपी ने वहां पर मौजूद ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया. आगामी 13 मई को मतदाताओं से वोट करने की अपील की. शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया. एसपी ने खासकर महिलाओं को मतदान के लिए काफी प्रेरित किया. मौके पर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, छतरपुर थाना प्रभारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे.

### धुरकी में मतदाता जागरूकता पर चर्चा

**गढ़वा ।** धुरकी प्रखंड के धुरकी पंचायत भवन में जेएसएलपीएस के कैडर, जेएसएलपीएस के सभी कर्मी और संकुल स्तरीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता जागरुकता को लेकर चर्चा की गयी. प्रतिनिधियों को ईवीएम और वीवीपैट की विश्वसनीयता के बारे में बताया गया. इसके कार्य करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी गयी. मौके पर सभी से 13 मई को वोट देने की अपील की गयी. समूह की दीदी को बताया गया कि आपका एक मत देश के विकास में सहायक होगा.

### स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान

**पांकी ।** स्वीप कार्यक्रम के तहत पांकी प्रखंड में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया. पांकी बीडीओ अरूण कुमार मुंडा, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ने मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया. शनिवार को पांकी जरही मोड़, कर्पूरी चौक, भगत चौक सहित प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता यात्रा निकाली गयी. मौके पर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई. इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया.

### इंटर में नामांकन को लेकर फार्म की बिक्री

**मेदिनीनगर ।** स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में इंटरमीडिएट में सत्र 2024-26 में नामांकन को लेकर नामांकन फार्म की बिक्री शुरू हो गई है. इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय से नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं. इस संबंध में प्राचार्य डॉ एसके पांडेय ने बताया कि सभी संकायों में (विज्ञान, वाणिज्य, कला) मेधांक के आधार पर 6 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

# एनपीएस भितियाही में कई दिनों से बंद है मिड डे मील

संवाददाता ।पाटन (पलामू)



**भितियाही स्कूल**

- चावल के अभाव में एमडीएम बंद हो गया है
- स्कूल में छात्रों की नामांकित संख्या कुल 27 है




पाटन प्रखंड के एनपीएस भितियाही विद्यालय में विगत कई दिनों से मिड डे मील बंद है. बता दें कि स्कूल में छात्रों की नामांकित संख्या 27 है. लेकिन उपस्थिति मात्र सात छात्रों की रहती है. वहीं स्कूल में दो शिक्षक कार्यरत हैं. ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि नियमित रूप से शिक्षक नहीं आते हैं. ना ही मिड डे मील बनता है. जिस समय विद्यालय में प्रेस के प्रतिनिधि पहुंचे तो देखा कि मात्र एक शिक्षक वहां मौजूद थे. फोन करने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार विद्यालय पहुंचे. उन्होंने बताया कि चावल के अभाव में एमडीएम बंद है. वहीं संयोजिका के घर में विवाह था. जिसके चलते भी मध्याह्न भोजन बंद है. प्रधानाध्यापक ने बताया कि जनवरी माह से ही मानदेय बंद है. जबकि संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि पूरा मानदेय नहीं मिलता है. कठिन परिस्थिति में हमलोग काम करते हैं. इस मामले की जानकारी पंचायत के मुखिया बसंती देवी को दी गई. जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार रवि को भी इसके बारे में बताया गया. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के शिक्षक के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है. इस पर मुखिया ने कहा कि उन्हें ऐसी सूचना नहीं मिली थी. विद्यालय को सही ढंग से चलाने को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक से बातचीत कर मामले को सुलझाया जाएगा. बता दें कि पलामू के उपायुक्त एवं सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है कि किसी भी स्थिति में मिड डे मील बंद नहीं होना चाहिए. लेकिन आदेश को ताक पर रखकर विद्यालय में मिड डे मील बंद कर दिया गया.

## न्यूज अपडेट

### मतदान की तैयारी की उपायुक्त ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर ।** पलामू लोकसभा सीट पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन समीक्षा बैठक की. अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये. साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आनेवाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों का मतदान में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया.



### चंदवा में फल फूल रहा है अवैध ईंट भट्ठा का धंधा

**चंदवा ( लातेहार)।** चंदवा थाना क्षेत्र का शायद ही कोइ ऐसा गांव होगा, जहां अवैध ईंट भट्ठा नहीं चल रहा है. प्रशासनिक व पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने के कारण बेखौफ अवैध ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है. बगैर किसी लाइसेंस, एनओसी और प्रदूषण सर्टिफिकेट के अवैध ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है. प्राकृतिक संसाधनों का बेखौफ इस्तेमाल किया जा रहा है. अवैध कोयला व बालू समेत गांव के वैसे तालाब के पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है. जिसका पानी जानवरों के पीने के साथ ग्रामीण नहाने धोने के लिए भी उपयोग में लाते हैं. अत्यधिक दोहन होने से तालाब सूख रहे हैं.



### पांकी में दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**पांकी ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पांकी पुलिस अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस ने सगालीम बस स्टैंड से अवैध शराब के साथ दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है. दोनों दुकानदारों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया. पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सगालीम बस स्टैंड में पान दुकान की आड़ में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है. इसी सूचना पर पुलिस ने सगालीम में रोहित कुमार और उपेन्द्र कुमार के दुकान में छापेमारी की. इस दौरान दोनों दुकानों से बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बोतलें बरामद की गईं.



### विकास भारती ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**लातेहार।** विकास भारती, बिशुनपुर के द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान का शुभारंभ शनिवार से किया गया. विकास भारती के समन्वयक धनंजय कश्यप ने बताया कि लोकतंत्र के इस महान उत्सव में प्रत्येक व्यक्ति का राष्ट्र के प्रति जो दायित्व है उसके तहत विकास भारती के स्वयंसेवक गांव-गांव और घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे. इस दौरान मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रत्येक मतदाता से अपना वोट देने की अपील की जायेगी. कश्यप ने बताया कि सदर प्रखंड के होटवाग स्थित प्रधानमंत्री कौशल प्रशिक्षण केंद्र से इस अभियान का शुभारंभ किया गया है.



### खेलकूद से युवा होते हैं मजबूत : डॉ. दिलीप कुमार

**पांकी।** एमके डिग्री कॉलेज, डंडारकला में शनिवार को फुटबाल मैच का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी लेनी चाहिए. इससे शरीर स्वस्थ रहता है. फुटबाल की दुनिया में छात्र अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं. प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम की अध्यक्षता में एनएसएस वालंटियर और विभागीय छात्रों के बीच फुटबॉल मैच खेला गया. मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, पुरुषोत्तम सिहं, रामविलास सिंह, राजीव रंजन, सर्वेश्वर प्रसाद, बीरेन्द्र कुमार, अनुपम कुमारी, सीमा रानी, जमशेद आलम, रमेश प्रसाद सिहं, अमित कुमार, खेल शिक्षक मनीष रंजन मौजूद थे.



### संत जेवियर्स कॉलेज में आउटरीच कार्यक्रम संपन्न

**महुआडांड़ (लातेहार) ।** संत जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ के राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों व व्याख्याताओं के द्वारा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके तहत महुआडांड़ के हामी गांव के स्त्रोनत उच्च विद्यालय के छात्रों से संपर्क स्थापित किया गया. इस आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूरवर्ती ग्रामीण समाज तक पहुंचने तथा लोगों और उनके बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है. एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में आउटरीच गतिविधियों का एक प्रमुख घटक शिक्षा के साथ-साथ जागरुकता बढ़ाना है. आउटरीच कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्रों को समाज और समुदाय के भीतर उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील बनाते हैं.



### सेमीफाइनल में पहुंची देवघर की क्रिकेट टीम

**गुमला ।** जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टरफाइनल हुआ. इस मुकाबले में देवघर ने लोहरदगा को 70 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. नॉकआउट मैच में देवघर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 251 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया. टीम की ओर से प्रतिक कुमार ने सर्वाधिक 85 रनों की पारी खेली.



## तीन दशकों से बंद रहने के कारण प्लांट के उपकरण कबाड़ में तब्दील

# 27 सालों से बंद है सोल्वेंट व टैनिन एक्सट्रैक्शन प्लांट

आशीष टैगोर।लातेहार

कहते हैं कि समय गुजरते देर नहीं लगती है. देखते ही देखते एक और चुनाव आ गया. घोषणा और वायदों का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है. इसके साथ ही शुरू हो गया आरोप व प्रत्यारोप का भी दौर. लेकिन विडंबना यह है कि जन सरोकार की समस्यायें चुनावों में मुद्दा आज तक नहीं बन पायी. लातेहार जिला मुख्यालय में विगत 27 वर्षों से साल्वेंट व टैनिन एक्सट्रैक्शन प्लांट बंद है. लेकिन इसे चालू कराने की दिशा में आज तक कोई सार्थक पहल नहीं की गयी. आज इसके कर्मी टयूशन पढ़ा कर इस आस में अपना जीवनयापन कर रहे हैं कि कभी तो किसी की नजरें इनायत होंगी और यह कारखाना फिर से चालू होगा. कर्मी कहते हैं कि चुनाव में लोग वायदे तो करते हैं लेकिन बाद में भूल जाते हैं.

वहीं तीन दशकों से बंद रहने के कारण आज प्लांट के उपकरण कबाड़ में तब्दील हो गये हैं. दोनों प्लांट की कुल 26 एकड़ जमीन है. जिसमें सोल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट की 20 व टैनिन एक्सट्रैक्शन प्लांट की छह एकड़ भूमि शामिल है. दोनों कारखानों की मशीन को जंग लग चुकी है. भवन एवं अन्य अचल संपत्तियां नष्ट हो रही हैं. बता दें कि वन व उद्योग विकास निगम की साझेदारी वाली इस प्लांट की स्थापना वर्ष 1986 में लातेहार के रेलवे स्टेशन रोड में की गयी थी. अविभाजित बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे ने इसका उदघाटन किया था. उस वक्त उस प्लांट की परियोजना लागत लगभग दो करोड़ रुपए थी. वर्ष 1989 से यह प्लांट उत्पादन के क्षेत्र में आया. बताया जाता है कि पूरे भारतवर्ष में लोक उपक्रम के क्षेत्र में यह पहला प्लांट था. वनोत्पाद से संचालित इन दोनों प्लांट में कुल 105 पद सृजित थे.



### टैनिन पाउडरों की मांग विदेशों तक थी

प्रति वर्ष 600 मिट्रिक टन हर्रे और बहेरा को लेकर टैनिन करने का वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित था. इस प्लांट से उत्पादित टैनिन पाउडर की मांग विदेशों तक थी. लेकिन राजनीतिक साजिश के तहत विदेशी मांग के बावजूद निर्यात रोक दिया गया. अक्टूबर 1997 से इसके कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया और कारखाना बंद हो गया. उसके बाद से कारखाना कर्मी ट्यूशन आदि कर अपनी जीवनयापन कर रहे हैं. झारखंड अलग राज्य बनने के बाद बिहार स्टेट टैनिन एक्सट्रैक्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने वर्ष 2000 में इस इकाई को पुनर्जीवित करने का प्रयास शुरू किया. लेकिन अपेक्षित राजनीतिक सहयोग नहीं मिलने के कारण यह सफल नहीं हो पाया. प्लांट कर्मियों ने झारखंड सरकार पर इसे चालू करने का काफी दबाव डाला, लेकिन इसका नतीजा कुछ भी नहीं निकला. मनिका विधानसभा क्षेत्र से तत्कालीन विधायक यमुना सिंह जब राज्य में पहले वन मंत्री बने तो लगा कि अब यह प्लांट जरूर चालू होगा. लेकिन उनके कार्यकाल में भी कारखाना नहीं खुल पाया. यहां तक कि प्लांट के कर्मी बहादुर डंगवार, अक्षयवट सिंह, उपेंद्र प्रसाद सिन्हा, सिलास तिर्की, मिलन कुमार बिंद व केएम प्रसाद प्लांट कर्मियों ने झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर किया.

**सुने सरकार**

- 1986 में रेलवे स्टेशन रोड में स्थापित हुई थी फैक्ट्री
- वर्ष 1989 से यह प्लांट उत्पादन के क्षेत्र में आया
- तत्कालीन सीएम बिंदेश्वरी दुबे ने उदघाटन किया था

### कारखाना सीआपीएफ कैंप में तब्दील हो गया है

क्षेत्र में उग्रवाद उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान में सरकार ने इस प्लांट को सीआरपीएफ कैंप के रूप में तब्दील कर दिया. लगभग तीन दशक से यहां प्लांट सीआरपीएफ का मुख्यालय बना हुआ है. प्लांट के कीमती संयंत्र कबाड़ में तब्दील हो चुके हैं. कारखना के कर्मी अक्षेवट सिंह ने कहा कि विगत तीन दशक से बंद इस कारखाना को चालू कराने की दिशा में कोई पहल नहीं हो रही है. क्षेत्र के वन उत्पादों पर आधारित इस कारखाना को सोने की मुर्गी कहा जाता था. कारखाना मुनाफा में चल रहा था. स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा था. जंगलों में रहने वाले लोग वनोत्पज हर्रे व बहेर आदि यहां बेच कर अपना जीवनयापन कर रहे थे. लेकिन बाद में कारखाने को किसी की नजर लग गयी. आज तक कारखाना चालू नहीं हो सका. न तो किसी सरकार ने और ना ही किसी जन प्रतिनिधि ने न तो कारखाना और ना ही कारखाना के कर्मियों की सुधी ली.

### लोक अदालत में 146 मामले का हुआ निस्तारण

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत (एनआई एक्ट व विद्युत विभाग से संबंधित मामले) का आयोजन किया गया. इसमें 146 मामले का निस्तारण किया गया. वहीं, 9 लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ. इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को लेकर 11 पीठों का गठन किया गया था. वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था. प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे. पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण एडीजे-टू विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह ने किया.

### जेल में बंद सजायाफ्ता से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने शनिवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में सजायाप्ता बंदी से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने कैदियों से कहा कि जो सजायाफ्ता बंदी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं वे अपील करें. उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बंदी बिना अपील किए नहीं रहें. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बंदियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बंदियों का अपील झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है. मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन भेज सकता है.

# पंचायत कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की लगी कतार

संवाददाता।लातेहार



नगर पंचायत, लातेहार ने आगामी 30 जून से पहले तक वित्तीय वर्ष 2024 -25 का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर अधिकतम 15 प्रतिशत छूट की घोषणा की है. विभाग के इस घोषणा के बाद नगर पंचायत कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की कतार लग गयी है. नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि गत दिनों में नगर पंचायत के द्वारा करदाताओं को एक लाख 82 हजार रुपये की छूट दी जा चुकी है. उन्होंने बताया कि इसमें सभी करदाताओं को पांच प्रतिशत की छूट दी जा रही है. अगर होल्डिंग टैक्स में महिला या वरिष्ठ नागरिक का नाम है तो उन्हें पांच प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है. इसके अलावा स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है. आर्मी, ट्रांसजेंडर या विकलांग होने पर पांच प्रतिशत की रियायत दी जा रही है. वैसे करदाता जो ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भरेंगे, उन्हें पांच प्रतिशत की छूट दी जायेगी. उन्होंने बताया कि यह छूट केवल आवासीय परिसरों पर लागू होगी. वर्मा ने आगे बताया कि 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा.

### आठ छात्रों ने जेपीएससी पीटी किया क्वालिफाई



**लातेहार।** नक्सल प्रभावित जिला लातेहार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर इंटीग्रेटेड कोचिंग प्रोग्राम के तहत यूपीएससी, बीपीएससी, जेपीएससी और एसएससी आदि की कोचिंग क्लासेस चलायी गयी थी. जिला प्रशासन, लातेहार एवं हक एजुकेशनल व सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कौशल विकास केंद्र लातेहार एवं सेंट जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ में (सत्र 2021-22) कोचिंग संपन्न किया गया. इसके छात्र पूर्व में यूपीएससी तथा जेपीएससी में अंतिम रूप से चयनित हुए थे. 11वीं जेपीएससी की प्राथमिक परीक्षा में इस संस्था से आठ अभ्यर्थियों पीटी एग्जाम क्वालिफाई किया.

# सड़क पर ईंट रखनेवालों पर कार्रवाई

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

संवाददाता।लातेहार



शहर के बाइपास चौक से लक्ष्मी भंडार गली से केश्वर अहरा बांध रोड में तकरीबन एक दर्जन जगहों पर गृह निर्माण के लिए छर्री, बालू व ईंट आदि गिरा कर रखे गये हैं. इसे लेकर शुभम संदेश ने अपने 23 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से छापा था.

खबर छपने के बाद नगर पंचायत हरकत में आया. शनिवार को नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों ने केश्वर अहरा रोड में स्थलीय जांच किया. इस दौरान उन्होंने चार लोगों को नोटिस थमाया और 24 घंटे के अंदर निर्माण सामग्रियां वहां से हटाने का निर्देश दिया. इनमें किरण देवी, कैलाश प्रसाद, प्रमोद प्रसाद व मनोज प्रसाद का नाम शामिल है. एक व्यक्ति मनोज कुमार से पांच सौ रुपया जुर्माना वसूला गया है. मौके पर सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार एवं कर संग्रहकर्ता राजू प्रसाद शामिल थे. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए नगर प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि कई बार लोगों को नोटिस दिया जा चुका है.

बावजूद इसके लोग सड़कों पर ही गृह निर्माण सामग्रियां गिराते हैं. इससे न सिर्फ सड़क संकीर्ण होती है वरन दुर्घटनाओं की आशंका होती है. उन्होंने लोगों से एक सजग नागरिक होने का परिचय देने की अपील की. कहा कि अभियान निरंतर जारी रहेगा.

**भाजपा** राजधनी यादव ने दी कालीचरण सिंह को जीत की शुभकामना

# शीर्ष नेतृत्व का निर्णय स्वीकार : राजधनी

संवाददाता।लातेहार



**मंच साझा**

- चतरा से कालीचरण सिंह को टिकट देने का विरोध किये थे
- राजधनी होली के दिन प्रदेश कार्यालय में धरने पर बैठे थे

भाजपा के वरीय नेता राजधनी यादव ने चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को न सिर्फ जीत की अपनी शुभकामनाएं दी है, बल्कि शुक्रवार को चतरा में उनके नामांकन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य नेताओं के साथ मंच भी साझा किया. बता दें राजधनी यादव वही हैं जो चतरा संसदीय क्षेत्र से कालीचरण सिंह को टिकट देने के विरोध में होली के दिन प्रदेश कार्यालय में धरने पर बैठ गये थे. राजधनी यादव का आरोप था कि टिकट के दौड़ में वे कालीचरण सिंह से आगे चल रहे थे, लेकिन ऐन मौके पर उनका टिकट काट कर कालीचरण सिंह को दे दिया गया था.

उन्होंने कहा था कि कालीचरण सिंह हाल ही में किसी दूसरे दल से भाजपा में आये हैं. लेकिन अब राजधनी यादव ने सब गिले शिकवे भूला कर कालीचरण सिंह को शुभकामनाएं दी हैं. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का निर्णय उन्हें स्वीकार है. वे कालीचरण सिंह के जिताने के लिए काम करेंगे. उन्हें उनसे किसी प्रकार की कोई विद्वेष व शिकवा नहीं है. चतरा से भाजपा को जिता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है.

## मंडल डैम, चिरीमिरी रेलवे लाइन और हुटार कोलियरी का कार्य कई दशक से बंद है

# चिरीमिरी रेलवे लाइन समेत कई परियोजनाएं लंबित

मयंक विश्वकर्मा ।बरवाडीह (लातेहार)


आशीष सिंह


कन्हाई सिंह


संतोषी शेखर

चतरा लोकसभा क्षेत्र का बरवाडीह एक ऐसा प्रखंड है जहां कई केंद्र प्रायोजित परियोजनायें वर्षो से लंबित हैं. मंडल डैम व चिरीमिरी रेलवे लाइन तथा हुटार कोलियरी का कार्य कई दशक से बंद है. प्रत्येक चुनावी समर में इनकी चर्चा तो होती है लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है. इस कारण बरवाडीह के लोग लोकसभा चुनाव के प्रति विगत कई टर्म से उदासीन हैं. लोगों वह उत्साह नहीं दिखाई पड़ता है. तीन टर्म पूर्व जब धीरेंद्र अग्रवाल चतरा के सांसद थे तो यह विश्वास जगा था इस बार कुछ हो न हो, चिरीमिरी रेल परियोजना तो आरंभ हो ही जाएगी. धीरेंद्र अग्रवाल राजद के सांसद थे और उस समय राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव केंद्र में रेल मंत्री थे. केंद्र और राज्य में भी सरकार यूपीए की ही थी. लेकिन यह परियोजना शुरू नहीं हो सकी. उसके बाद इस क्षेत्र के वोटरों ने इंदर सिंह नामधारी को निर्दलीय सांसद चुना. तेज-तर्रार नेता के रूप में उनकी छवि को देखते हुए लोगों को काफी उम्मीद जगी थी कि वे अधूरे कार्यों को पूरा करेगें, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. उत्तरी कोयल मंडल डैम का शिलान्यास और बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने जैसे मुद्दों को चर्चा में ला कर चतरा के तत्कालीन सांसद सुनील सिंह ने अपनी राजनीति चमकाने का असफल प्रयास किया. दो बार सांसद रहे और केंद्र में भी भाजपा की सरकार रही, लेकिन परियोजनायें अधूरी ही रहीं. बता दें कि मंडल डैम बरवाडीह प्रखंड के मोरवाईकला पंचायत में आता है. पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने कहा कि मंडल डैम केंद्र की एक बहुत बड़ी योजना है. इस योजना पर हमेशा से राजनीति हुई है. लेकिन इसमें राजनीति नहीं कर इस योजना को पूरा करना चाहिए. जो भी सांसद मंडल डैम परियोजाना को पूरा कराएगा वो इस क्षेत्र के लिए आजीवन सांसद बन जायेगा. जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि मंडल डैम परियोजना का अब तक शुरू नहीं हो पाना काफी दुखद है. केंद्र और राज्य सरकार में सामंजस्य नहीं होने के कारण यह परियोजना बंद पड़ी है.

## ब्रीफ खबरें

### सेंट्रल पब्लिक स्कूल में छात्र कैबिनेट का गठन

**आदित्यपुर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल आदित्यपुर में शनिवार को छात्र कैबिनेट 2024-25 का गठन किया गया. नवनिर्वाचित सदस्यों को बैच और सैश देकर सम्मानित किया गया. सदस्यों ने अपने कर्तव्यों को बेहतरीन तरीके से निभाने की शपथ ली. इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे. प्राचार्य और शिक्षकों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को अपने कर्तव्यों को सर्वोत्तम तरीके से पालन करने के टिप्स दिये.

### राहुल पैलेस में रक्तदान शिविर 1 को

**चांडिल।** चांडिल बाजार स्थित होटल राहुल पैलेस में 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर एक दिवसीय स्वैच्छित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. यह पहल होटल राहुल पैलेस के मालिक वरिष्ठ झामुमो नेता सह स्वच्छ चांडिल, स्वस्थ चांडिल के संयोजक सुखराम हेंब्रम की ओर से की जा रही है.

### टी-10 डे-नाइट ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 16 से

**किरीबुरु।** किरीबुरु क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में तीसरे टी-10 डे-नाइट ओपन नॉकआउट टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) का शुभारंभ 16 मई से किरीबुरु क्रिकेट मैदान (एसबीआई के पीछे) में होगा. हालांकि चुनाव के मद्देनजर इसकी तिथि में परिवर्तन भी संभव हो सकता है. इसकी जानकारी क्लब के पदाधिकारी सह प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी ईशान कठोते ने देते हुये बताया कि विजेता टीम को 65 हजार रुपये व ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 35 हजार रुपये व ट्रॉफी दी जायेगी. महिलाओं की विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार की जानकारी बाद में दी जायेगी. पुरुष टीमों को बतौर प्रवेश शुल्क 4 हजार रुपये देने होंगे, जबकि महिला टीमों का प्रवेश निःशुल्क होगा. पुरस्कार राशि में संशोधन संभव है. जानकारी हेतु 7588217382, 7366916566, 7739449148 7541984472 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है.

### संघ के अध्यक्ष बने अवधेश कुमार

**किरीबुरु।** सेल, किरीबुरु के एचआरडी केंद्र में चुनाव अधिकारी महाप्रबंधक, (पीएंडए) एजीओएम एस एन पांडा के नेतृत्व में जेजीओएम अधिकारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ. सर्वसम्मति से एक बार पुनः अवधेश कुमार को अध्यक्ष, उदय भान सिंह राठौर को महासचिव, अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, मोहन कुमार को उप महासचिव, डॉ. सुशांत कुमार को कोषाध्यक्ष तथा डॉ. मनोज कुमार, प्रकाश कुमार गुप्ता को कार्यकारी परिषद सदस्य चुना गया.

### राम मड़ैया बस्ती में पानी की किल्लत दूर

**आदित्यपुर।** समूचे आदित्यपुर में पेयजल की घोर किल्लत है. वार्ड 18 के राम मड़ैया बस्ती में लोग परेशान थे. बस्ती की करीब 150 परिवारों को पानी की किल्लत दूर करने के लिए यहां एक तत्काल डीप बोरिंग करायी गयी गयी है, जिसे शनिवार पूर्व पार्षद रंजन सिंह ने बस्तीवासियों को सुपुर्द किया है.

### रमन के जन्म दिवस पर क्वीज प्रतियोगिता

**नोवामुंडी।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा में भारत रत्न की उपाधि से विभूषित एवं लेनिन शांति पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन का जन्मोत्सव आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्राचार्या उषा राय की अध्यक्षता में विद्यालय के सीसीए कार्यक्रम के तहत विज्ञान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

### नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के करियर जंक्शन में शामिल हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएं

# कई विद्यार्थियों ने विभिन्न कोर्सों में लिया एडमिशन

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर



**खास बातें**

- कार्यक्रम में लगे कई स्टॉलों में दी जा रही थी जानकारी
- वर्तमान में यूनिवर्सिटी में 60 विषयों की हो रही पढ़ाई

नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की ओर से शनिवार को साकची स्थित बंगाल क्लब में करियर जंक्शन 4.0 का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय विगत 4 वर्षों से करियर जंक्शन कार्यक्रम का निरंतर आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में कई स्टॉल लगाये गये थे, जहां यूनिवर्सिटी में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, आज के दौर में उनकी महत्ता व उपयोगिता समेत कैम्पस प्लेसमेंट आदि की जानकारी दी जा रही थी. इसलिए दौरान सैंकड़ों विद्यार्थी आये और अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार संबंधित कोर्स की जानकारी ली. इनमें से अनेक विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी में ऑन स्पॉट एडमिशन भी लिया.

कार्यक्रम के विषय में यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ प्रो गंगाधर पांडा ने बताया कि नेताजी सुभाष ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिवार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और औपचारिक शिक्षा के उपरांत अपने विद्यार्थियों को करियर में आगे बढ़ने के लिए उचित मार्गदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है. वर्तमान में यूनिवर्सिटी में 60 विषयों में पढ़ाई हो रही है. यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी प्रतिष्ठित संस्थानों और विभिन्न क्षेत्रों की वैश्विक कंपनियों में कार्यरत हैं. इसी कड़ी में आज विश्वविद्यालय की ओर से उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए उनके भविष्य संबंधित शंकाओं के निवारण के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के फैक्लटी इस सभागार में एकत्र हुए हैं.

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सांइस, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट और कॉमर्स, स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटी, स्कूल ऑफ नर्सिंग, स्कूल ऑफ फार्मेसी, स्कूल ऑफ एडुकेशन के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के फैकल्टी मेंबर्स ने आगंतुक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम में संकाय सदस्यों की ओर से विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक विषयों में संचालित पाठ्यक्रमों, शिक्षा उपरांत रोज़गार की संभावनाओं और प्राप्त अवसरों, वर्तमान समय की चुनौतियों और भविष्य की जरूरतों जैसे बहुआयामी प्रश्नों के उत्तर दिये गये. छात्रों के उत्साह को देखते हुए विश्विद्यालय 10वीं व 12वीं के रिजल्ट के बाद 25 मई को फिर से इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा.

### सारंडा जंगल में कार्रवाई, तस्करी कर ओडिशा ले जानी थी लकड़ी

# 20 पीस सखुआ का बोटा लदा वाहन जब्त, चालक भागा

**खास बातें**

- वाहन से एक अन्य नंबर प्लेट भी किया गया बरामद
- वन विभाग करमपदा में चेकनाका बनाएगा

संवाददाता। किरीबुरु








वन विभाग की टीम पकड़े गये वाहन साथ. वाहन में रखी लकड़ी तथा वाहन के अंदर रखा दूसरा नंबर प्लेट.

सारंडा वन प्रमंडल के किरीबुरु वन क्षेत्र अन्तर्गत जुम्बईबुरु-धर्नादिरी ग्रामीण मार्ग से वन विभाग की टीम ने शनिवार अहले सुबह लगभग 3 बजे छापेमारी कर सखुआ लकड़ी की 20 पीस मोटा सिलपट लदा एक योद्धा वाहन को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. इस दौरान वाहन का चालक व एक अन्य स्टाफ अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा. वाहन से एक अन्य नंबर प्लेट भी बरामद किया गया है. लकड़ी माफिया वन विभाग को चकमा देने के लिए वाहन का नंबर प्लेट बदलते रहते हैं. यह कार्रवाई सारंडा डीएफओ अभिरुप सिन्हा के निर्देशानुसार तथा आईएफएस नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने की. आईएफएस नीतीश कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम रात्रि गश्त पर थी. इसी दौरान 26 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे करमपदा की तरफ से जुम्बईबुरु होते धर्नादिरी गांव की तरफ उक्त खाली वाहन को जाते देखा. हमारी टीम जुम्बईबुरु-धर्नादिरी मार्ग पर रात में एम्बुस लगाकर बैठ गई. अहले सुबह लगभग तीन बजे जब उक्त वाहन लकड़ी लोड कर आ रही थी तो चालक की नजर वन विभाग के लोगों पर पड़ी, जिसके बाद वह वाहन छोड़ भाग खड़ा हुआ. यह लकड़ी करमपदा, तोपाडीह के रास्ते ओडिशा ले जानी थी. सारंडा से सैडल गेट रास्ते मझगांव व बड़बिल की तरफ भी लकड़ी की तस्करी हो रही है. वन विभाग ने करमपदा में चेकनाका बनाने का फैसला किया है.

#### ग्रामीणों की छवि भी वन विभाग की नजर में खराब हो रही

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस लकड़ी तस्करी में ओडिशा का माफिया कल्लू मिया शामिल है. वह सारंडा से लकड़ियों की निरंतर तस्करी करमपदा, तोपाडीह के रास्ते कर रहा था. बीते दिनों भी वन विभाग की टीम ने इसी वाहन को पकड़ने की कोशिश की थी लेकिन तब वह भागने में सफल रहा था. इस घटना से धर्नादिरी व आसपास गांवों के ग्रामीणों की छवि भी वन विभाग की नजर में खराब हो रही है. ये गांव पहले से जंगल काटकर बसाये गये हैं तथा वनाधिकार पट्टा की मांग करने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास की आस लगाये बैठे हैं. बीते दिनों ही वन विभाग की स्वीकृति के बाद गांव तक जाने हेतु पक्की सड़क का निर्माण हुआ था. अगर ग्रामीण अपने-अपने गांव क्षेत्रों से होने वाली लकड़ी तस्करी को नहीं रोकेंगे तो वन विभाग ऐसे गांवों के प्रति अपनी सहानुभूति कैसे दिखायेगी. बीते दिनों ही वन विभाग ने रांगरिंग गांव क्षेत्र से दो हाईवा लकड़ी जब्त की थी जो जंगल काटकर तस्करी हेतु रखी गई थी. सारंडा के इन्क्रोचमेंट गांव क्षेत्र से ही लकड़ी तस्करी होने से इन गांवों की छवि खराब हो रही है, जिसे गांव के मुंडा व बुद्धिजीवी को विशेष कदम उठाते हुये सुधारने का प्रयास कर वन विभाग का विश्वास जितना होगा. अगर इसी वाहन को ग्रामीण पकड़ कर वन विभाग को सौंपते तो आज उनकी छवि वन विभाग की नजर में बेहतर होती.

### पंखे के सहारे फांसी लगा महिला ने की आत्महत्या

**चक्रधरपुर।** थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत के उलीबेड़ा गांव के मानीसाई टोला में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि मानीसाई टोला निवासी सतीश बोदरा की पत्नी 20 वर्षीय मुनी बोदरा शनिवार की दोपहर नदी से स्नान कर अपने कमरे में चली गई. इसके बाद मुनी बोदरा की सास घर पहुंची तो मुनी बोदरा घर में पंखे के सहारे फांसी से झूल रही थी. घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद मुनी बोदरा को उतारकर अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतका मुनी बोदरा के परिजनों ने बताया कि मुनी बोदरा व सतीश बोदरा का आठ महीने पहले ही प्रेम विवाह हुआ था. जिस वक्त महिला ने घर में फांसी लगायी उसका पति सतीश बोदरा घर में नहीं था.

### जमीन का मूल कागज देख बैरंग लौटे सीओ

**आदित्यपुर।** नगर निगम की शिकायत पर शनिवार को बाउंड्री बॉल तोड़ने पहुंची अंचल कार्यालय की टीम को बैरंग लौटना पड़ा है. क्योंकि कब्जाधारी के पास मूल दस्तावेज मौजूद था. यह वाकया आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 29 का है. जमीन खरकई नदी के किनारे है, जिसका रकवा थाना नंबर 129, खाता नंबर 48 प्लॉट नंबर 1678 है, जिसमें मूल कब्जाधारी ने बाउंड्री वॉल दे रखी है. इसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय द्वारा की गई थी. आज जब गम्हरिया अंचलाधिकारी अजय सिंह दल बल के साथ बाउंडरी वॉल को तोड़ने पहुंचे तो अंचल अधिकारी के समक्ष कब्जाधारी मूल दस्तावेज प्रस्तुत किया गया. बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 29 में नगर निगम की ओर से एक सड़क बनायी गयी है. यह सड़क किस्मती देवी की जमीन पर बनायी गयी है.

## बच्चों को मिला रहा बदबूदार कीचड़नुमा मध्याह्न भोजन

संवाददाता। चाईबासा



सरकार ने राज्य के बच्चों को कुपोषण जैसी बीमारी से निजात दिलाने के लिए पौष्टिक भोजन युक्त मध्याह्न भोजन योजना चला रही है. सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम के बच्चों में कुपोषण बहुतायत में पाया गया. इसलिए भोजन में पौष्टिकता अधिक से अधिक हो, इसके लिए केंद्रीय किचन में तैयार भोजन वितरण की व्यवस्था की गयी.

फिलहाल सदर चाईबासा समेत अन्य प्रखंडों के विद्यालयों में अन्नामृत संस्था द्वारा भोजन बच्चों को परोसा जा रहा है, लेकिन केंद्रीय किचन में तैयार भोजन को लेकर कभी बेस्वाद एवं बासीपन जैसी कई शिकायतें मिलने लगी हैं. शनिवार को सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नीमडीह के बच्चों एवं रसोइयों ने विद्यालय के प्रधान शिक्षक कृष्णा देवगम को खिचड़ी में कीचड़नुमा काला चीज दिखाकर खाने से इंकार करने लगे. प्रधान शिक्षक एवं अन्य खिचड़ी का जांच किया तो पाया कि वास्तव में भोजन में काफी काले कीचड़-सा चीज था और दुर्गंध भी था. प्रधान शिक्षक समेत सभी शिक्षकों ने भोजन आपूर्ति करने वाली संस्था से आग्रह किया है कि बच्चों के लिए पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन का वितरण किया जाए.

### मुखिया ने दिलाई पेयजल की समस्या से निजात

**घाटशिला।** प्रखंड के पावड़ा पंचायत अंतर्गत ढोडाडीह मुहल्ले में पिछले एक पखवाड़े से चापानल खराब पड़ा था. 15 दिनों से परेशान मोहल्ले वासियों ने शनिवार को पंचायत के मुखिया पार्वती मुर्मू से गुहार लगायी. मुखिया ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए चापाकल मरम्मत के लिए अपने स्तर से प्रयास कर चापाकल की मरम्मत कराई. मोहल्ले के लोगों ने इस कार्य के लिए मुखिया पार्वती मुर्मू के प्रति आभार व्यक्त किया. ज्ञात हो कि पिछले 15 दिनों से मुहल्ले के लोगों को पीने के लिए पानी की किल्लत हो गई थी. आसपास के मुहल्ले से किसी तरह से पानी की व्यवस्था कर पानी पी रहे थे. इस मुहल्ले के लोग इसी चापानल से पानी लेते हैं. चापानल खराब होने परेशान लोग चापानला मरम्मत के लिए विभागीय अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई पर को ठोस कार्रवाई नही किए जाने से लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी.

## सेवा परिषद की बैठक में शामिल होंगे पूर्व सैनिक



संवाददाता। जमशेदपुर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की 47वीं राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक रविवार को रायपुर में आयोजित की जा रही है.

इसको लेकर झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष कर्नल नीलांबर झा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, प्रदेश महामंत्री सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सार्जेंट राजेश कुमार, सैन्य मातृशक्ति प्रदेश महासचिव मंजुला और प्रदेश संयोजिका पूनम सहित अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के 6 सदस्यों की टोली दिनांक शनिवार को रायपुर के लिए रवाना हुई. इस राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी करेंगे और सैन्य मातृ शक्ति का नेतृत्व राष्ट्रीय सैन्य मातृशक्ति अध्यक्षा कौल करेंगी.

**लोकसभा चुनाव**

### गीता कोड़ा ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां, जनता से भाजपा को जिताने की अपील की

# भाजपा प्रत्याशी ने बंदगांव प्रखंड के कई गांवों में किया जनसंपर्क

संवाददाता। चक्रधरपुर



भारतीय जनता पार्टी की सिंहभूम सीट से लोकसभा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने शनिवार को बंदगांव प्रखंड के कई गांवों में जन संपर्क किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के कार्यकाल में हुये विकास कार्यों के बारे में बताया. साथ ही आगामी चुनाव में भी पुनः भाजपा की जीत सुनिश्चत करने की अपील की.

कोड़ा ने कहा कि नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने एक आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया. बंदगांव प्रखंड के 1617 गरीब आदिवासी परिवार वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया गया. 177 लोगों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने बंदगांव प्रखंड के जलासर, चाकी बाजार, हेसाडीह, सावनिया, बंदगांव समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क किया. मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मछुवा, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विजय मेलगांडी, दुम्बी सोरेन, भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य मालती गिलुवा आदि उपस्थित थे.

### हांसदा ने गीता कोड़ा व जोबा मांझी के नामांकन पत्र रद्द करने की मांग की

**चक्रधरपुर।** जेएलकेएम पार्टी से सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दामोदर सिंह हांसदा ने शुक्रवार को स्क्रूटनी के दौरान अपनी प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी गीता कोड़ा एवं जोबा मांझी के खिलाफ जिला निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कराकर नामांकन पत्र खारिज करने की मांग की है. पत्र में कहा गया है कि पूर्व सांसद गीता कोड़ा व जोबा मांझी ने अपने शपथ पत्र में विभिन्न प्रकार की गलतियां की हैं. वर्णित तथ्यों के अवलोकन के पश्चात तथ्यों/साक्ष्यों के जांचोपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हैंडबुक फॉर कैंडिडेट की चैप्टर 4 के कंडिका 4.5 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार न्यायोचित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने की कृपा करें, ताकि आदर्श आचार संहिता के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव किया जा सके.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किरीबुरु की बस्तियों में जनसंपर्क अभियान चलाया

**किरीबुरु।** भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने किरीबुरु स्थित करुवा बस्ती, गाड़ा हाटिंग, प्रोस्पेक्टिंग आदि क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को 13 मई को कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की. इन्होंने कहा कि केन्द्र की मजबूत भाजपा नित एनडीए सरकार की वजह से आज देश अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवे स्थान पर पहुंच गया, देश में आतंकवादी घटनायें नहीं होती, नक्सल समस्या समाप्ति की ओर है, दंगा वगैरह नहीं हो रहे हैं, सभी धर्म-समुदाय के लोग आपसी एकता व भाईचारे के साथ रह रहे हैं. उन्होंने कहा कि किरीबुरु जैसे शहरों में पेयजल की समस्या है जिसका समाधान हेतु निरंतर प्रयास जारी है. थोड़ा समय लग रहा है लेकिन सफलता अवश्य मिलेगी.

## न्यूज अपडेट

### एएल राव ने संभाला स्टेशन निदेशक का पदभार



**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन के नए निदेशक एएलराव ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया. इस दौरान स्टेशन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. शुक्रवार को एएल राव चक्रधरपुर से उत्कल एक्सप्रेस से टाटानगर पहुंचे जहां उन्होंने पदभार ग्रहण किया. मौके पर स्टेशन अधीक्षक ओपी शर्मा, वाणिज्य उपाधीक्षक सुनिल सिंह, सीआई शशि कुमार, सीएचआई महाराज महतो, कैटरिंग इंस्पेक्टर राकेश कुमार और बुकिंग सुपरवाइजर नवीन अंबष्ठ मौजूद थे.

### लक्ष्मीनगर में औचक निरीक्षण करने पहुंचे सरयू राय



**जमशुदपुर।** लक्ष्मीनगर निवासियों से लगातार मिल रही शिकायतों पर क्षेत्र के विधायक सरयू राय औचक निरीक्षण करने पहुंच गए. सरयू राय ने लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, बजरंगीबागान और झगरुबगान में पाया कि ठेकेदार द्वारा सफाई का काम नही हो रहा था जिससे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ था. वहीं सभी नाले गंदगी से भरे हुए थे. उन्होंने जेएनएसी के अधिकारी को 2-3 दिन के भीतर सफाई व्यवस्था ठीक करने को कहा.

### किरीबुरु की बेटी अरीबा एमबीबीएस कर बनी डॉक्टर



**किरीबुरु।** किरीबुरु की प्रतिभावान, मृदुभाशी, मिलनसार, संस्कारी, अनुशासित छात्रा अरीबा अनम, पिता मुहम्मद अनीस, माता रुबीना अली ने कड़ी मेहनत की बदौलत एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर डॉक्टर बनी. वह केपीसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, यादवपुर, कोलकाता से दो दिन पहले यह डिग्री प्राप्त की है. अरीबा अनम की इस सफलता से न सिर्फ उनके माता-पिता बल्कि पूरे शहरवासियों में भारी हर्ष है.

### श्मशान घाट पर मूलभूत सुविधा नहीं, होती है परेशानी



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के डोमजुड़ी पंचायत अंतर्गत मालबांधी-डोमजुड़ी सड़क के किनारे स्थित श्मशान घाट में शेड नहीं होने के कारण शव दाह करने के लिए आने वाले ग्रामीणों को गर्मी तथा बरसात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इस श्मशान घाट में जल की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे चिता की आग बुझाने के लिए दूर स्थित चापाकल से पानी लाना पड़ता है.

### पानी की सप्लाई के लिए लगाया गया नया मोटर



**नोवामुंडी।** बड़ाजामदा के भट्टीसाई में किसी निजी कंपनी द्वारा पानी की टंकी लगायी गयी थी, परंतु पिछले तीन महीने से टंकी का मोटर जल जाने से लोगों को परेशानी हो रही थी. लोगों ने इसकी शिकायत नोवामुंडी भाग एक जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, क्षेत्र के मुखिया प्यारवती देवगम से की, लेकिन मोटर नहीं बदला गया. इसकी सूचना समाजसेवी अजीत सिंह एवं शंभू हाजरा को मिलते ही उन्होंने नया मोटर लगवा दिया.

### सीबीएसई के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र का समापन



**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में सीबीएसई के द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षमता आंकलन और मूल्यांकन प्रथाओं को मजबूत करने पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ. इसमें शिक्षाविद्, बाल्डविन स्कूल कदमा की प्राचार्या जेएसएससी, सीबीएसई की अध्यक्ष तथा बिहार और झारखंड में विज्ञान विषय की विशेषज्ञ डॉ. सुभोश्री सरकार तथा वाइस प्रिंसिपल, एनएमएल केरला पब्लिक स्कूल एग्रीकॉ जमशेदपुर, रजनी शर्मा संसाधक के रूप में उपस्थित थी.

### बिजली से जुड़े 77 व चेक बाउंस के 5 मामले निष्पादित



**चाईबासा।** सिविल कोर्ट चाईबासा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बिजली एवं एनआईएक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित वादों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को बिजली से संबंधित 77 मामलों का निष्पादन किया गया. चेक बाउंस से संबंधित पांच मामलों का निष्पादन किया गया.

### अंतर विभागीय चेस, टीटी, कैरम प्रतियोगिता प्रारंभ



**किरीबुरु।** सेल, किरीबुरु प्रबंधन के तत्वाधान में अंतर विभागीय इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीजीएम एस एस साहा, महाप्रबंधक ए के पटनायक, महाप्रबंधक नवीन सोनकुशरे ने किया. मौके पर उदय भान सिंह राठौर, टी बनर्जी, आलोक रंजन, प्रदीप जयसवाल, शशी भूषण, अरविंद कुमार, विद्युत सरकार, सुमित कुमार, सुरेश पान, जगमोहन सामड, ईशान कठोते, सुनील पासवान आदि उपस्थित रहे.

### किडजी प्री स्कूल में हुआ पैरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम



**घाटशिला।** गोपालपुर स्थित किडजी प्री स्कूल में शनिवार को अभिभावकों के लिए पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. साथ ही बच्चों के लिए हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया था. मौके पर शिक्षिका सुमिता दास, संचालिका रश्मि सिंह, संतोष कुमार सिंह, डॉ. रंजू महतो, कनक लता, इंद्राणी राय, कनक लता देव, लिली बोस, गुरप्रीत कौर, सुजाता मजूमदार, अनु जायसी, सुमिता दास आदि मौजूद रहे.

### डीएवी चाईबासा ने उच्च विद्यालय महुलडीहा को हराया



**चाईबासा।** उद्योगपति सह समाजसेवी पदम कुमार जैन द्वारा प्रायोजित एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित 13वीं ज्ञान चंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को खेले गए मैच में सुरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल चाईबासा ने उच्च विद्यालय महुलडीहा को पांच विकेट से हराया. मौके पर जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम सिंह, गुरमीत सिंह, अंपायर तेजनाथ लकड़ा एवं सुजीत रॉय तथा स्कोरर उपेंद्र चौरसिया आदि मौजूद थे.

### उम्मीदवार को विजयी बनाने का लिया गया निर्णय



**चांडिल।** जेबीकेएसएस-जेएलकेएम की कुकड़ू प्रखंड स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन नवकुंज महादेव बेड़ा जारगो में आयोजित किया गया. झारखंड आंदोलनकारी सह जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में रांची संसदीय क्षेत्र से जेबीकेएसएस-जेएलकेएम के उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए रणनीति बनायी गयी. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए घर-घर जन जागरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया. महतो ने कहा कि सभी एकजुटता के साथ टाइगर जयराम महतो के नया झारखंड निर्माण का संकल्प और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा.

### सदर एसडीओ शैलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

# सुरक्षित स्थान पर बसाये जाएंगे बिरहोर, मिलेगी बुनियादी सुविधा

**शुभम संदेश इंपैक्ट**



**खास बातें**

- शुभम संदेश की खबरों का प्रशासन ने लिया संज्ञान
- कोल माइंस से हो रहे प्रदूषण का मामला भी उठाया गया

संवाददाता। हजारीबाग

शुभम संदेश की खबर का एक बार फिर बड़ा असर हुआ है. बिरहोरों की समस्याओं को लेकर शुभम संदेश अपने अंक में लगातार खबरें प्रकाशित करता रहा है. खबरों पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है. बिरहोरों की समस्याओं को लेकर सदर एसडीओ शैलेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को केरेडारी प्रखंड कार्यालय में एक अहम बैठक की गई. बैठक में बिरहोर टोला पगार को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने और चट्टी बरियातू कोल माइंस से संबंधित अन्य समस्याओं को दूर करने पर विचार-विमर्श किया गया.

बैठक में तय किया गया कि खाता नंबर- 436 पर बिरहोर टोला पगार को स्थानांतरित किया जाए. उक्त चिन्हित स्थल पर शीध्र ही बिरहोर परिवारों के लिए आवास, सड़क, स्कूल, पुल और पानी की व्यवस्था करने को कहा गया.

बैठक में बिरहोरों की अन्य समस्याओं को भी दूर करने का निर्णय लिया गया. साथ ही चट्टी बरियातू कोल माइंस से हो रहे प्रदूषण, विस्थापन सहित अन्य मामलों को भी उठाया गया. एसडीओ ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुये प्रदूषण नियंत्रण और विस्थापन लाभ समेत अन्य समस्याओं को दूर करने का निर्देश एनटीपीसी को दिया गया. इस बैठक में सदर एसडीओ शैलेश कुमार, केरेडारी सीओ राम रतन कुमार वर्णवाल, केरेडारी बीडीओ अमित कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, मुखिया झरीलाल महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि महेंद्र रजक, सुंदर गुप्ता, बिनोद नायक, एसपी गुप्ता, स्वांन, सोहराई डीजीएम मनोज सिन्हा, को-ऑर्डिनेटर रवि सिन्हा, अनुराग गुप्ता, अवधेश सिंह, वार्ड सदस्य प्रभु राम, बिसून बिरहोर, मालती बिरहोरिन आदि उपस्थित थे.

# जिले में 22488 नए मतदाता डालेंगे वोट

संवाददाता। कोडरमा



लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर चुनाव तैयारियों की जानकारी दी.

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है. उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की अंतिम तिथि तीन मई है. चार मई को स्क्रूटनी और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख छह मई है. उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है. नामांकन के लिए गिरिडीह डीसी निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए हैं. उन्होंने बताया कि कोडरमा जिला अंतर्गत कुल मतदान केंद्रों की संख्या 628 है, जिनमें कोडरमा विधानसभा में 429, बरकट्ठा के 146 और बरही विधानसभा के 53 मतदान केंद्र आते हैं. कोडरमा जिले में 18-19 वर्ष के कुल 22488 मतदाता हैं जो पहली बार वोट डालेंगे. जिले में 142 मतदाता 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं. पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है. चुनाव को लेकर सभी तरह की तैयारियां कर ली गई हैं. भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद है. एसपी ने बताया कि जिले में 5 अंतरराज्यीय और 7 अंतर जिला चेकपोस्ट बनाए गए हैं. मतदान के लिए सुरक्षा बलों की 15 कम्पनी मांगी गयी है. साथ ही सभी ब्लॉक मुख्यालय में हेलिपैड चिह्नित किए गए हैं. पूरे जिले में 1217 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा गया है. पत्रकार वार्ता में अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय सोनी, डीपीआरओ रवि कुमार भी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### महिला की गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज

**कटकमसांडी।** महिला की गुमशुदगी को लेकर कटकमसांडी थाने मे सनहा दर्ज कराया गया है. दर्ज सनहा में लखनु निवासी व भाई अनवारूल खान द्वारा बताया गया कि उसकी करीब 65 वर्षीय बहन गुलशन खातुन वर्षों से मानसिक रूप से बीमार है. वह दिनभर गांव के गली मुहल्ले में ही घूमते रहती थी और रात में अपने कमरे में आकर सोती थी. गत 25 अप्रैल को करीब दस बजे रात में घर से बाहर निकली और वापस नहीं लौटी.

### 11 गाड़ियों से वसूला गया 2.54 लाख जुर्माना

**रामगढ़।** डीटीओ मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए. उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई. इसमें कुल 254000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया. जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से अपील की है कि वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग करें.

### पूर्व मुखिया के निधन पर हुई शोकसभा

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के चंदवार पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी बाढों पांडेय नहीं रहे. 90 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को उनका निधन हो गया. वह गुरुवार की रात्रि अपने पोता अविनाश कुमार पांडेय की बरात में बोकारो गए थे. शुक्रवार को सुबह पोत्रवधु के घर आने के बाद उन्होंने नित्य दिन की तरह स्नान कर भगवान की पूजा की. इसके बाद वह नाश्ता कर बेड पर सो गए, जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई. बाडों पांडेय वर्ष 1960 से 1978 तक चंदवार पंचायत के मुखिया रहे.

### एक वाहन से 3.42 लाख रुपये नकद बरामद

**हजारीबाग।** जारी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के आदेशानुसार संपूर्ण जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. शनिवार को केरेडारी प्रखंड में स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने जांच के क्रम में एक वाहन से नगद 3.42 लाख रुपये बरामद किए. पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति द्वारा नकदी का हिसाब नहीं देने के उपरांत राशि को जब्त कर व्यय कोषांग को भेजने की प्रक्रिया की जा रही है. अंचल अधिकारी रामरतन कुमार बर्नवाल, दंडाधिकारी सौरभ दीक्षित एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं.

### लोस चुनाव में महामारी के दौरान लोगों से दूरी पर पूछे जा रहे सवाल

# कोविडकाल में जब हो रही थीं मौतें तब कहां थे नेताजी

- सदर विधायक कोविड के समय पत्नी के साथ ग्रामीण इलाकों में जा-जाकर बांट रहे थे चावल दाल

प्रमोद उपाध्याय/रंजना कुमारी

जारी लोकसभा चुनाव में तीन पहले आई कोविड महामारी के दौरान प्रशासनिक कुप्रबंधन और जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति जैसे मुद्दों पर भी जनता बात कर रही है. 2020-21 में जब पूरे देश में कोरोना महामारी की लहर थी, नेता मंत्री तो दूर पति-पत्नी, भाई-बहन और माता-पिता से भी लोग दूर होते जा रहे थे. यहां तक कि कई लोग अपने ही पुत्र और पति की मौत नजदीक से देख रहे थे. राजा हो या रंक सभी की आंखों में मौत का खौफ देखा जाता था. कोई अपनों के खोने के गम में था तो कोई भूखे-प्यासे सैकड़ों किलोमीटर अपने परिवार से मिलने के लिए मुंबई और दिल्ली से पैदल सफल कर रहा था. उस मुश्किल वक्त को लोग आज तक नहीं भूल पाए हैं. इसको लेकर लोग अब लोकसभा चुनाव के समय प्रत्याशियों से खूब साल पूछते देखे जा रहे हैं. हालांकि उस वक्त भी कई समाजसेवी, ट्रस्ट, सेठ, साहूकार लोगों को राहत पहुंचाने का काम कर रहे थे, लेकिन अब वह चुनाव में नहीं दिख रहे और न ही किसी दल में शामिल हैं, लेकिन वैसे लोग दिख रहे हैं जो कोविडकाल में खुद को क्वारंटाइन बताते थे. ये लोग चुनाव आते ही खुद को समाजसेवी और जनता का मसीहा बता रहे हैं.



फाइल फोटो

**मनीष जायसवाल ने भोजन और दवा की व्यवस्था की थी : जागो साव**

इस संबंध में हजारीबाग सदर प्रखंड के कुमारटोली निवासी जागो साव ने बताया कि हम रिक्शा चलाते हैं. राजनीतिक से कोई मतलब नहीं है. हमें दो टाइम का भोजन मिल जाए यही काफी है. कोविडकाल में न सवारी मिलता था और न घर में भोजन की व्यवस्था थी, लेकिन मनीष जायसवाल और कुछ समाजसेवी जगह-जगह पर दाल-भात, सब्जी-पानी और दवा के इंतजाम किए थे और वहीं भोजन खाकर अपनी जिंदगी को बचाया.

**सदर विधायक पत्नी के साथ लोगों को बचा रहे थे : चेतलाल**

इस संबंध में बहेरी पंचायत के मजदूर चेतलाल महतो ने बताया कि जब महामारी फैली थी उस वक्त बड़े-बड़े दिग्गज नेता अपने घर में क्वॉरंटाइन हो गए थे और मोबाइल फोन को भी क्वॉरंटाइन कर दिया था, लेकिन सदर विधायक ने अपना दायित्व निभाया था. वह अपनी पत्नी के साथ कई महीनों तक भंडारा कर लोगों की जान बचाई थी. यहां तक की घर-घर जाकर वह राशन पहुंचाने थे.

**कोविडकाल के मसीहा आज वोट मांगते नहीं दिख रहे : निर्मल महतो**

इस संबंध में सरोनी निवासी निर्मल महतो ने बताया कि जो समाजसेवा कोविडकाल में कर रहे थे वे कहीं चुनाव प्रचार में नहीं दिख रहे हैं. लेकिन जो थे क्वॉरंटाइन में थे वे अपने आप को जनता की मसीहा बता रहे हैं.



**पूरे कोविडकाल का हिसाब देना होगा नेताओं को : ग्रामीण**

हजारीबाग शहर कटकमसांडी कटकमदार के कई लोगों ने बताया कि चुनाव आते ही जात-पात की बात कह कर प्रत्याशी ग्रामीणों को बरगला रहे हैं. कोविडकाल में ये लोग कहां थे. इनको पूरे कोविडकाल का हिसाब देना होगा. ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सदर विधायक मनीष जायसवाल सभी समुदायों को अपनी पत्नी के हाथों से खुद खड़ा होकर दाल, भात, सब्जी खिला रहे थे. यहां तक कि वह तेल-साबुन, दाल-चावल, चीनी और दवा घर-घर जाकर पहुंचा रहे थे. पुलिस और पत्रकार को भी सहयोग करते देखे गए थे.

**जरूरत के समय दूर भागते थे, अब अपना परिवार बता रहे हैं नेताजी : योगेंद्र प्रसाद**

इस संबंध में सिल्वर कल के योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि जब कोविड महामारी आयी थी उस वक्त नेताओं को फोन करते थे लेकिन वे खुद को क्वारंटाइन बताते थे. वे कहते थे कि हम सदर विधायक नहीं हैं, लेकिन आज जब लोकसभा का चुनाव आया है तो ऐसे नेता हजारीबाग जिलावासियों को अपना परिवार बता रहे हैं और वह अब जात-पात कहकर चुनाव जीतना चाहते हैं.

# दुकान में घुसकर अपराधियों ने बुजुर्ग का गला रेता, जांच शुरू

संवाददाता। रामगढ़

**खास बातें**

- इस वारदात से पूरे इलाके में फैल गयी है सनसनी
- परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में गये हुये थे

जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू गांव में लूटपाट की नीयत से दुकान में घुसे अपराधियों ने एक बुजुर्ग का गाल रेत दिया. इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. इस मामले की पुष्टि करते हुए शनिवार को रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात की है. बरियातू गांव में बंसी सोनार (85) अपने घर में ही मौजूद थे. घर के बाहर ही उनकी एक दुकान भी है. परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे. इसी दौरान दुकान में लूट की मंसा से घुसे अपराधियों ने वहां तांडव मचाया. जब अपराधियों का विरोध बंसी सोनार ने किया तो उन लोगों ने गला रेत कर उनकी हत्या कर दी. अब इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अपराधियों की धर पकड़ जारी है. पुलिस को संदेह है कि आसपास के ही कुछ लोग इस वारदात को अंजाम देने में शामिल है . उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि घर में कोई नहीं है और वहां आसानी से चोरी और लूटपाट की जा सकती है. लेकिन बंसी सोनार के द्वारा किया गया विरोध और पहचान लिए जाने के डर से अपराधियों ने उनकी हत्या की है.

### रामगढ़ में सीसीएल कर्मी ने की खुदकुशी

**रामगढ़।** जिले के बरकाकाना में एक सीसीएल कर्मी ने फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली. वह पिछले लंबे समय से तनाव में चल रहा था. उसकी पहचान केंद्रीय कर्मशाला के कर्मचारी राजेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है. मृतक की पत्नी संतोषी मिश्रा ने बताया कि उनका परिवार सीसीएल कॉलोनी के बैंक मोहल्ला में क्वार्टर संख्या 1बी/5 में रहता है. वह शुक्रवार की शाम बेटे के साथ बाजार निकली थी. इस बीच उसकी सास भी बाहर टहलने चली गई. जब वे लोग घर लौटे तो दरवाजा खुला देखकर चौंक गए. जब अंदर कमरे में घुसे तो राजेश को पंखे से फंदे पर झूलता पाया. राजेश कुमार शुक्रवार शाम ड्यूटी से घर लौटे थे. सूचना पर बरकाकाना ओपी पुलिस पहुंची और शव को शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### बस पलटने से दो यात्रियों की मौत, कई लोग घायल



**चतरा।** बस पलटने से दो यात्रियों की मौत हो गई. यह घटना शनिवार की दोपहर चतरा-डोभी मुख्यमार्ग एनएच 22 पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में हुई है. जहां यात्रियों से भरी सिटी राइड बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में दो परीक्षार्थी समेत आधा दर्जन यात्री घायल हैं. जिसमें एक युवती और एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई. दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. बस चतरा से यात्रियों को लेकर कुंदा जा रही थी. इसी दौरान अनियंत्रित होकर संघरी घाटी में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया.

# बड़कागांव थाने से फरारी मामले में गैंगस्टर अमन साहू बरी

संवाददाता। हजारीबाग

चर्चित बड़कागांव थाना से फरारी मामले में गैंगस्टर अमन साहू बरी हो गया है. सेंट्रल जेल पलामू में बंद गैंगस्टर अमन साहू को आज शनिवार को हजारीबाग के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया.

न्यायालय ने बड़कागांव थाना कांड संख्या – 169/19 में साक्ष्य के अभाव में अमन को बरी कर दिया. मामला बड़कागांव थाना में पुलिस हिरासत में रहने के दौरान पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर फरार होने से जुड़ा हुआ था. हालांकि अभी अमन के विरुद्ध राज्य के कई जिलों में मुकदमे लंबित हैं, जिसकी सुनवाई चल रही है. सरकार के तरफ से लोक अभियोजक और बचाव पक्ष के तरफ से वरीय अधिवक्ता सौरभ पांडेय मुकदमे की पैरवी. कर रहे थे.

**झामुमो नेता की हत्या के मामले में अमन साहू को लिया गया था हिरासत में**

24 सितंबर 2019 को रामगढ़ जेल गेट से अमन साहू को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार किया था .अमन के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं था. उसे जमानत पर छोड़ा गया था .हजारीबाग के उरीमारी थाना क्षेत्र में एक झामुमो नेता की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए उसे हिरासत में लिया गया था. इसी दौरान 28 – 29 सितंबर 2019 की रात नाटकीय तरीके से अमन साहू बड़कागांव थाना से फरार हो गया था.

### हजारीबाग क्षेत्र से भाकपा उम्मीदवार होंगे अनिरुद्ध 2 मई को करेंगे नामांकन

**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार बड़कागांव प्रखंड के ग्राम हरली निवासी अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार होंगे. इसकी जानकारी देते हुए कुमार ने कहा कि वह 2 मई को पर्चा दाखिल करेंगे. इसके लिए 30 अप्रैल को हजारीबाग स्थित मंजूर भवन पार्टी कार्यालय में बैठक की जाएगी. जिसमें मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, झारखंड प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी जिला के जिला सचिव, प्रखंड सचिव एवं प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे.



### नाबालिग बच्चों से करायी जा रही नशीले पदार्थ की तस्करी

# आठ किलो अफीम बरामद

संवाददाता। चतरा

नशा कारोबारी इन दिनों अफीम की तस्करी के लिए नाबालिग बच्चों का सहारा ले रहे हैं. शनिवार को चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप बस का इंतजार कर रहे नाबालिग से शक के आधार पर पूछताछ व तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान उसके पास से तस्करी में इस्तेमाल सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल व आठ किलो अफीम बरामद किया गया. जिसके बाद नाबालिग को निरुद्ध करते हुए विधिवत रूप से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया. बरामद अफीम की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है.



पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि उसे गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेय टोला निवासी राहुल पांडेय ने अफीम का खेप हजारीबाग पहुंचाने के लिए उपलब्ध कराया था. इसके एवज में उसे मोटी रकम देने की बात कही गई थी.

### ट्रैक्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त किशोर चालक की मौत

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के हुदवा में शुक्रवार रात्रि लगभग 9:00 बजे सिकरी के पारपैन से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि सिकरी निवासी सिद्धेश्वर महतो के पुत्र दशरथ कुमार (16) ट्रैक्टर से बालू लेकर हजारीबाग के आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर दशरथ कुमार इंजन के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई. दशरथ कुमार ने इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी से उत्तीर्ण की थी.

# पुलिस ने 18 पशु लदा वाहन किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण

पुलिस ने एक वाहन को जब्त र 18 पशुओं को मक्त कराया. बरामद बैल व साढ़ का चारों पैर और मुंह बंधा हुआ था. इनमें से दो सांढ़ मृत पाये गये. इसके साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया जिसकी पहचान गुल्फाम (50), ग्राम सुल्तानपुर, हापुड़ थाना देहात, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है. गुलफाम ने बताया कि लोकेशन देने वाला स्थानीय वाहन आगे-आगे स्कॉट करते हुए जा रहा था. गौवंशीय पशुओं की तस्करी में एक बड़ा गिरोह शामिल है. इससे पहले पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना थी कि गया की ओर से एक डीसीएम वाहन गौवंशीय पशुओं को वधशाला बंगाल लेकर जा रहा है. थाना प्रभारी दीपक सिंह ने चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर टीम का नेतृत्व करते हुए वाहनों की तलाशी शुरू की. करीब 4 बजे नारंगी रंग का डीसीएम वाहन आता हुआ दिखाई दिया. पीछा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को छोड़ कर भागने ही वाला था कि पुलिस ने उसे पकड़ लिया.



### दो कुख्यात अपराधियों को किया गया जिला बदर

**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान (भुरकुंडा, पतरातू) एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक(जयनगर, पतरातू) को जिला बदर किया है और इनके विरुद्ध कई आदेश जारी किए हैं. दोनों अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है. अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा.

**निर्देश** केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, कहा

# चुनाव अवधि में अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी अहम

संवाददाता। हजारीबाग




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजूद थे. शनिवार को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया. व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा. साथ ही अभ्यर्थियों के भी बैंक खातों से 10 लाख रुपये से अधिक के वित्तीय लेन-देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है. सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है.

**आपसी समन्वय के साथ कार्यों का करें निष्पादन**

व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे. सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे. व्यय नोडल पदाधिकारी व उत्पाद विभाग के सभी नोडल पदाधिकारी को संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्यों का निष्पादन करने के साथ साथ निर्वाचन कार्यों का सफलता पूर्वक संचालन करने की बात कही.

### पार्सल कंटेनर में लगी आग, लाखों रुपये का सामान जलकर राख

**चौपारण।** प्रखंड के चतरा रोड के रानीक मोड़ के समीप एक चलती पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई. आग लगती देख वाहन के चालक ने गाड़ी को साइड में खड़ा कर दिया. देखते ही देखते वहां काफी संख्या में लोग जुटने लगे और इसकी सूचना प्रशासन और दमकल वाहन को दी. वहीं कई लोगों अपने मोबाइल फोन निकालकर वीडियो भी बनाते दिखे. घटना की सूचना पर आधे घंटे के अंदर ही दमकल वाहन पहुंचकर आग पर का काबू पाया, लेकिन फिर भी ट्रक में लोड लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई. ट्रक गया, बिहार से पार्सल लोड कर चतरा की ओर जा रहा था. पार्सल गाड़ी में कपड़े से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई तरह के सामान लोड थे. वाहन में आग से 10 लाख से अधिक का सामाना जलकर राख होने का अनुमान है.

# पोटमो और सीसामो में जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात



संवाददाता। चरही

चुरचू प्रखंड अंतर्गत अंगो थाना क्षेत्र के पोटमो और सीसामो गांव में शुक्रवार रात्रि को जंगली हाथियों के 22 झुंडों ने जमकर उत्पात मचाया. जंगली हाथियों के आगमन से दोनों गांव के ग्रामीण रात भर दहशत में रहने को मजबूर रहे. हाथियों के झुंडों ने पोटमो निवासी अर्जुन मांझी के मिट्टी का घर और सीसामो निवासी हेमलाल अगरिया की दीवार को पूरी तरह से तोड़-फोड़ करते हुए घर के अंदर रखे चावल तथा अन्य अनाज चट कर गए. हाथियों के झुंडों को दूर भगाने के लिए दोनों गांव के ग्रामीण एकजुट होकर खदेड़ दिए. चुरचू प्रखंड के पूर्व प्रमुख दुर्योधन महतो ने बताया कि दोनों गांव में हाथियों के झुंड अचानक पहुंचे, जिसे देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई. लोग घर से निकलकर इधर-उधर भागने लगे. इसकी जानकारी वन विभाग को दे दी गयी है. हाथियों के झुंड अभी भी उपरोक्त गावं के जंगल में जमे हुए हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** भाग्य भाव मे चंद्रमा है, धन का लाभ मिलेगा. साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है. स्थायी संपत्ति खरीदने का मन बनेगा. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. कामकाज की गति बनी रहेगी.

**वृषभ** समय सामान्य है. कुछ मानसिक उलझन होगा. घर की चिंता रहेगी. विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे. कला के क्षेत्र में इच्छित सफलता मिलने के योग हैं. सरकारी राज्यपक्ष के कामों में पर्याप्त सावधानी रखें. मित्रों से मदद मिलेगी.

**मिथुन** जरूरी कार्य पर खर्च होगा. कोई नया कार्य मे जोखिम न उठाएं. व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी. पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा.

**कर्क** समय बहुत ही अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे. अपने व्यसनों पर काबू रखना चाहिए. किसी से भी बोलने से पहले विचार कर लें.

**सिंह** तनाव बढ़ सकता है. शिक्षा में सुधार का समय आ गया है. बस प्रयास करें. रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी. दांपत्य जीवन सुखद रहेगा. प्रसन्नतावर्धक समाचार मिलेंगे. व्यापार में इच्छित लाभ होगा.

**कन्या** किसी बात को लेकर मन मे प्रसन्नता बढ़ेगी. कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना कुछ कम रहेगी. विवेक से निर्णय करने पर लाभ एवं सफलता प्राप्त हो सकेगी. नए कार्य का आरंभ लाभदायी रहेगा.

**तुला** कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी. कुछ हानि भी हो सकता है, धैर्य रखें. काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बांटना आवश्यक है. आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है. इतर का दान और प्रयोग करें.

**वृश्चिक** विद्यार्थी शिक्षा में सफल रहेंगे. धनार्जन होगा. पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें. आत्मविश्वास बना रहेगा. कारोबार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें.

**धनु** कार्य बनने से मानसिक शांति मिलेगा. भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें. अधिकारी आपकी कार्यशैली से नाराज हो सकते हैं. परिश्रम के अनुरूप सफलता नहीं मिलेगी. संतान की इच्छा पूरी होगी.

**मकर** कुछ विवाद भी हो सकता है. पर किया गया व्यवसाय ठीक करेगा. व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे. सही समय पर लिए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं. आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं. कुछ नया हो सकता है.

**कुंभ** उतावली में कोई काम न करें. पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है. सामाजिक, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. विद्यार्थियों को पढ़ाई की चिंता रहेगी. पर मेहनत से विजय पाया जा सकता है. अन्न दान करें.

**मीन** सत-कर्म में रुचि बढ़ेगा. लाभ में वृद्धि होगी. कुसंगति से बचें. परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है. संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं. आपके अच्छे कर्म से घर परिवार में खुशहाली होगा. शनि को प्रसन्न करें.

## गुमला जिले के सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**गुमला।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया. इस संबंध में रांची के इटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था. न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में मुंशी ने उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की. इसके बाद एसबी टीम ने शनिवार को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया.

## एक मई को नामांकन करेंगी अनुपमा

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह एक मई को दोपहर एक बजे धनबाद समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगी . नामांकन दाखिल करने के बाद तीन बजे गोल्फ ग्राउंड में आमसभा होगी. इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व मंत्री, विधायक, एआईसीसी के सभी सदस्य, प्रदेश डेलिगेट, प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी,सभी मंच-मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं सभी प्रखंड/नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि निर्धारित तय समय पर भारी से भारी संख्या में पहुंचकर प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हों.

## ई-रिक्शा चालकों के माध्यम से मतदाता जागरुकता रैली

**गढ़वा।** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं. इसी क्रम में शनिवार को परिसदन भवन गढ़वा परिसर से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के ई-रिक्शा चालकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. सामान्य प्रेक्षक, रेम्या मोहन मुददत्त (आईएएस) ने हरी झंडी दिखाकर ई रिक्शा को रवाना किया. मौके पर प्रमेश कुशवाहा, सुशील कुमार, नीलम कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे. शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह एक अनूठी पहल है.

### गुमला चैंबर के नये कार्यालय के उद्घाटन पर बोले एफजेसीसीआई अध्यक्ष किशोर मंत्री

# व्यापारी बंधु मेरे कार्यालय आएं, समस्या के निदान का प्रयास किया जाएगा

संवाददाता। गुमला



**बढ़ा विश्वास**

- एफजेसीसीआई एवं गुमला चैंबर की संयुक्त बैठक हुई
- हम सभी गुमला के व्यापारियों के लिए गर्व की बात है
- 1994 में गुमला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का गठन हुआ था

चैंबर ऑफ कॉमर्स, गुमला के नये कार्यालय का उद्घाटन बस स्टैंड रोड स्थित सिद्धि विनायक होटल में फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष किशोर मंत्री, गुमला चैंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन के पश्चात गुमला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में एफजेसीसीआई एवं गुमला चैंबर की संयुक्त बैठक हुई.

बैठक में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनंदन किया गया. पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी का स्वागत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने किया. एफजेसीसीआई की पूरी टीम का स्वागत गुमला चैंबर के पदाधिकारियों ने एकल पुष्प देकर किया. स्वागत भाषण में गुमला चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य की बात है कि गुमला के धरती पुत्र व्यापार के क्षेत्र में यहां से निकल कर झारखंड की राजधानी रांची में अपना परचम लहराते हुए फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दो बार अध्यक्ष बने. यह हम सभी गुमला के व्यापारियों के लिए गर्व की बात है. इनके नेतृत्व में झारखंड चैंबर व्यापारी के हित में अच्छे काम कर रही है.

आशा करते हैं कि इसका लाभ झारखंड के सभी छोटे बड़े व्यापारियों को मिलेगा. क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने कहा कि गुमला शहर के बीचो बीच गुमला चैंबर का कार्यालय खोला गया है. जिसमें गुमला के सभी व्यापारी बंधु अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय में आ सकते हैं. समस्या के निदान का पूरा प्रयास किया जायेगा. इससे व्यापारी एकता मजबूत होगी. सचिव बबलू वर्मा ने कहा कि गुमला चैंबर पर शहर के व्यापारियों का विश्वास बढ़ा है. हमारा प्रयास रहा है कि गुमला के व्यापारी और शहरवासी को कोई समस्या हो तो तुरंत उसका समाधान कराया जाये.

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि गुमला के इस संयुक्त बैठक में काफ़ी सुखद अनुभूति हो रही है. कहा कि गुमला चैंबर जिसका निर्माण छोटे से पौधे के रूप में हुआ था वह आज वट वृक्ष का रूप ले ली और इस मुकाम पर पहुंची. जिस तरह चौसठ वर्ष पूर्व फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का गठन हुआ था. ठीक उसी तरह सन 1994 में गुमला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का गठन हुआ था. आज 30 वर्ष पूरे हो गये. किशोर मंत्री ने कहा कि गुमला चैंबर के द्वारा गुमला में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की गयी थी. जिस पर हमने रांची के डीआरएम से इस विषय पर प्रमुखता से बातों को रखते हुए मांग किया. जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि दो महीनों के अंदर गुमला में रिजर्वेशन काउंटर के लिए टेंडर किया जायेगा.

### लोकसभा सीट खूंटी : झारखंड का सबसे हॉट सीट बना

# एक बार फिर अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर

प्रवीण कुमार। रांची



**खास बातें**

- कुर्मी वोटरों की नाराजगी भी झेलनी पड़ सकती है अर्जुन को
- कांग्रेस के कालीचरण चुनाव से ठीक पहले हो जाते हैं सक्रिय

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए आसन्न लोकसभा चुनाव उनके राजनीतिक जीवन-मरण से जुड़ गया है. वे झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में है. भाजपा द्वारा अर्जुन मुंडा को दूसरी बार खूंटी से उम्मीदवार बनाये जाने से यह सीट झारखंड की सबसे हॉट सीट बन गयी है. वर्ष 2019 को लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा को कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण से कड़ी टक्कर मिली थी और महज 1,445 वोटों के अंतर से मुंडा चुनाव जीते थे. एक बार फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से उनका मुकाबला है. वर्तमान में कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा झारखंड में तीन बार मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं. खूंटी में अर्जुन मुंडा की राजनीतिक प्रतिष्ठा एक बार फिर से दांव पर होगी.

**कई मायने में अलग हो सकता है 2024 का चुनाव :** तमाड़ जैसे इलाके में को कुड़मी /कुर्मी को आदिवासी में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अर्जन मुंडा को कुर्मी वोटरों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है. दूसरी ओर खूंटी इलाके के मतदाता मुंडा के कामकाज का भी आकलन करेंगे. वहीं, लोकसभा चुनाव की घोषणा के ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने कांग्रेस कार्यकताओं में उर्जा भरने का काम किया था. राहुल गांधी ने स्थानीय जनसंगठनों के प्रतिनिधियों से भी मिले थे. उन्होंने पत्थलगड़ी, लैंड बैंक जैसे मामले में राज्य सरकार को पत्र लिख इन्हें हल करने की बात कही थी. वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को लेकर लोस क्षेत्र के चार विधानसभा खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा विधानसभा में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रियता से काम कर रहे हैं.

### तमाड़ और खरसांवा ने अर्जुन को दिलायी थी जीत

2019 को लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा तोरपा, खूंटी, सिमडेगा और कोलेबिरा में पिछड़ने के बाद खरसावां और तमाड़ ने उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. तमाड़ विधानसभा में जहां अर्जुन मुंडा 42 हजार से अधिक मतों के अंतर से बढ़त बनायी, वहीं खरसावां में भी उन्होंने करीब 34 हजार मतों से बढ़त ली. यही कारण है कि चार विधानसभा सीटों में भी पिछड़ने के बावजूद अर्जुन मुंडा अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को पराजित करने में सफल रहे.

### कालीचरण को चार विस क्षेत्रों में मिली थी बढ़त

कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को तोरपा विधानसभा में करीब 23 हजार, खूंटी में 22 हजार, सिमडेगा में पांच हजार और कोलेबिरा में 25 हजार मतों से बढ़त मिली थी. इस तरह से इन चार विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 75 हजार वोट से कालीचरण मुंडा आगे थे. लेकिन अर्जुन मुंडा ने खरसावां और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जो 76,500 मतों की बढ़त बनायी, यही बढ़त डेढ़ हजार वोटों से उनकी जीत में निर्णायक साबित हुई थी.

### बरला के कांग्रेस में शामिल होने से मिलेगा लाभ

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस में दयामनी बरला के शामिल होने के बाद तोरपा, खूंटी, कोलेबिरा से कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी होगी. वहीं झारखंड पार्टी (एनोस) के उम्मीदवार इसाई मतों का कितना विभाजन करा पाते हैं, इस पर भी अर्जुन मुंडा की हार-जीत टिकी हुई है. राजनीतिक पंडित यह भी कहते हैं कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो द्वारा दयामनी बरला को टिकट नहीं देने के कारण राज्य के दो आदिवासी आरक्षित सीटों पर गठबंधन की हार हुई थी.

### मिल रहा नीलकंठ समर्थकों का साथ

जानकार बताते हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण को भाजपा विधायक नीलकंठ के समर्थकों का साथ मिल रहा है. ये वे समर्थक हैं, जो नीलकंठ के काफी करीबी बताये जाते हैं, मगर ये लोग भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं. इनका समर्थन मिलना कालीचरण के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है.

## दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल सश्रम कारावास, 30 हजार जुर्माना

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाया फैसला

संवाददाता। कोडरमा

दहेज हत्या के दोषी पति को 14 साल की सजा सुनायी गयी है. दहेज के लिए हत्या मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को दोषी पति मोहम्मद जावेद को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी. इसके साथ ही 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया. जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. मामला वर्ष 2020 का है. मृतका के पिता मोहम्मद शहजाद ने चंदवारा थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था. उनका कहना था कि पुत्री अफसाना खातून की शादी 27 जून 2019 को मो जावेद के साथ की थी. तीन माह तक वह ससुराल में ठीक से रही. इसके बाद उसे एक मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपए के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा. पंचायती भी हुई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. 23 जून 2020 की सुबह 6 बजे फोन से सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गयी है. मृतका के पिता ने मोहम्मद जावेद, मोहम्मद आबिद, सावेद, नजमुल खातून सहित अन्य पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया था.

चंदवारा थाने में कांड दर्ज होने के बाद अदालत में एसटी-42/20 के तहत सुनवाई हुई. अदालत में लोक अभियोजक एंजेलिना वारला व अधिवक्ता अनवर हुसैन ने पैरवी की. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार ने दलील रखी. अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया.

## युवक का अपहरण कर बोलेरो में ले जाते पांच लोग धराए

संवाददाता। चांडिल

**खास बातें**

- हिरासत में लेकर आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिस
- ग्रामीणों ने अपहरण करते देखा, तो खदेड़ कर पकड़ा

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण करने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. हालांकि ग्रामीणों की सजगता और सक्रियता से अपहरणकर्ता अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सका. मिली जानकारी के अनुसार, एक बोलेरो सवार पांच लोग नीमडीह थाना क्षेत्र के लावा गांव के पास लावा मोड़ से एक व्यक्ति का अपहरण कर ले जा रहे थे. इस बीच ग्रामीणों ने उसे देख लिया और तत्काल आसपास के दूसरे गांवों के लोगों के साथ नीमडीह थाना पुलिस को सूचना दी.

लावा गांव से व्यक्ति का अपहरण कर ले जाते बोलेरो सवार अपहरणकर्ताओं को ग्रामीणों ने नीमडीह थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के पास घेर कर पकड़ लिया. इस बीच नीमडीह थाना की पुलिस भी न मौके पर पहुंच गयी और पाचों लोगों को पकड़ लिया और अपहृत को मुक्त कराया. इस संबंध में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान ने बताया कि पुलिस पांचों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. इनके बीच आखिर क्या मामला है, व्यक्ति का अपहरण क्यों किया जा रहा था, घटना में कितनी सच्चाई है, पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है. इस मामले का पटाक्षेप जल्द ही कर लिया जाएगा.

## पेड़ से टकराई स्कूटी, एक की मौत, दो रेफर

**लोहरदगा।** नेशनल हाईवे 143 ए कुड़-लोहरदगा मुख्य पथ पर कुडू थाना क्षेत्र के ननतिलो मोड़ मंटू ढाबा के समीप स्कूटी सवार ने सड़क के किनारे पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवक घायल हैं. दोनों का लोहरदगा सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया है. बताया जाता है कि चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप सेन्हा गांव निवासी चचेरे भाई अनिल मुंडा तथा कुलदीप मुंडा परिजन छत्तीसगढ़ के लोदाम गांव निवासी विवेक भगत के साथ लोहरदगा से कुड़ आ रहे थे. इसी बीच कुड़ थाना क्षेत्र के ननतिलो मोड़ मंटू ढाबा के समीप स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने विवेक भगत को मृत घोषित कर दिया.

## पलामू में नक्सली सहित दो गिरफ्तार, हथियार बरामद



संवाददाता। पलामू

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के इनामी नक्सली नितेश यादव के दस्ते के सदस्य राजेन्द्र भुइयां को चार भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया. राजेन्द्र के साथ विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है. विष्णु हथियारों की मरम्मत करता था. उसके घर से हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए गए हैं. राजेन्द्र हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नासो जमालपुर जबकि विष्णु इसी थाना क्षेत्र के जीतामाटी सलैया टिकर का रहने वाला है. एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि राजेन्द्र भुइयां दो वर्षों से माओवादी नितेश यादव के दस्ते में शामिल रहा था. छापेमारी के दौरान चार भरठुआ बंदूक, दो बैरल, लोहे की पाइप, बारूद एवं भरठुआ बंदूक में भरने वाला मसाला, छर्रा, बैरिंग, बंदूक में इस्तेमाल होने वाला घोड़ा एवं अन्य पुर्जे बरामद हुए.

बंदूक राजेन्द्र के अलावा कर्मदेव भुइयां, उपेंद्र भुइयां नासो जमालपुर एवं राजेश कुमार रवि बैरियाडीह के घर से बरामद हुआ.

## बलबड्डा थानेदार राहुल ने जिंदा जलने से बच्ची को बचाया

**गोड्डा।** बलबड्डा थानेदार राहुल कुमार चौबे ने मानवता और साहस का परिचय देते हुए एक बच्ची को जिंदा जलने से बचाया. दरअसल बलबड्डा थाना क्षेत्र के गडांडा पंचायत के सोनागुझी गांव में रहनेवाली चांदनी देवी, पति-स्व. गोपाल मिश्रा के घर में आग लग गयी. आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने बलबड्डा थाना और फायर बिग्रेड को दी. सूचना मिलते ही बलबड्डा थानेदार राहुल कुमार चौबे फायर बिग्रेड को सूचना देते हुए उक्त गांव में पहुंचे. ग्रामीणों के सहयोग से घर के अंदर फंसी चांदनी देवी और उनकी भांजी को निकाला. दोनों आग से झुलसकर जख्मी हो गये थे. दोनों को एंबुलेंस के सहयोग से महगामा सदर अस्पताल भेजा. इसी दौरान ग्रामीणों ने बताया कि एक 4-5 साल की बच्ची घर के अंदर फंसी है. घर जल रहा था और घर में गैस सिलेंडर होने के कारण डर से कोई नजदीक नहीं जा रहा था. ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा था. इसी दौरान जलते घर से एक बच्ची चौकी के नीचे बेहोशी की हालत में पड़ी थी. थानेदार ने जलते घर के अंदर घुसे और बच्ची को निकालकर अपने वाहन महागामा अस्पताल पहुंचाए. यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को सदर अस्पताल, गोड्डा रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान गंभीर रूप से झुलसी चांदनी देवी ने दम तोड़ दिया.

## पेज एक का शेष

### बहुत कुछ कहते हैं ये आंकड़े...

**हिंदी भाषी राज्यों की वैसी सीटें, जहां पांच या अधिक प्रतिशत मतदान गिरे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीधी | -3.00% | अमरोहा | -6.99% |
| मथुरा | -11.71% | अलवर | -6.95% |
| खजुराहो | -11.37% | राजासमंद | -6.8% |
| रींवा | -10.89% | कटिहार | -6.55% |
| शहडोल | -10.05% | नवादा | -6.55% |
| दामोह | -9.49% | नैनीताल | -6.44% |
| सतना | -9.38% | उदयपुर | -6.27% |
| मुजफ्फरनगर | -9.19% | गाजियाबाद | -6.21% |
| झुंझुनू | -8.94% | भरतपुर | -6.2% |
| बागपत | -8.71% | पाली | -6.11% |
| जयपुर ग्रामीण | -8.69% | भागलपुर | -5.72% |
| जबलपुर | -8.43% | दौसा | -5.71% |
| गंगानगर | -8.11% | मेरठ | -5.56% |
| अजमेर | -8.05% | करौली-धौलपुर | -5.53% |
| होशंगाबाद | -7.47% | हरिद्वार | -5.52% |
| सीकर | -7.47% | भीलवाड़ा | -5.51% |
| बिजनौर | 7.42% | जोधपुर | -5.5% |
| टोंक सवाई माधोपुर | -7.38% | बीकानेर (एससी) | -5.28% |
| टीकमगढ़ | -7.34% | जयपुर | -5.09% |
| रामपुर | -7.32% | अलीगढ़ | -5.02% |
| गौतमबुद्ध नगर | -7.28% | नागपुर | -5.01% |
| बुलंदशहर | -7.06% | कैराना | -4.98% |

(नोटः इस लेख में उल्लेखित आंकड़े आर्थिक एवं राजनीतिक मामलों के रिसर्चर श्रेयस सरदेसाई के मतदान से जुड़े आंकड़ों पर आधारित है.)

### हिंदू-मुस्लिम या एससी-एसटी और...

**भारत में किसके पास सबसे ज्यादा संपत्ति :** रिपोर्ट के अनुसार आबादी का आंकड़ा देखें तो अपर क्लास हिंदू, बैकवर्ड, एससी-एसटी और मुस्लिमों में सबसे ज्यादा जनसंख्या पिछड़े वर्ग की है. उनकी आबादी 35.6 फीसदी है. देश की संपत्ति का 31 फीसदी हिस्सा उनके पास है. वहीं, देश की कुल आबादी में से 22.28 फीसदी अपर क्लास हिंदू हैं और 41 फीसदी संपत्ति उनके पास है. उच्च जाति के लोगों की संपत्ति का आंकड़ा उनकी कुल आबादी से भी दोगुना है. संपत्ति और आबादी दोनों ही मामलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग तीसरे नंबर हैं. देश में एससी-एसटी की 27 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन संपत्ति का आंकड़ा आबादी का आधा भी नहीं हां, देश की कुल आबादी में इनका हिस्सा सिर्फ 11.3 फीसदी है. इसी तरह मुस्लिमों के पास 8 फीसदी हिस्सा है, जबकि आबादी 12 फीसदी है.

### लापरवाही | चट्टी मुहल्ला में अज्ञात वाहन ने बिजली के एक पोल में धक्का मार दिया था

# शहर में 20 घंटे से बिजली नहीं, सड़क पर उतरे लोग

संवाददाता। लातेहार



**बिजली गुल**

- सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गयी
- शाम चार बजे के बाद बिजली मिस्त्री वहां पहुंचे

शहर के एक बड़े इलाके में शुक्रवार की रात्रि 12 बजे के बाद से ही बिजली नहीं है. बिजली नहीं रहने से पड़ रही इस प्रचंड गरमी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है. शनिवार की शाम तक बिजली विभाग कर्मी सिर्फ पोल तक गाड़ पाये थे. इसके बाद उन्होंने कहा कि अब तार रविवार को लगाया जायेगा. इसे बाद लोगों का आक्रोश बढ़ गया और लोग सड़क पर उतर गये. शहर के चट्टी मुहल्ला के पास लोग सड़क पर बैठ गये. इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी. बाद में थाना पुलिस के द्वारा जामकर्ताओं को बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता के लिए थाना ले जाया गया. बता दें कि शुक्रवार की मध्य रात्रि 12 बजे एक अज्ञात वाहन ने चट्टी मुहल्ला में अशोक कुमार महलका के घर के पास बिजली के एक पोल को धक्का मार दिया था. इसके बाद वाहन ने थोड़ी दूर जा कर एक और बिजली के खंभे को धक्का मार दिया. कुल तीन पोल क्षतिग्रस्त हुआ और बिजली के तार टूट गये. रात में ही लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गयी. लेकिन सुबह तक कोई नहीं पहुंचा. इसके बाद दोपहर के बाद भी विभाग को कोई मिस्त्री पोलों को दुरूस्त करने नहीं पहुंचा. इसके बाद लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा. शाम चार बजे के बाद बिजली मिस्त्री वहां पहुंचे. शाम छह बजे तक सिर्फ बिजली के पोल गाड़े जा सके. इसके बाद बिजली मिस्त्री यह कह कर चले गये कि अब तार रविवार को लगाया जायेगा. इसके बाद तो लोगों का आक्रोश बढ़ गया. लोग सड़क पर बैठ गये और बिजली सेवा बहाल करने की मांग करने लगे. थाना पुलिस को इसकी सूचना मिलने के बाद वे जामकर्ता को समझाया और बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता करने के लिए थाना ले गये. पोल क्षतिग्रस्त होने के बाद शहर के थाना चौक, शिवपुरी मोहल्ला, तेली मोहल्ला समेत कई इलाकों में बिजली नहीं है. समाचार लिखे जाने तक इन इलाकों में बिजली नहीं थी.

## एमआरएमसीएच में छात्रा की मौत पर हंगामा

**पलामू।** जिले के छतरपुर प्रखंड के रामगढ़ की रहने वाली छात्र किरण कुमारी (16) की मौत के बाद एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में परिजनों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया, जिससे करीब दो घंटे तक अफरा-आफरी की स्थिति बनी रही. डाक्टरों के साथ दुर्व्यहार किया गया. आधे घंटे तक ओपीडी ठप रही. मरीज को दिखाने के लिए कटने वाली पर्ची की सेवा रोक दी गई. पुलिस के आने के बाद स्थिति को कंट्रोल में किया गया. परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी गई है, ताकि मौत का कारण स्पष्ट हो सके. हंगामा के दौरान धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर भी लाठी लेकर नजर आए. बताया जाता है कि रामगढ़ की किरण कुमारी पढ़ाई करने के लिए कोचिंग गई थी.

# आ इस पल को जी लेते हैं!



◆ कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**यह** जीवन बहुमूल्य है, अमूल्य है. यह जीवन एक संग्राम-भूमि है, जिसमें आकर हम सबों को संग्राम करना पड़ता है. एक पल में हम रणक्षेत्र में विजय की खुशियां मनाते हैं तो दूसरे पल में ही किसी के घातक प्रहार से आहत हो उठते हैं. अगले पल क्या होगा, इसका कोई भान तक नहीं होता. ऐसे में एक ही साथी होता है और वह है धैर्य. जो संग्राम की भीषणता को देखकर डर जाता है, वह मारा जाता है, लेकिन जो प्रतिकूल परिस्थितियों का डट कर मुकाबला करता है, वह संग्राम में किसी न किसी पल विजयश्री को प्राप्त कर लेता है. तब अतीत के संघर्ष की यादें तन-मन को गुदगुदा जाती हैं. अगले पल ही किसी प्रहार की आशंका कौंध जाती है और एक बार फिर भय की लहरें तन-बदन में दौड़ पड़ती हैं. तब एक बार फिर वीरता के साथ संग्राम करने की प्रेरणा निराशा के महासागर में तैरती हुई पास आ जाती है और किसी भी परिस्थिति का डट कर सामना करने का साहस कुलांचें भरने लगता है.




हमारे मन में कुछ ऐसे ही भाव का दीपक जगमगा उठता है और हमें जीवन के रणक्षेत्र में लगी चोटों पर मरहम लगाकर आशा और राहत प्रदान करता है. कुछ ऐसे ही भाव इस कविता में है, जिसकी रचनाकार हैं जमशेदपुर की कवयित्री **माधवी उपाध्याय.** माधवी जी बेबाक कहती हैं-

आ इस पल को जी लेते हैं, हर गम को हम पी लेते हैं ..
बीत रहे पल-पल समय की धारा को,
अपनी मुट्ठी में संजोकर, खुशियां हम ढूंढा करते हैं.
शब्द-शब्द स्नेहिल भावों से,
अंतर्मन की पाती लिखकर श्वास-श्वास में घुल जाते हैं.
स्वप्नलोक के महलों में, हम पूरी सदियां जी आते हैं.
आ इस पल को जी लेते हैं हर गम को हम पी लेते हैं..
न जाने कल कैसा होगा, शांत प्रहर के जैसा होगा.
न कोई चाहत, न कोई हसरत, बस एकाकी जीवन होगा.
अपने मन को विस्तृत कर
सागर में गहन उतरकर, हम कुछ 'मनके' चुन लाते हैं.
चल नील गगन में पंख लगाकर, हम मधुरस यूं बरसाते हैं.
आ इस पल को जी लेते हैं, हर गम को हम पी लेते हैं ..

माधवी जी, आपकी इस रचना से सारी आशंकाएं निर्मूल हो जाती हैं, पानी से आधी भरी गिलास को देखकर दो तरह की बातें होती हैं. एक यह कि गिलास आधी भरी है और दूसरी यह कि गिलास आधी खाली है. हमें जितना कुछ प्राप्त हुआ है, उनके लिए भाग्यविधाता का अभारी होना चाहिए कि उन्होंने हमें इतना कुछ दिया है. यह भी अकाट्य सत्य है कि सबको सबकुछ नहीं मिलता, लेकिन आशा का दीप जलता ही रहना चाहिए. इस क्रम में प्रस्तुत है मेरे प्रयासों से विरचित यह रचना, जिसका शीर्षक है-मैं कवि हूं.

जीवन में जो कुछ पा न सका मैं भी हूं उन लाचारों में.
अब ढूंढ रहा हूं एक फूल धरती पर बिखरे खारों में.
वह फूल ढूंढता हूं मैं जो महका दे सबके जीवन को.
अज्ञानी को ज्ञानी कर दे धनवान बना दे निर्धन को.
मैं कवि हूं, है मित्रता मुझे कष्टों से और अभावों से.
बेचैन रहा करता हूं मैं तन-मन के अगणित घावों से.
मेरी नजरों में कोई भी होता न खरा या खोटा है.
मेरी नजरों में कोई भी होता न कभी भी छोटा है.
मिल सका प्रेम से जो कोई मैंने उसको माना अपना.
पर उसको लेकर भी मैंने देखा न कभी कोई सपना.
जो मुझे पराया समझ रहा उससे भी मुझको बैर नहीं.
जो दूर चाहता है रहना वह भी है मेरा गैर नहीं.
मेरी नजरों में है महान जो मुझे देखकर रुक जाये.
मैं उसका भी आभारी हूं. जो मेरे आगे झुक जाये.
जब दे सकता मैं नहीं दाम क्यों करे मुझे कोई प्रणाम.
मैं बड़ा समझता हूं सबको करता हूं सबको राम-राम.
शायद मुझको कुछ मिल जाये आचारों और विचारों में.
मैं ढूंढ रहा हूं एक फूल धरती पर बिखरे खारों में.

क्षमा चाहूंगा, ये मेरे अपने विचार हैं और मैं अपने विचार किसी और पर थोपना नहीं चाहता. एक कवि होने के नाते मेरे लिए भी कल्पनाओं और सपनों से सजा एक सुंदर-सा संसार है, लेकिन क्या बताऊं यथार्थ मेरे केशों को पकड़ कर अपनी ठोस धरती पर पटक ही देता है. यथार्थ की धरती पर पटके जाने के बाद कुछ देर तक कराह लेता हूं, लेकिन फिर मेरा मन गौरैया पक्षी की भांति सबकुछ भूल कर फुदकने लगता है, नाचने लगता है. आकाशवाणी रांची के वरिष्ठ उद्घोषक के रूप में अपने यश का पताका लहरा चुके जाने माने गीतकार और कवि **कुमार बृजेंद्र** के शब्दों में गौरैया आत्मबल का प्रतीक है, जिसने बुरे से बुरे मौसम को भी ठेंगा दिखला देने की ठान ली है. कविता-कलम स्तंभ में उनकी यह रचना प्रस्तुत करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं.




फुदक फुदक कर नाचे जाना है,
गौरैया ने मन में ठाना है
मौसम को ठेंगा दिखलाना है.
गौरैया को दाना चुनना है,
चूजों पर भी ध्यान लगाना है,
तिनका-तिनका चोंच दबाना है,
उसे घोसला एक बनाना है..
फुदक फुदक कर नाचे जाना है
पंखों में अपने परवाज लिए,
और गले में सुन्दर साज़ लिए,
कंकरीट या लोहे का जंगल ,
गौरैया को गाना गाना है..
फुदक फुदक कर नाचे जाना है
गौरैया की शर्त बहुत भारी,
धरती में लेगी हिस्सेदारी,
गिद्धों से बाजों से लड़ना है,
गौरैया का यही फ़साना है...
फुदक फुदक कर नाचे जाना है
गौरैया की आशा गड़बड़ है,
गौरैया की भाषा गड़बड़ है,
सांपों को चौराहे लाने को,
गौरैया को बीन बजाना है...
फुदक फुदक कर नाचे जाना है
गौरैया ने मन में ठाना है,
मौसम को ठेंगा दिखाना है

आदरणीय कुमार बृजेंद्र जी सहृदय कवि और गीतकार तो हैं ही, काव्य मंचों की शान हैं. कवि सम्मेलन के सैकड़ों मंचों का कुशलता पूर्वक संचालन कर चुके हैं. किसी कवि को श्रोताओं के समक्ष इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हैं कि श्रोताओं की उत्सुकता चरम पर पहुंच जाती है और मंच आह्लादित हो उठता है. प्रस्तुत गीत में भी इन्होंने जीवन का रोचक दर्शन प्रस्तुत किया है. कुछ ऐसे ही दर्शन की अनुभूति रांची की कवयित्री **संध्या उर्वशी** की इस रचना में भी होती है-



जो मिल गया, वो मिट्टी है
जो छूट गया वो सोना है
ज़िन्दगी में अक्सर
सबको इसी बात का रोना है
हम भागते हैं, उसके पीछे
जो हमारी कीमत नहीं जानता है
जो हासिल हो गया
कितना भी खास हो आम हो जाता है.
इसी भाग दौड़ का खेल
ज़िन्दगी का अफसाना है
ख्वाहिशें सबकी अधूरी हैं
जो है...
उससे विराग है
जो गुम है
उसमें सारे राग हैं
कुछ कम
कुछ ज्यादा
सबको किस्मत से शिकायत है
सच तो यह है, सब सोना है धीरे धीरे सब खोना है.

तो निष्कर्षतः हम सबों को जो मिल गया, उसे ही स्वीकार कर लेना चाहिए और जो नहीं मिल सका, उसकी चिंता में दुबले होने से कोई लाभ नहीं. जीवन के संग्राम में सभी विजयी हों, सभी मस्त हों. इसी कामना के साथ आपसे आज्ञा चाहूंगा. जय हिंद! जय झारखंड!!




# रोजगार, प्रवास और अस्तित्व की समस्या



**अपनी** रोटी की तलाश में इंसान कभी कहीं चला जाता है. पेट भर भोजन, तन ढकने को कपड़े और सर के ऊपर छत शुरुआत होती है. फिर आरंभ होता है बच्चों के जीवन यापन, शिक्षा -दीक्षा, बुजुर्गों की सेवा, परवरिश .......पर इन मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद उसका ध्यान जाता है अपने रीति-रिवाज, सांस्कृतिक विरासत और अपने जन्मस्थान की ओर. तलाश होने लगती है अपने जड़ की, अस्तित्व की और विरासत की! भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी हिस्से के लोग इस चक्र में विशाल संख्या में फंसे हैं, शामिल हैं. पुश्तैनी गांव में प्रायः इतनी जमीन नहीं है कि खेती बाड़ी कर गुजारा कर सके.



◆ चौराहा

प्रमोद कुमार झा

अगर है भी तो खेती में सहयोग के लिए खेतिहर मजदूर पलायन कर चुके हैं पंजाब, कश्मीर या त्रिवेंद्रम की ओर जहां उन्हें तीन गुणा मजदूरी मिल जाती है, क्योंकि वहां के निवासी मज़दूर छोटी बड़ी फैक्ट्री में काम करते हैं या फिर खाड़ी के देशों में चले जाते हैं पैसा कमाने. ये मज़दूर कुछ दिन तक तो आते जाते रहते हैं, पर बहुत बड़ी तादाद में विस्थापन के शिकंजे में फंस जाते हैं! यह अलग बात है कि शहरी बनने और शहर की चमक दमक के चकाचौंध में वे अपनी पुश्तैनी जमीन औने पौने दाम में बेच कर परदेस में सौ गज ज़मीन के लिए दलालों के फेर में पड़कर जीवन भर पिसते रहते हैं. भगवान न करें, अगर कोई बीमारी घर में प्रवेश कर जये तब तो कुछ कहने को बच ही नहीं जाता. सवाल है कि अगर गांव में खेत है भी तो खेती कैसे करें ?सिंचाई की नहर व्यव्यस्था खत्म है, खेतों में पानी पटाने के लिए डीजल का खर्च बहुत है, समय पर बीज मिलता नहीं, ब्लैक में खरीदना पड़ेगा, नकली बीजों की भरमार है, देसी गोबर खाद मिलना कठिन है, क्योंकि गोपालन लगभग खत्म हो चुका है. रासायनिक खाद महंगा तो है ही, समय पर मिलेगा भी नहीं, ब्लैक में अधिक कीमत पर खरीदना पड़ेगा. खेत की उर्वरा शक्ति खत्म होती जाती है, सो अलग! अगर खेती हो भी गयी, किसी तरह फसल काट भी ली तो कीमत इतनी कि सारा खर्च भी ऊपर न हो! तो एक बड़ा समूह पलायन को तैयार हो गया. फिर आते हैं कम पढ़े लिखे लोग, जिन्हें गांव में खेती, व्यापार अपमानजनक लगता है. भले ही शहर में किसी अपार्टमेंट में गार्ड बन लें! रोटी की ज़रूरत ही सबों को प्राथमिक रूप से विस्थापन का कारण है, पर थोड़ी निश्चिंतता होने के बाद अपने अस्तित्व की तलाश की चाह बढ़ने लगती है. पिछले साल 2023 में लगभग छियासठ हज़ार भारतीयों ने अमेरिका की नागरिकता ली. इसमें निन्यानवे प्रतिशत लोग निम्न मध्य वर्ग और मध्य वर्ग के पढ़े लिखे लोग हैं, जिन्हें अपने देश में उचित अवसर, रोजगार और मेहनताना नहीं मिल रहा. एक तरह से यूं कहिए कि देश उन्हें अपना देश छोड़कर जाने को मजबूर कर रहा है. देश में रोज डॉक्टरों की कमी का रोना रोया जाता है, पर जब डॉक्टर को रोजगार देने की बात होती है तो उन्हें सचिवालय के सेक्शन अफसर से भी नीचे समझा जाता है! इंग्लैंड. अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, स्वीडन, फ्रांस की स्वास्थ्य व्यव्यस्था को चलाने में भारतीयों की बड़ी भूमिका है. ये अलग बात है कि शीघ्र ही वे भारतीयर मूलर के नाम से जाने जाएंगे! मानव शक्ति, योग्यता, क्षमता, अवसर, समृद्धि के चक्कर में संस्कृति, जड़, विरासत, परंपरा तो कमज़ोर पड़ती ही जायेगी न! भारत की विशालतम जनसंख्या भी तो मध्य पूर्व एशिया से ही यहां बसने आया था. भारतवासी भी तो इसी तरह फिजी, मॉरीशस, गुयाना, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका गए थे कभी! विस्थापन सत्य है. अस्तित्व की तलाश और परंपरा की खोज भी इंसान करते रहने को अभिशप्त है! राहुल सांकृत्यायन, रामधारीसिंह दिनकर, भगवत शरण उपाध्याय सरीखे विद्वानों ने बहुत पहले इन विषयों पर लिखा है.

# वैशाली का विश्व शांति स्तूप : अनुपम और अद्वितीय



◆ यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**यों** तो वैशाली बिहार की राजधानी पटना से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है, लेकिन 15 अप्रैल 2024 को आर एन कालेज हाजीपुर में रेणु की पुण्यतिथि के बहाने वैशाली जाने का अवसर मिला और इसे मैं अपना सौभाग्य ही मानता हूं. गौतम बुद्ध की उपदेश भूमि और महावीर की जन्मभूमि होने के कारण बिहार का वैशाली वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित हो चुका है. वैशाली में बौद्ध कालीन अनेक स्तूप, मठ और मंदिर हैं, जो वैशाली की लोकप्रियता का संकेत दे रहे हैं. रामायण कालीन विशाल पुरी एवं बौद्ध कालीन वैशाली के रमणीय एवं नमनीय चैत्यों स्तूपों और मठ-मंदिरों की लोकप्रियता के संकेत आज भी उपलब्ध हैं. प्राचीन बौद्ध साहित्य के अनुसार वैशाली की चारों दिशाओं में दिग्बोधक चैत्य थे. कालांतर में चैत्य, समाधि, मंदिर और स्तूप परस्पर संबद्ध हो गये थे. अमरावती अभिलेख में स्तूप को चेतीय, महाचेतीय कहा गया है. बुद्ध काल के पूर्व वैदिक युग में चैत्यों और स्तूपों को देवालयों के रूप में मान्यता थी. वहीं वैदिक देवालय आगे चलकर मंदिरों में विकसित हो गये. मंदिरों के चारों ओर प्रदक्षिणा वीथी चैत्यों या स्तूपों में होती थी. अपने इष्ट या आराध्य की प्रदक्षिणा भारतीय संस्कृति में लोकप्रिय पूजा पद्धति मानी जाती है.



प्रदक्षिणा का मंत्र हैः-


यानि कानि च पापानि जन्मांतरे कृतानि च.
तानि तानि निबंधानि, प्रदक्षिणे,पदे पदे.

वैशाली में अनेक स्तूप हैं-बुद्ध स्तूप, आनंद स्तूप, अशोक स्तूप, महावीर स्तूप आदि. लेकिन इन सभी स्तूपों में विश्व शांति स्तूप सर्वाधिक लोकप्रिय और महत्वपूर्ण है. वैशाली में विश्व शांति और जन कल्याण की भावना से फूजी गुरुजी की प्रेरणा से 71 वां विश्व का सबसे ऊंचा विश्व शांति स्तूप बनवाया गया है. इस नव निर्मित विश्व शांति स्तूप में बौद्ध स्थापत्य का आधुनिक निरूपण है. इसकी आधार शिला बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डा. एआर किदवई के कर कमलों से 22 अक्टूबर 1983 को रखी गई थी. निर्माण कार्य पूरा होने पर 23 अक्टूबर 1996 को तत्कालीन राष्ट्रपति डा शंकर दयाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया. स्तूप पर चढ़ने के लिए 20 सीढ़ियां बनी हैं तथा ऊपर प्रदक्षिणा पथ बना है. प्रदक्षिणा पथ से सटी दीवारों के बीच बने खंडों में बुद्ध की स्वर्ण मूर्तियां विभिन्न मुद्राओं में बनी हैं.

स्तूप की ऊंचाई 125 फीट और व्यास 118 फीट है.बिहार में राजगीर के बाद यह दूसरा विश्व-शांति स्तूप है. बुद्ध को राजगीर और वैशाली अधिक प्रिय थे. विश्व शांति स्तूप अभिषेक पुष्करिणी के दक्षिण तट पर अवस्थित है.इससे आधुनिक वैशाली अधिक रमणीय हो गयी है और इससे पर्यटकों के आवागमन में वृद्धि हुई है. मैंने विश्व शांति स्तूप में विश्व मंगल की कामना कीः-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः.
सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दुःख भाग भवेत्.

# गधा बनाओ, माल कमाओ



◆ नश्तर

सुधीर राघव

**कच्छ** का जंगल भी कभी हरा-भरा था. सभी जानवर धीरे-धीरे खुशहाली को ओर बढ़ रहे थे. मगर प्रगतिशील होना गधों को रास नहीं आया. उन्होंने नारा बुलंद किया कि प्रगति के नाम पर इंसानी संस्कार हम पर थोपे जा रहे हैं. हमारी बहु-बेटियों का चारित्रिक पतन किया जा रहा है. हमारी जाति में खच्चर पैदा हो रहे हैं. गधों को खत्म करने के लिए जंगल में खच्चर जिहाद चलाया जा रहा है. राजा शेर इस साज़िश में शामिल हैं. हमें जंगल में अपना धर्म, अपनी संस्कृति और अपना राजा चाहिए. गधों की बात को गधों की बात मानकर सारे जानवरों ने अनसुना कर दिया. मगर घूमते-फिरते यह बात जब सबसे बड़े धनपशु और मुनाफाखोर सेठ दुलीचंद सुनामी के कानों तक पहुंची तो उसके दिमाग की बत्ती जली. सेठ सुनामी ने तय किया कि कच्छ के जंगल का राजा गधा ही होगा. ... क्योंकि शेर को उल्लू बनाना मुश्किल है मगर गधे को गधा बनाना नहीं. वह पहले से गधा है. इसलिए गधे को गधा बनाकर जंगल से माल कमाया जा सकता है और सुनामी का फायदा ही फायदा.

बस फिर क्या था? सेठ सुनामी की कंपनी केलोबेलो के सारे न्यूज़ चैनलों ने गधे का प्रचार शुरू कर दिया. कहा गया कि सिर्फ गधा ही जंगल के प्राचीन धर्म, संस्कृति और चरित्र को बचा सकता है. शिगूफा छोड़ा गया कि शेर अपने लोगों के जरिए जंगल के फल स्विस बैंक में जमा करा रहा. गधा सत्ता में आएगा तो ये सारे काले फल स्विस बैंक से वापस लाकर जानवरों में बांट देगा. चैनलों के इस प्रचार का खूब असर हुआ. गधा भारी बहुमत से चुनाव जीत गया और शेर हार गया.



गधे ने जंगल का राजा बनते ही आर्थिक सुधार और श्रम सुधार का नारा बुलंद किया. उसने जंगल के सारे संसाधन और बैंकों का पैसा सेठ सुनामी के नाम किया. तब केलोबेलो कंपनी के सारे न्यूज़ चैनलों ने इसे सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया. इतना ही नहीं, गधे ने सेठ को छूट दी कि वह जंगल के जानवरों से जितने घंटे चाहे काम ले. उसने मजदूर जानवरों के लिए पीएफ, ग्रेच्युटी जैसे सामाजिक सुरक्षा के उपायों को गैर जरूरी बना दिया. केलोबेलो कंपनी के सारे न्यूज़ चैनलों ने इन्हें जंगल के सबसे बड़े श्रम सुधार बताया.

बस फिर क्या था, सेठ सुनामी ने रण के हरे भरे जंगल का इतना दोहन किया कि पूरा जंगल खारे रेगिस्तान में बदल गया. शेर और काफी जानवर कच्छ का जंगल छोड़कर गिरि के जंगलों में चले गये. कच्छ में सिर्फ लोमड़ियां, काले हिरण और सियार ही बचे थे, जिन पर गधे की हुकूमत थी. कच्छ का जंगल लूट लेने के बाद सेठ सुनामी की नजर पूरे देश पर थी. उसने तय किया कि अब गधा पूरे देश का राजा बनेगा...! लोग मानते हैं कि ऐसा ही हुआ.

# अर्जुन दास की कलाकृतियों में हैं भक्ति के रंग



◆ कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**यदि** हम कला को उसके सांस्कृतिक निहितार्थों से अलग करते हैं तो हम इस बात से सहमत हो सकते हैं कि कला का संबंध अक्सर सौंदर्य की अभिव्यक्ति से होता है. पूरे इतिहास में शायद ही सौंदर्य के उत्पादन के अलावा किसी अन्य स्पष्ट उद्देश्य के लिए बहुत अधिक कलाकृतियां बनाई गई हों. कलाकृतियों को निहारा जाता है और उनकी प्रशंसा की जाती है. ये जितनी लुभावनी होती हैं, हमें उतनी ही भावुक भी कर सकती हैं. हमारे द्वारा कला की सराहना करना स्वभाविक है, क्योंकि यह हमें सूचित करती है, मनोरंजन करती है और बेहतर बनाती है, इस प्रक्रिया में यह हमें एक समाज के रूप में एक-दूजे के



करीब लाती है. बेशक, यह सब इतना आसान नहीं होता है. यहां आदि-अनादि काल से परम्पराओं का संचरण होता आया है. भारत के गुफा कालीन चित्र, हड़प्पा, मोहन जोदड़ो सभ्यता से प्राप्त अद्भुत सांस्कृतिक वैभव के साक्ष्य हैं. किसी भी सभ्यता की पहचान उसकी




विशिष्ट संस्कृति होती है. ऐसी ही संस्कृति भारतीय सनातन संस्कृति के संदर्भ में देखने को मिलती है. कला परंपरा के स्रोत इनके सांस्कृतिक उत्सव में आज भी वैसे ही देखने को मिलते हैं. भारतीय कला-दर्शन केवल सौंदर्य को महत्व नहीं देता. ईश्वरीय चेतना ही




सौंदर्य को प्राणवान बनाती है- यह उसकी धारणा है. तभी तो अर्जुन दास जैसे कलकार रंगों और रेखाओं से सौंदर्य की सृष्टि करते हैं और फिर अन्तस् के भावों में उसे संजोते हैं. जमशेदपुर के अर्जुन दास देश के सुप्रसिद्ध और सर्वमान्य कलाकार हैं, जो भक्ति के रस



में पगे बनारस, बुद्ध और प्रकृति के विषय पर पेंटिंग करते हैं. इनकी पेंटिंग ऑनलाइन बिकती है. साथ ही विदेशों जैसे लंदन, अमेरिका और दुबई में भी अर्जुन दास की पेंटिंग की ज्यादा डिमांड है. इसी वर्ष अयोध्या में आयोजित राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में अर्जुन दास झारखंड के एक ऐसे कलाकार थे, जिन्हें अयोध्या में अमृत महोत्सव और प्राण प्रतिष्ठा में लाइव पेंटिंग के लिए 15 से 23 जनवरी तक के लिए आमंत्रित किया गया था. अर्जुन दास



को फिल्मी कलाकारों जैसे अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, सोनू सूद, सोनू निगम, हेमा मालिनी जैसी कई हस्तियों के आलावा देश के सबसे बड़े उद्योगपति रतन टाटा से भी मिलने का मौका मिला है. मुंबई में इंडिया आर्ट फेस्टिवल, जहांगीर आर्ट गैलरी, दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर, नागपुर में जवाहर दारदा आर्ट गैलरी के अलावे विदेशों में भी अर्जुन दास की पेंटिंग की प्रदर्शिनी लग चुकी है. इनकी अधिकांश कलाकृतियां राम और कृष्ण पर



आधारित ही होती हैं. इनकी पेंटिंग में कृष्ण के चित्र हमेशा हरे रंग से ही उकेरी जाती है. इस तरह की कलाकृतियों से इन्हें आत्मसुख मिलता है. इनमें बचपन से ही कला के प्रति झुकाव रहा. कभी किसी कला महाविद्यालय से इन्होंने कला का ज्ञान नहीं लिया, पर जमशेदपुर में आयोजित कला शिविरों में बाहर से आये कलाकारों से प्रेरित होकर नियमित पेंटिंग का प्रयास करते रहे, और आज इनकी कला की चर्चा लोग मुक्त कंठ से करते हैं.

# आखर



नीरज नीर

**विगत कई महीनों से झारखंड की साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों की एक मासिक रिपोर्ट आखर के महीने के आखिरी अंक में प्रकाशित होती आयी है. इसी कड़ी में पेश है अप्रैल माह की गतिविधियों का लेखा जोखा...**

# राहत भरा रहा साहित्य का यह ठंडा कोना

मासिक रिपोर्ट













नमक जले पर घावों पे घाव का मौसम
लो आ गया फिर देखो चुनाव का मौसम

चुनाव का मौसम भारत में गहमा-गहमी के साथ साथ गरमा गरमी का भी मौसम होता है. राजनैतिक माहौल में गरमी तो बढ़ती ही है, राजनैतिक दलों के समर्थकों में भी बहस कड़वाहट की हद तक बढ़ जाती है. ऐसे में अगर मौसम में भी गरमी हो तो कहना ही क्या? आरोप और प्रत्यारोपों का सिलसिला व्यक्तिगत आक्षेपों और गाली-गलौज की शक्ल ले लेता है. आजकल टीवी चैनल वालों ने इस माहौल को और भी ज्यादा विषाक्त करने में कोई कोर-कसर नहीं रख छोड़ी है. इस बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी युद्ध के काले मेघ यदा-कदा घने हो जा रहे हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि संसार बस बारूद के मुहाने पर बैठा है जो कि कभी भी फट सकता है और कुछ लोग तो बस रोज इसके फटने की प्रतीक्षा ही कर रहे हैं ऐसे तनावपूर्ण एवं बेहिस माहौल में साहित्य एक ऐसे ठंडे कोने की तरह दिखाई देता है, जहां दो पल चैन की सांस ली जा सकती है.

## नव वर्ष के स्वागत में कवि सम्मेलन

अप्रैल का महीना साहित्य के लिहाज से बहुत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का साक्षी रहा. 5 अप्रैल को रांची के प्रेस क्लब में संस्कृति संवर्धन समन्वय समिति की ओर से भारतीय नव वर्ष के अवसर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका संयोजन राजीव थेपरा ने किया. इस सम्मेलन में रांची शहर के कई कवियों ने विशेषतः नव वर्ष के उपलक्ष्य में अपनी कविताओं का पाठ किया. कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष और राजधानी के प्रख्यात सर्जन डॉ एमपी सिंह, पूनम आनंद, राजीव थेपड़ा, डॉ राजश्री जयंती, संगीता सहाय, डॉ. सुरिन्दर कौर नीलम, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, नीरज नीर, डॉ. राजश्री जयंती, शशांक भारद्वाज, नरेश बंका, राजीव थेपड़ा, संगीता कुजारा टॉक, सत्या शर्मा कीर्ति, नंदा पांडे, अजय कुमार, सदानंद सिंह यादव, मनोज कुमार झा, बिंदु प्रसाद रिद्धिमा, सुषमा झा, सीमा चंद्रिका तिवारी, डॉ नन्दनी कुमारी, संध्या चौधरी उर्वशी, सोनल थेपड़ा, रूपा कुमारी और अंशिता सिन्हा आदि शरीक हुए और एक से बढ़कर एक काव्य पाठ कर अंत तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया.

## इन पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

रांची में ही 21 अप्रैल को प्रभात प्रकाशन के सभागार में वरिष्ठ लेखक एवं प्रबुद्ध वामपंथी विचारक विदयाभूषण जी द्वारा लिखित उनकी पुस्तक "बदलाव के तिराहे पर झारखंड" पुस्तक का लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर कई वक्ताओं ने पुस्तक की विषय-वस्तु को लेकर झारखंड की सामाजिक, राजनतिक और आर्थिक स्थितियों का आकलन प्रस्तुत किया एवं कहा कि यह पुस्तक झारखंड के अतीत के साथ ही वर्तमान परिप्रेक्ष्य को समझने में अत्यंत मददगार सिद्ध होगी. यह पुस्तक प्रभात प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित हुई है.

एक ऐसी ही राजनैतिक पृष्ठ भूमि की अन्य पुस्तक का भी लोकार्पण का साक्षी रांची प्रेस क्लब बना. अवसर था झारखंड विकास न्यास द्वारा आयोजित बसंत हेतमसरिया द्वारा लिखित पुस्तक "1940 विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन के लोकार्पण का. लोकार्पण के मुख्य अतिथि थे, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश. यह पुस्तक किताब घर प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित हुई. कार्यक्रम में विनोबाभावे विवि के डीन डॉ. मिथिलेश सिंह, वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उरांव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेन्दू नारायण, वीके गढयाण, समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे.

## तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव

रांची में इधर के दिनों में नाटकों से जुड़ी गतिविधियां भी लगातार देखने को मिल रही है. मार्च महीने में जिस आड्रे हाउस में नाट्य समारोह का आयोजन किया गया था उसी आड्रे हाउस में अप्रैल महीने में भी तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया. यह समारोह नाट्य संस्था मैट्रिक्स (स्टेप फॉर ह्यूमैनिटी), संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और कला-संस्कृति विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में पहले दिन वसुंधरा आर्ट्स की ओर से नाटक दुश्मन उर्फ सैया मगन पहलवानी का मंचन किया गया. इसका निर्देशन दीपक चौधरी ने किया.

### आज यहां कार्यक्रम

साहित्यिक संस्था शब्दकार ने अप्रैल माह की बैठक गर्मी को देखते हुए ऑनलाइन रखनी तय की है. रविवार 28 अप्रैल को शाम चार बजे से जूम पर गोष्ठी होनी है. गोष्ठी में शामिल होने के लिए संगीता कुजारा टाक, रश्मि शर्मा, रेणु बाला धार, पुष्पा पाण्डेय, मनोज कुमार झा, स्मिता, सुनीता अग्रवाल, अर्पणा सिंह, जय माला, सत्या शर्मा, रीता गुप्ता, प्रतिभा मिश्र, नंदा पांडेय, नन्दनी प्रनय, कंचन सिंह आदि ने अपनी स्वीकृति दी है.

## ठहाके के वाजिब वजह

जब चारों तरफ ढूंढने से भी हंसने की कोई वाजिब वजह नहीं मिलती हो, गुस्सा, नफरत, हिंसा जैसे नकारात्मक विचारों ने समाज को घेर रखा हो, वैसे में हंसने की कोई वाजिब वजह ढूंढ लेना भी बहुत बड़ी और जरूरी बात हो जाती है. रांची में कुछ लोग नियमित रूप से ऐसा कर रहे हैं, जो कि बहुत दिलचस्प तो है ही आनंददायक भी है. रांची रंगमंच का तेरहवां मासिक ठहाका मिलन हटिया में वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल ठाकुर सुमन के आवास पर संपन्न हुआ. इस अवसर पर रंगकर्मियों ने खूब ठहाके लगाये और ठहाकों के बीच ही रांची रंगमंच को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध करने के लिये विचार विमर्श भी हुआ. डॉ सुशील अंकन ने कहा कि अभी भी आम तौर पर रांची रंगमंच की प्रस्तुतियों में ध्वनि और प्रकाश की समस्या देखने को मिलती है. कुछ विशेष प्रस्तुतियों को यदि छोड़ दें तो सामान्य तौर पर यहां की नाट्य संस्थाएं ध्वनि विस्तार यंत्रों और मंचीय प्रकाश उपकरणों की तकनीकी जानकारी से पूरी तरह परिचित नहीं है. अतः इस दिशा में कार्यशालाएं आदि करने की आवश्यकता है.

## जमशेदपुर में युवा रचनाकार कार्यशाला

27 अप्रैल को जमशेदपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मुख्य सभागार में हिन्दी रचनाधर्मिता पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला 'युवा रचनाकार' आयोजित की गई. कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र मुनका, प्रकाश मेहता, प्रसेनजित तिवारी, प्रभाकर सिंह, माधवी उपाध्याय, रामनन्दन प्रसाद, शेषनाथ सिंह 'शरद', ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र, अरुण कुमार तिवारी, दिव्येन्दु त्रिपाठी, वसंत जमशेदपुरी, संजय मिश्र, सुरेश चन्द्र झा आदि के अलावा जमेशदपुर के 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, उनके शिक्षकगण तथा नगर के ख्यातिलब्ध साहित्यकारों ने भाग लिया.

**सूचना सहयोग : माधवी उपाध्याय, राजीव थेपड़ा.**

कहानी

# ग्रैंड पेरेंट्स डे



राज लक्ष्मी सहाय



स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया. पहली बार ऐसा हुआ था. हॉल के एक कोने में खड़ी थी मैं. सरसरी निगाह डाली. कुर्सियों पर बच्चों के दादा-दादी, नान-नानी बैठे थे. पके केश, गंजे सर, आंखों पर चश्मा, कुछ के कानों में मशीन लगी, कांपते हाथ, हिलती गर्दन, पोपले मुहं, पिचके गाल फिर भी पूरे सजे-धजे. हॉल के आखिरी हिस्से पर नजर गई. व्हील चेयरस पर बैठे कुछ वृद्ध थे. इस हॉल में ऐसे अनूठे दर्शक मैंने कभी नही देखें. हमेशा तो बच्चों के मम्मी-पापा ही आते हैं. मंच के ठीक सामने जरीदार रस्सियों से घिरी जगह. मखमली सोफे लगे थे. मुझे लगा शायद मुख्य और खास अतिथियों के लिए व्यवस्था है. तभी कुछ अति वृद्धों को स्कूली बच्चे हाथ पकड़कर संभलते हुए लेकर आए और विशेष रूप से सजाए उन आसनों पर बिठा दिया. तालियां गड़गड़ा रही थीं. शहर के वृद्धाश्रम से आमंत्रित बुजुर्ग थे ये. स्कूल के बच्चों के दादा, नाना तो नहीं थे ये. परंतु अनजान अपरिचित नन्हीं बाहों के स्पर्श से अभिभूत मुस्कुराते हुए रो रहे थे. अपने अपने घरों का बोझ ढोते हुए खुद बोझ बन गए. इस बोझ को कौन उठाए?

"वसुधैव कुटुम्बकम" दर्शन के पाश में बंधे चले आए थे वृद्धाश्रम से. कौन जाने किस बच्चे में उनका अपना चुन्नू और किस बच्ची में अपनी मुन्नी की झलक दिख जाए. इनके भी पोते-पोतियां होंगे, लेकिन कब आखिरी बार देखा था याद नहीं. सोफे पर बैठते ही गोपाल बाबू की आंखें बरस पड़ी. इतने वृद्ध व्यक्ति को हिचकियां लेते आज तक मैंने नहीं देखा था. उनके साथ् बैठे एक अन्य बुजुर्ग ने उनका हाथ अपनी पूरी ताकत से थाम रखा था. दोनों की पूरी देह कांप रहा था. एक बच्ची के हाथ में पानी का ग्लास मैंने भेज दिया. कांपते दोनों हाथों से उन्होंने ग्लास पकड़ा और धीरे-धीरे पानी पीने लगे. सचमुच तब मैंने हिमालय को रोते देखा था. जीवन के अनुभवों की परतों से जमी चट्टान को दरकतें साक्षात देखा था मैंने. न जाने मन कैसा हो गया. मंच के रंगारंग कार्यक्रम को छोड़ मेरा सारा ध्यान इन्हीं अद्भूत दर्शकों ने कैद कर रखा था.

दो रोज पहले वृद्धाश्रम में "तारें जमीं पर" सिनेमा दिखाया गया था. गोपाल बाबू, तिवारी जी, पटेल साहब, मिस्टर सेराफिन सब रोये थे. जबरदस्ती हास्टल भेजे गए बच्चे की व्यथा ने सबको पिघलाया था. जबरदस्ती ठेल-ठेल कर घर से बाहर भेजा जाना कितना दुखदायी है. फिल्म के गाने "यूं तो मैं घबराता नहीं..." के साथ-साथ कॉमन रूम में सिसकियों के तार बज रहे थे. सितार का सबसे भारी स्वर हावी. गोपाल बाबू के मन में बार- बार बात मन में कौंध रही थी. "क्या इतना बुरा हूं मैं"? उस रात खाना हलक से नहीं उतरा गोपाल बाबू के. करवटें बदलते रहे नींद न आई. घड़ी पर नजर पड़ी रात के दो बज रहे थे. उठकर अपनी डायरी निकाली और कुर्सी पर बैठ गए. टेबल पर रखे लैंप को जलाया. कलम उठाया तो लिखते चले गए. उसी गाने की तर्ज पर-

" यूं तो मैं घबराता नहीं/ पर अकेले से डरता हूं सदा / क्या सच ये नहीं बबुआ / क्या तुमको पता था न बबुआ / प्रातः किरण से भी पहले/ मुख तेरा चूमकर /होती थी सुबह मेरी /और आंचल की छांव तले मां की / लोरी की थपकी से/ ढलती तेरी सांझ/ क्या सच ये नहीं बबुआ / दफ्तर से आते ही/ पीठ पर बिठा तुझे/ कितना हंसाया तुझे/ और मां से छिपाकर / कटारी में चाय डाल/ फूंक-फूंक पिलाया था तुम्हें/ क्या सच ये नहीं बबुआ....लिखते-लिखते कांपने लगी उंगलियां. मेज पर सर टिका कर आंखें बंद कर लीं. और तभी आश्रम का एक कर्मचारी उन्हें उठाने लगा था. होले से पीठ पर हाथ् रखा था राघव ने- "गोपाल दादा आप इतनी जल्दी उठ गए?

"मैं सोया ही कहां राघव बेटा ... सर भारी-भारी सा है. एक प्याली चाय मिलेगी?

क्यों नहीं, अभी लाता हूं चाय. लेकिन जल्दी नहा धोकर तैयार हो जाइये.

"आखिर क्यों भला?"

एक स्कूल में इस बार दादा दादी दिवस मना रहे हैं. आप सब को भी निमंत्रण है.

धुले-धुले कपड़े पहन सब बुजुर्ग उमंग से लबरेज हो पहुंचे थे स्कूल. एक-एक बुजूर्ग कों बच्चों ने माला पहनाया. संस्कार के पाठ का यह हिस्सा अच्छा लगा था गोपाल बाबू को. अपने सामने माला लिये खड़ी छोटी सी बच्ची से पूछा-

"क्या नाम है मुन्नी ?"

"सरला"

"तुम्हारे दादा भी आए हैं यहां?"

"नहीं! वह यहां नहीं रहते."

"कहां रहते है फिर?" **(क्रमशः)**

# आत्मसंघर्ष से उपजी सामाजिक सरोकार की कविताएं

समीक्षा




**पुस्तक : 'अंतिम खत पिता का'**
**(कविता संग्रह)**
**लेखक : अमरेन्द्र सुमन**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन दिल्ली**
**मूल्य-250 रुपए/ पृष्ठ -134**



अशोक सिंह

समकालीन कविता में भाषायी मुहावरे और मुहावरेदार भाषायी काव्य-कौशल हमारे समय में बहुत कम ही कवियों में देखा सुना जा रहा है. उन्हीं थोड़े बहुत कवियों में एक नाम हमारे समय और शहर (दुमका) के मित्र अमरेंद्र सुमन जी का भी है, जो अपनी कविताओं में भाषाई मुहावरे और मुहावरेदार भाषा के लिए जाने जाते हैं. हां, या अलग बात है कि कहीं-कहीं भाषायी मुहावरे गढ़ने के चक्कर में वे इतना उलझ जाते हैं कि कविता बनते-बनते बिगड़ जाती है. यह बात हम उनके पहले कविता संग्रह 'अंतिम खत पिता का' से गुजरते हुए कह सकते हैं.

अमरेंद्र सुमन की कविताओं को पढ़ते सुनते हमेशा ऐसा लगा कि वह अपने समय के ऐसे प्रखर प्रवक्ता हैं, जिनकी कविताएं आत्मसंघर्ष से उपजती हैं और सामाजिक सरोकार का हिस्सा बन जाती हैं. आसपास घटित घटनाओं और व्यक्तिगत व पारिवारिक संघर्षों से उपजी मनोदशाओं को वह बड़ी सरलता वह सहजता से अभिव्यक्त करते हैं. उनकी कविताओं की परिधि में घर परिवार से लेकर समाज और देश काल तक की बनती-बिगड़ती परिस्थितियां शामिल होती हैं. जिसमें कहीं मां तो कहीं पिता और कहीं पत्नी व बच्चे और उससे जुड़ी स्मृतियां हैं, उनके स्वप्न हैं, उसके टूटने बिखरने की व्यथा कथा है, तो कहीं समाज में हाशिए पर रह रहे दलित आदिवासी समुदाय का दुख-दर्द. भाषा, भाव, शिल्प व बिम्ब की दृष्टि से अगर उनकी कविताओं को देखें परखें तो समकालीन कविता का जो आज शिल्प है उस कसौटी पर तो कुछ हद तक उनकी कविताएं खरी उतरती हैं परंतु भाषा की दृष्टि से कहीं-कहीं कविताओं में बोझिलता आ गई है. बड़े-बड़े वाक्यों और शब्दों की अधिकता भी कविता को सपाट बना देती है. कवि को शब्दों के अपव्यय से बचना होगा और कम से कम शब्दों में बड़ी बात कहने का कौशल विकसित करना होगा.

बेशक कुछ कविताएं ऐसी भी हैं जो छोटे-छोटे वाक्यों में गहरी समझ व संवेदना के साथ कही गई हैं लेकिन ऐसी कविताओं की संख्या कम है. एक कविता की कुछ पंक्तियां देखिए जो अपनी लघुता में भी व्यापकता समेटे हुई है. 'मां है तो' और 'बेटियां' शीर्षक कविता की छोटी-छोटी पंक्तियां यहां देखी जा सकती हैं. कवि कहता है- मां है तो/धूप दीप अगरबत्ती अमावस्या पूर्णमासी है/मां है तो मन में ही मथुरा वृंदावन काशी है. इसी तरह बेटियां कविता में भी कवि कहता है- किसी ने इन्हें ईश्वर का वरदान कहा/किसी ने कहा घर की रोशनदान होती हैं बेटियां/तो किसी ने इन्हें सृष्टि का समाधान कहा.

वैसे अमरेंद्र सुमन की कविताओं के कई रंग हैं जो हमें आकर्षित भी करते हैं. कहीं समय समाज की सामाजिक राजनीतिक विडंबनाओं का स्याह पक्ष है, तो कहीं प्रेम की लालिमा और कहीं पलाश फूलों में लिपटी आदिवासीयत की आदिम गंध. कहीं दया और करुणा में भींगी मानवता तो कहीं प्रतिरोध की मुखरता. विविधता से भरी अमरेंद्र सुमन की कविताएं एक ऐसा कोलाज रचती हैं, जिसमें जीवन के सुख-दुख, हर्ष विषाद से लेकर घृणा और प्रेम का विविध पक्ष अपने-अपने तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते अपने समय में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं. कविता का सामाजिक सरोकार भी यही है और लेखक का लेखकीय दायित्व भी. जिसमें अमरेंद्र सुमन की रचनात्मक पक्षधरता स्पष्ट दिखाई देती है. कवि अपनी एक कविता 'जनप्रतिनिधि' में कहता है कि- वह कोई जादूगर नहीं/कोई अवतारी पुरुष नहीं/कोई संत फकीर दरवेश नहीं/कि वह जब जो कहे/मर मिटने को तैयार हों हम हर वक्त.

संग्रह को पढ़ते हुए हमने देखा कि उनकी कविताओं में कवि के जीवानुभवों में विविधता भी है और व्यापकता भी. लेकिन एक साथ बहुत कुछ कह जाने की हड़बड़ाहट कविता को कमजोर कर देती है और उसमें सहजता की जगह दूरूहता व जटिलता आ जाती है. कहा गया है कि कविता सांकेतिक भावाभिव्यक्ति है जो कलात्मकता के साथ कही जाती है. तभी उसमें काव्यात्मकता उभरती है. अमरेंद्र सुमन की कविताओं में इसका अभाव खटकता है.

उनके इस पहले कविता संग्रह में अन्य कवियों की तरह बेशक कुछ कमजोर कविताएं तो हैं जिसके मोह से कवि को बचाना चाहिए था. हां, कई अच्छी और महत्वपूर्ण कविताएं भी हैं, जो ध्यान आकृष्ट करती हैं. पुस्तक के नामकरण से जुड़ी कविता 'अंतिम खत पिता का' बेशक संग्रह की कुछ एक महत्वपूर्ण कविताओं में से एक है, जिसमें कवि की संवेदना, पिता के प्रति गहरी आस्था और अपने जीवन संघर्ष में उनके स्नेह सान्निध्य व मार्गदर्शन का मार्मिक चित्रण है.

कुल मिलाकर अमरेंद्र सुमन का यह पहला कविता संग्रह 'अंतिम खत पिता का' अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराता इस बात के लिए हमें आश्वस्त करता है कि कवि के पास वैचारिक समृद्धि के साथ-साथ लंबी काव्य-यात्रा का अनुभव है, जो संभवतं अगले संग्रह में ज्यादा परिपक्व को होकर हमारे सामने आएगा.

## कविताएं

### मेरे पास आओ ना



डॉ मयंक मुरारी




मेरे पास आओ ना,
मैं चाहता हूं, तुम
पूरा एक दिन साथ रहो
समीप, पर थोड़ा दूर
तुम्हें अपलक निहारते रहूं,
और आंख का पानी सूख जाए.
अपनी एक चीज रखने
की अनुमति दो.

बस एक पल का
तुम्हारे साथ यादों का सफर
जिसमें अपने को भूला दूं
और तुम कभी फिर न मिलो.
तुम आओगी न मिलने
जीवन से फुर्सत के कुछ पल चुरा
तेरी खुशबू की गोद में
सर रखकर आसमान निहारते

उसी अनंत में मैं खो जाऊं
तुम से दूर सदा के लिए.
मैं इंतजार करुंगा
समय की सांध्यवेला में
हर चेहरे में तुझे महसूस करते
खुद के स्वर में तुझे ढूंढ़ते
कदमों की थिरक में
प्रेम के बनते पदचिन्ह के साथ.
केवल एक बार आ जाना
मेरे अस्तित्व के पास
और, सिर्फ मुस्कुरा देना
मैं यह समझ जाऊंगा
तुम मेरे साथ हो
जीवन के अंतिम पहर तक.

(जैसे जीवन और मृत्यु पल भर का खेल है वैसे ही प्रेम भी क्षणिक होता है. परंतु इसका प्रभाव अमिट होता है. इसके लिए संपूर्ण अस्तित्व, अनंत काल और हरेक शिखर सफलता को छोड़ा जा सकता है. ऐसी स्थिति में व्यक्ति अपने लिए कुछ नहीं चाहता है. बस वह जिसे चाहता है, मानता है और पूछता है, उसकी खुशी, उसके विकास तथा उसकी अच्छाई की चिंता रहती है.)

### कारीगर



प्रकाश देवकुलिश

खुट खुट खट खट खट खटाक खटाक
निरंतर
बस अकेले
जैसे साधक
अंगुलियों पर फेर रहा हो
माला के दाने,
रुद्राक्ष की लकड़ी पर
अंगुली की ठोकर जैसी
पड़ रही है – एक एक कर
कांटी पर हथौड़ी की चोट .
काठ से काठ जुड़ता जा रहा है
और बाईस वर्ष का कर्मयोगी
सृजित करता जा रहा है आकार
जैसे कला और मेहनत
चिढ़ा रही हो मशीनों को
खोल रही हो
फर्नीचर के बड़े – बड़े शो-रूमों के भेद.
पहले तीन आये
फिर रह गए दो
और अब बस अकेला शाहरुख .
कारीगर शाहरुख के हाथों बन जाती है
राधाकृष्ण, शिव पार्वती
की पोशाक रखने की जगह
रंदे, कांटी और हथौड़ी
की अनवरत ध्वनि
अवस्थित हो जाती है निष्कंप ज्योति सी.
दिन भर का निर्विकार चेहरा
एक बार शाम में मुसकाता है
और चैनलों पर दौड़ता दराज
खिलखिला उठता है
जैसे हुनर ने दे दी हो चैलेंज
जैसे मेहनत ने खिला दिया हो फूल.

### मर्यादा



राजेश पाठक

आंखों में अश्रु प्रवाह लिए
कुछ आह लिए कुछ वाह लिए
चल पड़ता जब निर्जन पथ पर
दिख जाता है सबसे हटकर.
यह जगत प्रेम व माया है
हरशय सबको भरमाया है
है शनि-राहु की छाया भी
इस पल उस पल टकराया भी.
पर होते जो जग में प्रवीण
स्व संबल पर करते यकीन
गम घटा छांट वे जाते हैं
जो बचा बांट वे जाते हैं.
रखते न जरुरत से ज्यादा
वे बांट रहे आधा-आधा
इसमें भी गर आई बाधा
सब छोड़ बचा ली मर्यादा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आईपीएल का यह सीजन रोमांच से भरपूर है, इस सीजन में कई रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं

# आईपीएल 2024 : रनों की हो रही बारिश, टूट रहे रिकॉर्ड, पंजाब के नाम एक नया कीर्तिमान

**राजेश सिंह । रांची**

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में रन की बारिश हो रही है. बैटर लगातार धमाल मचा रहे हैं. सबसे महंगे बिकने वाले बॉलर भी काफी महंगे साबित हो रहे हैं. कुल मिलाकर आईपीएल का यह सीजन रोमांच से भरपूर है. इस सीजन में कई रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं. इस सीजन में हैदराबाद ने टी-20 में सबसे ज्यादा रन के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ 287 रन का स्कोर खड़ा कर दिया. वहीं शुक्रवार को तो गजब का मुकाबला देखने को मिला. शुक्रवार को पंजाब और कोलकाता के बीच ईडन गार्डन्स में एक अहम मुकाबला खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुये कोलकाता ने 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. पंजाब को जीत के लिए 262 रनों की दरकार थी. यह लक्ष्य असंभव सा नजर आ रहा था, मगर पंजाब के बल्लेबाजों ने इस बड़े लक्ष्य को भी बौना साबित कर दिया. पंजाब ने यह मुकाबला 8 गेंद बाकी रहते 8 विकेट से जीत लिया. इस मैच में भी एक नया कीर्तिमान बना. टी20 क्रिकेट और आईपीएल के इतिहास का यह सबसे सफल रनचेज रहा. मौजूदा सीजन में पंजाब किंग्स की यह 9 मैचों में तीसरी जीत रही. दूसरी तरफ केकेआर की आठ मैचों में यह तीसरी हार रही. पंजाब किंग्स की ऐतिहासिक जीत के हीरो जॉनी बेयरस्टो रहे और शशांक सिंह रहे. बेयरस्टो ने 48 गेदों पर नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और आठ चौके शामिल थे. वहीं तीसरे नंबर पर उतरे शशांक सिंह ने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर टीम पर दबाव आने ही नहीं दिया. महज 28 गेंदों पर नाबाद 68 रनों की पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर नाबाद पवेलियन लौटे. शशांक ने अपनी पारी में आठ छक्के और दो चौके लगाए. इससे पहले पंजाब की तरफ से 'इम्पैक्ट प्लेयर' प्रभसिमरन सिंह ने महज 20 गेंदों पर 54 रन बनाए थे, जिसमें चार चौके और पांच छक्के शामिल थे. प्रभसिमरन और बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए 6 ओवरों में 93 रनों की साझेदारी हुई, जिसने पंजाब को मोमेंटम प्रदान किया. इस मोमेंटम को बेयरस्टो ने अंत तक बरकरार रखा.

**48** गेदों पर नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और आठ चौके शामिल थे.




### नरेन-साल्ट की तूफानी पारी गई बेकार

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की टीम को नरेन और साल्ट ने तेज शुरुआत दी. दोनों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुये महज 10.2 ओवर में ही 138 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप कर दी. कोलकाता के लिए फिल साल्ट ने सबसे ज्यादा 37 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेली. साल्ट ने इस दौरान छह छक्के और इतने ही चौके लगाए. वहीं सुनील नरेन ने 71 रन बनाए. नरेन ने 32 गेंदों की पारी में 9 चौके और चार छक्के जड़े. इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने भी 3 चौके और दो छक्के की मदद से 39 रन बनाए. इसके अलावा आंद्रे रसेल (24) और श्रेयस अय्यर (28) ने भी तूफानी पारियां खेलीं. जिसके दम पर कोलकाता की टीम ने छह विकेट पर 261 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया. मगर पंजाब के बल्लेबाजों ने इस विशाल स्कोर को भी छोटा साबित कर दिया. पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए. आईपीएल 2024 में अबतक 20 पारियों में बने 200 से ज्यादा रन. बल्लेबाज रनों का पहाड़ खड़ा कर रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### पाकिस्तान अगले साल न्यूजीलैंड का दौरा करेगा

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की है कि उसकी राष्ट्रीय टीम अगले साल तीन वनडे और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी. यह 2023 के बाद से दोनों देशों के बीच छठी श्रृंखला होगी. पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी अधिकार स्कॉट वेनिंक के बीच लाहौर में चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के मौके पर हुई बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया. बैठक के दौरान सैद्धांतिक रूप से यह दौरा 2025 चैम्पियंस ट्राफी के बाद आयोजित करने का फैसला किया गया. चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी पाकिस्तान को करनी है.

### मेरा लक्ष्य आक्रामक बल्लेबाजी का था : शशांक सिंह

**कोलकाता ।** शशांक सिंह की 28 गेंद में नाबाद 68 रन की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स शुक्रवार को लक्ष्य का पीछा करते हुए रिकॉर्ड जीत दर्ज करने में सफल रही जिसके बाद उन्होंने कहा कि मैच को गहराई तक लेने की क्षमता से वह यह भूमिका निभाने में कामयाब रहे. जब शशांक मैदान में उतरे तो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के छह विकेट पर 261 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर को पार करने के लिए पंजाब किंग्स को 7.3 ओवर में 84 रन की जरूरत थी. जॉनी बेयरस्टो तब दूसरे छोर पर 39 गेंद पर 93 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे.

### सेंथिल बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली ।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया. अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी. वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामेंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गयीं.

## तीरंदाजी कप : भारत ने कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में पांच पदक जीते

# ज्योति की स्वर्ण पदकों की हैट्रिक

**27** वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी.

**एजेंसी । शंघाई**

एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की जिसमें कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते. दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरुआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की, जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं. पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह कारनामा किया था.

**ज्योति ने एशियाड का कारनामा दोहराया :** ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की, जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी. युवा प्रियांश ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में रजत के रूप में अपना पहला विश्व कप पदक जीता. अपने दूसरे विश्व कप में 21 वर्षीय तीरंदाज ने 2021 के विश्व चैंपियन निको वीनर से हार कर दूसरा स्थान हासिल किया.



आस्ट्रिया के 27 साल के तीरंदाज ने 150 में से 150 अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया और प्रियांश को तीन अंक से हरा दिया. सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं. इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं. ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236 . 225 से हराया. भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला.

### दीपिका भी पदक दौड़ में

**भारतीय** तीरंदाज को पहले तीन प्रयास में परफेक्ट स्कोर के लिए संघर्ष करना पड़ा और आंद्रिया ने 88-87 की बढ़त बना ली. लेकिन ज्योति चौथे राउंड में परफेक्ट स्कोर बनाने में सफल रही. पांचवें राउंड में आंद्रिया दबाव में आकर दो अंक गंवा बैठी. वहीं ज्योति ने 29 का स्कोर बनाकर स्कोर 146 ऑल कर दिया, जिसके लिए शूट-ऑफ करना पड़ा. दोनों ने शूट ऑफ में नौ ऑल शॉट लगाये लेकिन ज्योति का तीर इनर रिंग के करीब था जिससे उन्होंने अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया. रिकर्व वर्ग में पदक राउंड रविवार को होंगे और भारत की निगाहें ओलंपिक वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी.



भारतीय पुरुष टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी. दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी.

### पुरुष टीम ने नीदरलैंड को मात दी

पुरुष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238 . 231 से मात दी नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे. इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया. दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158–157 से मात दी. मौजूदा एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति के लिए यह दोहरा स्वर्ण पदक था. वह व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक की दौड़ में है और दिन के अंत में अपना सेमीफाइनल खेलेगी. शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया. छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फ दो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178–171 से बढत बना ली. चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरुआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये. इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की. कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफेक्ट शुरुआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी. भारतीय जोड़ी 119–117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया. दोपहर के सत्र में ज्योति व्यक्तिगत चैम्पियन बनीं.

# दिल्ली ने मुंबई इंडियंस को 10 रन से दी मात



बेकार गई हार्दिक-तिलक की तूफानी पारी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को हरा दिया है. मुंबई इंडियंस के सामने जीत के लिए 258 रनों का लक्ष्य था, लेकिन हार्दिक पांड्या की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर महज 247 रन ही बना सकी. इस तरह ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने 10 रनों से जीत दर्ज की. वहीं, इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के 10 मैचों में 10 प्वॉइंट्स हो गए हैं. जबकि मुंबई इंडियंस के 9 मैचों में महज 6 प्वॉइंट्स हैं. इस हार के बाद मुंबई इंडियंस की प्लेऑफ की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है. मुंबई इंडियंस के लिए तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 32 गेंदों पर 63 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 4 छक्के जड़े. हार्दिक पांड्या ने 24 गेंदों पर 46 रनों की तूफानी पारी खेली. मुंबई इंडियंस के कप्तान ने अपनी पारी में 4 चौके और 3 छक्के जड़े. इसके अलावा टिम डेविड ने 17 गेंदों पर 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 37 रन बनाए. ईशान किशन 14 गेंदों पर 20 रन बनाकर पवैलियन लौट गए. जबकि रोहित शर्मा 8 गेंदों पर 8 रन बनाकर चलते बने. सूर्यकुमार यादव 13 गेंदों पर 26 रन बनाकर खलील अहमद का शिकार बने.

### ऐसा रहा दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों का हाल

वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की बात करें तो मुकेश कुमार और रासिख डर सलाम सबसे कामयाब गेंदबाज रहे. मुकेश कुमार और रासिख डर सलाम ने मुंबई इंडियंस के 3–3 बल्लेबाजों को पवैलियन का रास्ता दिखाया. इसके अलावा खलील अहमद ने 2 विकेट अपने नाम किया. इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 257 रनों का स्कोर बनाया. दिल्ली कैपिटल्स के लिए जैक फ्रेजर मैकगर्ग ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों पर 84 रन बनाए.

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी**

जैक फ्रेसर मैकगुर्क का नबी बो चावला 84, अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी 36,शाई होप का वर्मा बो वुड 41, ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह 29, ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 48, अक्षर पटेल नाबाद 11, अतिरिक्त : आठ रन

**कुल योग :** 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन विकेट पतन : 1 . 114, 2 . 127, 3 . 180, 4 . 235

**गेंदबाजी**

वुड 4 . 0 . 68 . 1, बुमराह 4 . 0 . 35 . 1, तुषारा 4 . 0 . 56 . 0 चावला 4 . 0 . 36 . 1, पंड्या 2 . 0 . 41 . 0, नबी 2 . 0 . 20 . 1

**मुंबई इंडियंस**

ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश 20, रोहित शर्मा का होप बो खलील 08, सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील 26, तिलक वर्मा रन आउट 63, हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम 46, नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम 04, टिम डेविड पगबाधा मुकेश 37

मोहम्मद नबी का होप बो सलाम 07, पीयूष चावला का होप बो मुकेश 10, ल्यूक वुड नाबाद 09, अतिरिक्त : 17 रन

**कुल योग :** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 247 रन विकेट पतन : 1–35, 2–45, 3–65, 4–136, 5–140, 6–210, 7–223, 8–234, 9–247

**गेंदबाजी**

विलियम्स 3–0–34–0, खलील 4–0–45–2 मुकेश 4–0–59–3, कुलदीप 3–0–47–0, अक्षर 2–0–24–0,सलाम 4–0–34–3

# हर्षा भोगले ने चुनी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप स्क्वाड का इंतजार भारतीय फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रो ल बोर्ड यानी बीसीसीआई अगले हफ्ते इसका आधिकारिक ऐलान करेगा. हालांकि इससे पहले क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी-अपनी पसंदीदा 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान कर फैंस का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं. इस कड़ी में अब दिग्गज कमेंटेमेंटेर हर्षा भोगले का नाम जुड़ गया है. इस क्रिकेट पंडित ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपने पसंदीदा 15 खिलाड़ियों को चुना है, जिनमें रोहित शर्मा और विराट कोहलीजैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवाओं की टोली शामिल है. हालांकि उन्होंने नेअपनी टीम में युवा सेंसेशन रिंकू



सिंह और युजवेंद्र चहल को नहीं रखा है. हर्षा भोगले ने बतौर ओपनर कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल को चुना है. वहीं उन्होंने इनके अलावा बैटिंग लाइन अप में विराट कोहली, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत और शिवम दुबे को जगह दी है. हर्षा भोगले के स्क्वॉड में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और संदीप शर्मा हैं. संदीप का नाम थोड़ा हैरान करने वाला है.

### भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4-1 से हराया

**चेंगडू (चीन) ।** अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की. रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24 24-22 से मात दी. लि 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं. फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभायी.

# जहीर की टी20 विश्व कप टीम में एकमात्र विकेटकीपर पंत

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है, जबकि वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं. जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं. जहीर ने अपनी टीम चुनते समय मोहम्मद शमी की चोट को भी ध्यान में रखा है. जहीर ने जियो सिनेमा से कहा, यश दयाल का स्थान फ्लोटिंग स्पॉट (अस्थाई)



होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. उन्होंने कहा, वह एक ऐसा गेंदबाज है कि अगर आप कभी भी किसी को गेंदबाजी के लगाना चाहते हैं, तो उसे इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे अगर सिराज की फॉर्म सही नहीं है. उन्होंने संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत को अपनी टीम में एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना.

**फटाफट** छक्के और चौकों की बरसात नहीं हो रही, आईपीएल में क्रिकेट का मजाक उड़ रहा

# बल्ले मजबूत होते गये, गेंदबाजी का बुरा हाल होता गया

**एजेंसियां । नयी दिल्ली**

22 गज की पट्टी पर बैट और बॉल से खेले जाने वाले खेल को क्रिकेट कहते हैं. गेंदबाज बॉल डालता है, तो बल्लेबाज उसपर शॉट खेलकर रन बनाता है. गेंदबाज का लक्ष्य बल्लेबाज को आउट करने का होता है, तो बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहता है. लेकिन इस खेल पर हमेशा से भेदभाव के भी आरोप लगे हैं खेल को करीब से जानने वालों का हमेशा यह मानना होता है कि क्रिकेट के सारे नियम बल्लेबाजों को फायदा देने के लिए बनाए जाते हैं. पिच से लेकर बाउंड्री की साइज तक, सभी बल्लेबाजों को देख कर बनाए जाते हैं. बल्ले मजबूत होते जा रहे हैं और गेंदबाजों का हाल बुरा. यही वजह है कि बल्ले और गेंद को बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है कभी 60 ओवर वाले वनडे में 250 रन बनाने वाली टीम की जीत पक्की मानी जाती थी, तो आज टी20 में 250 का स्कोर सेफ नहीं है. आईपीएल 2024 में तो स्थिति और भी ज्यादा खराब है. कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पंजाब किंग्स ने 262 रनों का लक्ष्य 112 गेंदों में ही हासिल कर लिया.




### आईपीएल के इस सीजन में बुरा हाल

आईपीएल 2024 में गेंदबाजों की और दुर्गति हो रही है. इस सीजन से पहले आईपीएल में सिर्फ दो बार किसी टीम ने पारी में 250 से ज्यादा का स्कोर बनाया था. इस बार 42 मैचों में ही 7 बार 250 से ज्यादा का स्कोर बन गया है. आईपीएल का सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड इस सीजन दो बार टूट चुका है. हैदराबाद ने पहले 277 रन बनाए और फिर 287 रन बनाकर बना रिकॉर्ड ही तोड़ दिया. इतना बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद को सिर्फ 25 रन से जीत मिली. इस सीजन तीन बार एक मैच में 500 से ज्यादा रन बने हैं. इससे पहले एक आईपीएल मैच में सबसे ज्यादा 469 रन बने थे.

# हार्दिक पंड्या को इतनी तवज्जो नहीं देनी चाहिए

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या को इतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावित करने में विफल रहे हैं. मुंबई इंडियंस का यह आलराउंडर इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहा है जिससे उनके भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने पर सवाल उठ रहे हैं. टीम की घोषणा जल्द ही की जानी है. पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप में कहा, हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह



स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है. क्योंकि हमने अभी तक (उनकी मौजूदगी में) विश्व कप नहीं जीता है. अगर आपको लगता है कि आप एक मुख्य आलराउंडर हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रदर्शन करना होगा. जहां तक आलराउंडर का सवाल है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह से प्रभावित नहीं किया है. हम सिर्फ उसकी क्षमता के बारे में सोच रहे हैं. उन्होंने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन में काफी बड़ा अंतर है तथा उन्होंने पंड्या को टूर्नामेंट चुनने के बजाय पूरे साल खेलने की सलाह दी. पठान ने कहा, हम आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं. दोनों में काफी अंतर है. सबसे पहले तो उसे पूरे साल खेलना होगा. वह चुनकर टूर्नामेंट नहीं खेल सकता. उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट को ऐसा करना बंद करना होगा. किसी एक खिलाड़ी को तवज्जो देना बंद करें क्योंकि अगर आप ऐसा करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत सकते. पठान ने कहा, आस्ट्रेलिया इतने वर्षों से टीम गेम को प्राथमिकता दे रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पहाड़पुर थाना क्षेत्र के एकडेरवा पईन के समीप कुछ अपराधी हथियार के साथ इकट्ठा होकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है. सूचना के साथ ही एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त स्थल की घेराबंदी कर किये छापेमारी के दौरान एक अपराधी को हथियार समेत दबोच लिया.

### जापान जा रही महिला से दो लाख की लूट

**गया ।** बोधगया में दिनदहाड़े विदेशी महिला के साथ लूट की घटना हुई है. जापानी महिला यूको मोमोस अपने देश जापान जा रही थी. उसी दौरान चार अज्ञात लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. पीड़ित जापानी महिला के पति अनूप कुमार ने बताया कि जब हमलोग जापान जा रहे थे उसी दौरान वर्मा मोनेस्ट्री बोधगया के पास चार अज्ञात लोगों ने हमारी कार में कुछ फेका और गाड़ी में आग लगने की वहीं लोग सूचना दी इतने देर में हम और हमारी पत्नी बेहोश हो गए. जब होश आया तो देखा की हमारी पत्नी का बैग ले कर एक ऑटो से लुटेरे भाग गए. जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची और पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया.

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**गोपालगंज ।** गोपालगंज में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग के घर पर बदमाशों ने हमला बोला है. शुक्रवार की देर रात की यह घटना बतायी जा रही है. जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर पर गोलीबारी की गयी. ओमप्रकाश गर्ग के घर पर कई राउंड फायरिंग की गयी. गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी भयभीत हुए. इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है. नगर थाना क्षेत्र के थाना रोड की ये घटना है. गर्ग को पिछले साल ही कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष बनाया है. वो एमएलसी चुनाव के प्रत्याशी भी रह चुके हैं.



### बेगूसराय में दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर

# जिंदा जल गए तीन युवक, दो घायल

**संवाददाता ।बेगूसराय**

बेगूसराय में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्हार ढाला के पास की है. शनिवार सुबह दो बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक वहीं बेहोश होकर गिर गए. देखते ही देखते दोनों बाइक में आग लग गई. जब लोग वहां पहुंचे तब तक चारों युवकों की आग की चपेट में आ गए. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दो लोग की मौत मौके पर हो गईं. दो लोग आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था. इसमें इलाज के दौरान एक युवक की भी मौत हो गई. वहीं चौथे युवक की हालत गंभीर है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खम्हार ढाला गौतम धाम के समीप एचएस 55 की है. बताया जा रहा है कि दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई. टक्कर लगते ही बाइक की टंकी से पेट्रोल का रिसाव होने लगा. देखते ही देखते आग इतनी भयावह थी कि चार लोग झुलस गए.

**साल-बहनोई के बाद एक और युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम**



आनन-फानन में जैसे-तैसे लोगों को दो को इलाज के लिए भेजा गया. इसमें एक की मौत इलाज के दौरान मौत हो गई. मरने की पहचान पिपरा निवासी छत्तीस कुमार, बगवाड़ा निवासी अरविंद शर्मा जो आपस में साला-बहनोई था. इस घटना में एक अन्य मृतक की पहचान मंझौल के रहने वाले सुमित कुमार के रूप हुई है. घायल की पहचान श्याम कुमार के रूप में हुई है. इसका इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है. घटनास्थल पर मुफस्सिल थानेदार सहित सदर डीएसपी और उन अधिकारी मौजूद थे. सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया है कि दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने में टक्कर हो गई थी. इस हादसे में जिंदा जलने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है. फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

## बुजुर्ग को ट्रक ने रौंदा, मौके पर हुई मौत

**पटना ।** पटना के मीठापुर से जीरो माइल जाने वाले मुख्य मार्ग पर तेज रफ़्तार एक कंटेनर ने रोड क्रॉस कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को रौंद डाला. जिस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर कंकड़बाग थाना की पुलिस पहुंची. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. वहीं, मृतक की पहचान रामचंद्र प्रसाद 70 वर्षीय अशोक नगर रोड नंबर 14 ए के रहने वाले के रूप में हुई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर ट्रक को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है. थाना कंकड़बाग ने हादसे की सूचना यातायात थाने को दी है. जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. दरअसल घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाईपास एनएच 30 को जाम कर दिया था.

# औरंगाबाद में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, महिला की हुई मौत

**संवाददाता ।औरंगाबाद**

दाउदनगर थाना क्षेत्र के नीमा मोड़ के समीप ट्रक की चपेट में आने से घायल 60 वर्षीय वृद्धा की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी. वहीं उनकी घायल ननद दाउदनगर के ही एक निजी अस्पताल में इलाजरत है.

मृतका की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी जमुनी कुंवर के रूप में हुई है. घटना में जो घायल है वह मृतका की ननद है और वह जम्होर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव की रहनेवाली है, जिसका नाम ओमनी कुंवर है. सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि जमुनी शादी समारोह में



शामिल होने के लिए अपनी मायके रामपुर गयी थी. वहां से अपनी भाभी ओमनी को लेकर भतीजा नागेश प्रजापति के साथ बाइक पर सवार होकर अरवल जिले के कलेर थाना क्षेत्र के पशरामपुर गांव बहन के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी.

### कतरीसराय थाना इलाके तारा बिगहा गांव की घटना

# नालंदा में करंट लगने से 3 की मौत

- हादसा सुन महिला परिजन को आया हार्ट अटैक

**संवाददाता ।नालंदा**

नालंदा के कतरीसराय थाना इलाके तारा बिगहा गांव में शनिवार को खंधा में मछली मारने गए तीन युवक को करंट लगने के बाद तालाब में गिर जाने से मौत हो गई. ग्रामीणों की नजर पड़ी तो इलाके में सनसनी फैल गई. जिस तार से करंट लगा उसे पहले ग्रामीणों ने अलग किया. उसके बाद शव को तालाब से बाहर निकाला. मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक पंकज राम के परिजन में एक महिला को हार्ट अटैक आया है. फिलहाल



गांव में मातम छा गया है. मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतकों की पहचान पंकज राम, गुलशन कुमार और अजय कुमार के रूप में हुई है. इनमें दो भाई और मामा बताए जा रहे हैं. सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना प्रभारी दल बल के साथ गांव पहुंचे फिर तीनों व्यक्ति को अस्पताल भेजा, लेकिन घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी. ग्रामीणों ने थोड़ी देर के लिए सड़क को जाम कर दिया था. पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया. फिलहाल पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया अस्पताल :** राजगीर के डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि तीन युवक मछली पकड़ने के लिए तालाब गये थे. उसी दौरान बिजली के तार की चपेट में आ गए. जिसके बाद तीनों तालाब में गिर गए और तीनों की मौत हो गई. वहीं. एक युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद उसके परिजन में एक महिला को हार्ट अटैक आया है. पुलिस जांच में जुटी है और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### दूसरे चरण के मतदान के बाद तेजस्वी यादव का दावा

# भारत में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

**संवाददाता ।पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के बाद कहा कि भारत में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. दूसरे चरण के बाद भाजपा नेता पूरी तरह से फ्रस्ट्रेशन में हैं और जनता ने मूड बना लिया है कि इस बार इंडिया गठबंधन को जीताना है. तेजस्वी ने कहा कि दूसरे चरण के बाद आप देख रहे हैं कि 400 पार के नारे वाली मूवी प्रधानमंत्री भूल चुके हैं. पहले फेज में



तो यह पूरी तरह फ्लॉप हो गई. दूसरे फेज में तो पर्दे पर चढ़ी ही नहीं. प्रधानमंत्री मुद्दे की बात नहीं करते प्रधानमंत्री बात करते हैं हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद की. उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आरक्षण काटने की बात जो प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन का आरक्षण काट कर किसी दूसरे विशेष वर्ग के लोगों को देंगे.

कोई किसी को आज तक आरक्षण काट कर दिया है क्या? यह मुद्दे की बात नहीं करके सिर्फ मुद्दे को भटकाएंगे. लोग अब जान चुके हैं कि नरेंद्र मोदी हैं तो बेरोजगारी नहीं जाएगी, महंगाई नहीं जाएगी. इसलिए जनता ने मन बना लिया है कि इस बार इंडिया गठबंधन को ही जीताना है.

# 95 बच्चों को रेस्क्यू किया गया, पांच मौलवी गिरफ्तार

**संवाददाता ।पटना/ अयोध्या**

यूपी पुलिस ने शुक्रवार को 95 बच्चों को लेकर बिहार के अररिया से सहारनपुर (यूपी) जा रही एक बस को देवकाली बाइपास (अयोध्या) पर रोक कर अपने कब्जे में ले लिया. खबरों के अनुसार बिहार के विभिन्न जिलों से मुस्लिम समुदाय के 95 बच्चों को बस से सहारनपुर ले जा रहे पांच मौलवियों को गिरफ्तार किया गया है. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सक्रियता से मानव तस्करी विरोधी इकाई ने पुलिस का

### अररिया से उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जा रही थी बस

सहायता से इन बच्चों को रेस्क्यू किया. बच्चों की उम्र नौ से 12 वर्ष के बीच की बताई जाती है, बच्चों को लखनऊ के मुमताज शरणालय में रखा गया है. पुलिस मौलवियों से पूछताछ कर पूरे रैकेट की जानकारी हासिल करने में जुटी है. आयोग की सदस्य डॉ शुचिता चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि मिशन मुक्ति फाउंडेशन दिल्ली के निदेशक वीरेंद्र सिंह की सूचना पर बिहार के अररिया और पूर्णिया से लाये जा रहे बच्चों को रेस्क्यू किया गया है.

**मौलवियों को पूछताछ के लिए सिविल लाइन ले जाया गया :** डॉ शुचिता चतुर्वेदी को जानकारी मिली थी कि अररिया और पूर्णिया से अवैध तरीके से बच्चों को सहारनपुर के देवबंद ले जाया जा रहा है. उन्होंने यह सूचना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को दी. ट्रैफिकिंग यूनिट और अयोध्या पुलिस की एक टीम ने शहर के बड़ी देवकाली स्थित हाईवे पर घेराबंदी कर एक बस को रोका. बस में उन्हें 95 बच्चे और पांच मौलवी मिले. सभी बच्चों और मौलवियों को पूछताछ के लिए सिविल लाइन ले जाया गया. सूत्रों के अनुसार, बच्चे नहीं जानते थे कि उन्हें कहां ले जा रहे थे. मौलवियों की ओर से पुलिस को दी गयी जानकारी झूठी साबित हुए, बाल कल्याण समिति के सर्वेश अवस्थी ने बताया कि बच्चों के माता पिता का नाम व सहमति पत्र भी मौलवियों के पास नहीं है. कई बच्चे अनाथ भी हैं. बच्चों की काउंसलिंग की गयी. उसके बाद बच्चों को मेडिकल के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया.

## कारोबार

### आईसीटी पर फैसला टालने को कहा

**नयी दिल्ली ।** भारत और चीनी ताइपे ने विश्व व्यापार संगठन के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नयी दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं. जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधा जनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई, 2024 तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार करने में देरी करने के लिए कहा है.

### इंडिया बुल्स रियल एस्टेट का घाटा बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** देश की प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर इंडियाबुल्स रियल एस्टेट लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध घाटा बीते वित्त वर्ष में बढ़कर 1,038.65 करोड़ रुपये हो गया है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध घाटा 608.38 करोड़ रुपये रहा था.
आईबीआरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष में उसकी कुल आमदनी भी घटकर 468.75 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 648.47 करोड़ रुपये था. कंपनी का शुद्ध घाटा मार्च तिमाही में कम होकर 302 करोड़ रहा.

### साई स्वामी मेटल्स का आईपीओ 30 से खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** स्टेनलेस स्टील के उत्पाद बनाने वाली कंपनी साई स्वामी मेटल्स एंड अलॉयज लिमिटेड निवेशकों से करीब 15 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 30 अप्रैल को पूंजी बाजार में उतरेगी. कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसका आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) मंगलवार को खुलेगा और तीन मई पर बंद होगा. शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे. डॉल्फिन ब्रांड के तहत स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली अहमदाबाद स्थित कंपनी ने आईपीओ के तहत बोली के लिए प्रति इक्विटी शेयर कीमत 60 रुपये तय की है. आईपीओ में 25 लाख इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम शामिल है.

### अमेरिका में पिछले साल रीजनल बैंकिंग संकट के कारण पांच बैंक डूब गए थे

# अमेरिका में डूब गया एक और बैंक

**भाषा ।नयी दिल्ली**

दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था मानी जानेवाली अमेरिका में बैंकों पर संकट गहराने लगा है. पिछले साल की तरह ही अमेरिका में एक और बैंक डूब गया. देश के रेगुलेटर्स ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कमान अपने हाथ में लेकर इयसे फुल्टन बैंक को बेच दिया है. फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (एफडीआईसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. अमेरिका में पिछले साल रीजनल बैंकिंग संकट के कारण पांच बैंक डूब गए थे. उसके बाद से कई रीजनल बैंक दबाव में हैं. इसका पहला शिकार फिलाडेल्फिया का रिपब्लिक फर्स्ट बैंक बना.

एफडीआईसी ने इस बैंक को फुल्टन फाइनेंशियल कॉरपोरेशन की यूनिट फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति जताई है. फुल्टन बैंक उसके सारे डिपॉजिट्स को ले लेगा और सारी एसेट्स को खरीद लेगा. 31 जनवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक रिपब्लिक बैंक की कुल एसेट छह अरब डॉलर और डिपॉजिट चार अरब डॉलर था. न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक




**फुल्टन बैंक उसके सारे डिपॉजिट्स को ले लेगा**

की 32 शाखाएं फुल्टन बैंक की ब्रांचेज के रूप में खुलेंगी.

सिलिकॉन वैली और सिग्नेचर बैंक मार्च में और फर्स्ट रिपब्लिक मई में डूबा था. एफडीआईसी ने कहा कि रिपब्लिकन फर्स्ट बैंक को पेनसिल्वेनिया स्टेट रेगुलेटर्स ने बंद किया. यह अमेरिका में इस साल डूबने वाला पहला बैंक है. पेनसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज ने इस बैंक को बंद करने के बाद एफडीआईसी को रिसीवर नियुक्त किया. हालांकि पिछले साल के रीजनल बैंकिंग संकट

**खास बातें**

- फुल्टन ने खरीदा फिलाडेल्फिया का रिपब्लिक फर्स्ट बैंक
- फर्स्ट बैंक अमेरिका में इस साल डूबने वाला पहला बैंक है

के मुकाबले रिपब्लिक बैंक का संकट काफी छोटा है. जिन लोगों का रिपब्लिक बैंक में पैसा जमा है वे फुल्टन बैंक के ग्राहक बन जाएंगे.

एफडीआईसी का डिपॉजिट इंश्योरेंस कवर 250,000 डॉलर प्रति डिपॉजिटर है. एफडीआईसी का कहना है कि अमेरिका में पिछले साल नवंबर के बाद पहली बार कोई बैंक डूबा है. तब आईओवा प्रांत के सैक सिटी का सिटीजन्स बैंक डूब गया था. रिपब्लिक फर्स्ट बैंक पिछले साल डूबे फर्स्ट रिपब्लिक बैंक से अलग है. सैन फ्रांसिस्को का यह बैंक मई में डूबा था और इसके एसेट्स जेपी मोर्गन चेज को बेचे गए थे. रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ऐसे समय डूबा है जब रीजनल बैंक बुरे दौर से गुजर रहे हैं. ऊंची ब्याज दरों के कारण क्रेडिट पर आधारित इंडस्ट्री बुरी तरह प्रभावित हुई है. पिछले साल सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के बाद बैंकिंग संकट शुरू हुआ था. उसके कुछ दिन बाद सिग्नेटर बैंक और फिर फर्स्ट रिपब्लिक बैंक डूब गए थे. कुल मिलाकर अमेरिका में पिछले साल पांच बैंक डूबे थे.

बताया जाता है कि हाल में न्यूयॉर्क कम्युनिटी बैंक के शेयरों में भी भारी उथलपुथल देखने को मिली थी. बैंक ने कहा था कि उसे कंपनी के कंट्रोल में कई खामियां देखने को मिली हैं. इसके बाद ग्राहकों ने धड़ाधड़ बैंक से पैसे निकालने शुरू कर दिए थे. आखिरकार मार्च में बैंक को निवेशकों से एक अरब डॉलर की इक्विटी इन्वेस्टमेंट की लाइफलाइन मिली. बैंक के निवेशकों में पूर्व ट्रेजरी सेक्रेटरी स्टीवन मुंचिन की कंपनी लिबर्टी स्ट्राटेजिक कैपिटल शामिल है.

जानकारों का कहना है कि करीब एक दशक तक सेंट्रल बैंकों ने लोगों को ईजी मनी और भारी लिक्विडिटी की लत लगा दी है. अब वे पॉलिसी को सख्त बना रहे हैं. जिससे फाइनेंशियल सिस्टम में संकट पैदा हो गया है. साल 2022 में अमेरिकी बैंकों को 620 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था. महंगाई पर काबू करने के लिए अमेरिकी फेड रिजर्व जिस तरह ब्याज दरों को बढ़ाया था, उससे बैंकों की हालत खस्ता हो गई थी.

**महिंद्रा लाइफस्पेस**

# एकीकृत शुद्ध लाभ 98 करोड़ हुआ

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

महिंद्रा समूह की रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा विकास इकाई महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष (2023-24) में मामूली घटकर 97.89 लाख रुपये रहा है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ 101.43 करोड़ रुपये रहा था. शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, कंपनी की कुल आमदनी बीते वित्त वर्ष में घटकर 279.12 करोड़ रुपये रह गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 659.56 करोड़ रुपये थी. बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 71.15 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च, 2023 तिमाही में सिर्फ 55 लाख रुपये था. कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में घटकर 54.60 करोड़ रुपये रह गई, जो मार्च, 2023 तिमाही में 270.26 करोड़ रुपये थी. महिंद्रा लाइफस्पेस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिन्हा ने कहा, पूरे बीते वित्त वर्ष में बिक्री हमारी अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री रही है.

# कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर दो दिनों में 13 प्रतिशत गिरा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से एक बड़ी कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक का हाल बुरा हो चुका है. पिछले दो दिनों में इसके शेयरों में 13 फीसदी की गिरावट आई है, जिस कारण निवेशकों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है. गुरुवार को इसके शेयर 10 फीसदी से ज्यादा गिरे, जबकि शुक्रवार को इस बैंक के शेयरों में करीब 2 फीसदी की गिरावट आई. अभी इस बैंक के शेयर 1,614.70 रुपये पर हैं. गुरुवार और शुक्रवार के बीच कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में गिरावट के कारण बैंक का मार्केट कैप भी तेजी से गिरा है और यह घटकर 3.19 लाख करोड़ रुपये हो चुका है. ऐसे में इसने देश के चौथे सबसे बड़े बैंक का दर्जा भी खो दिया है. अब देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक एक्सिस बैंक है. एक्सिस बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक को छोड़ा पीछे एक्सिस बैंक ने मार्च तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद इसके शेयरों में लगभग पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है, जिस कारण इसके मार्केट कैप में उछाल आया है और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 3.48 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कोटक महिंद्रा बैंक के मार्केट कैप से ज्यादा है. एक्सिस बैंक ने जनवरी-मार्च तिमाही में 7,130 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में उसे 5,728.4 करोड़ का घाटा हुआ था.

**एकीकरण** मद्रास हाईकोर्ट ने आरबीआई को दिया आदेश

# डीबीएस व लक्ष्मी विलास बैंक के एसेट का होगा वैल्यूएशन

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

प्राइवेट सेक्टर के डीबीएस बैंक इंडिया और लक्ष्मी विलास बैंक का एकीकरण हो चुका है. अब मद्रास हाईकोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को आदेश दिया है कि वह इन दोनों बैंक के मर्जर से पहले के एसेट का वैल्यूएशन करे. इस वैल्यूएशन के जरिए पता लगाया जा सकेगा कि मर्जर का स्टॉकहोल्डर्स पर क्या प्रभाव पड़ा है. आरबीआई इन दोनों बैंकों के नवंबर, 2020 से पहले के शेयर और एसेट का पूरा वैल्यूएशन करके कोर्ट को चार महीने के अंदर विवरण सौंपेगा. कोर्ट के आदेश पर आरबीआई शेयर वैल्यू में गिरावट और टियर 2 बांड्स के राइट ऑफ




पर अपना निर्णय देगा. मद्रास हाईकोर्ट ने यह आदेश लक्ष्मी विलास बैंक के बॉन्ड होल्डर्स और माइनॉरिटी शेयर होल्डर्स की एक याचिका पर दिया है. उन्होंने अपने इनवेस्टमेंट को राइट ऑफ किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी. डीबीएस बैंक इंडिया के साथ विलय से पहले एलवीबी पर लगाई गई रोक के चलते यह स्थिति पैदा हुई थी. हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि इस आदेश का विलय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. यह सिर्फ निवेशकों की चिंताओं को दूर करने का प्रयास है. आरबीआई भी शेयर होल्डर्स और बॉन्ड होल्डर्स की समस्यायों को दूर करने की कोशिश करेगा.

**पारदर्शी का पता लगाया जाएगा**

डीबीएस बैंक इंडिया और लक्ष्मी विलास बैंक के मर्जर के बाद कई केस फाइल हुए थे. यह सभी केस देश के विभिन्न हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने साल 2022 में मद्रास है कोर्ट को ट्रांसफर कर दिए थे. अब मद्रास हाई कोर्ट का यह आदेश मर्जर से प्रभावित हुए स्टॉकहोल्डर्स की समस्याओं को सुलझाने का एक प्रयास माना जा रहा है. आरबीआई द्वारा पारदर्शी और निष्पक्ष वैल्यूएशन से पता लगाया जा सकेगा.

# छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की दी अनुमति

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने छह देशों को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात करने की अनुमति दी है. इन छह देशों में बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका हैं. केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करने की अनुमति दी गई है. इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) प्याज का निर्यात करेगी. इसके साथ ही भारत सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है. मंत्रालय के मुताबिक देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते महाराष्ट्र एनसीईएल द्वारा निर्यात के लिए खरीदे गए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है.



आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करती.

## ब्रीफ खबरें

### ब्राजील के होटल में लगी आग, 10 की मौत

**रियो डी जनेरियो ।** दक्षिणी ब्राजील के पोर्टो एलेग्रे शहर में शुक्रवार सुबह एक छोटे होटल में आग लग जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि 'गारोआ फ्लोरेस्टा' होटल की तीन मंजिला इमारत में सुबह आग लग गई जिससे कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए. इस होटल में एक कमरे के किफायती आवास की सुविधा दी जाती थी और बेघर लोगों को आश्रय देने के लिए इसका नगरपालिका के साथ अनुबंध था.

### मैं जेल में रहने के लिए तैयार हूं : इमरान खान

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन लोगों के साथ कोई भी समझौता करने से इनकार कर दिया जिन्होंने देश को गुलाम बना दिया है और उन्होंने कहा कि वह नौ और साल जेल में रहने के लिए तैयार हैं लेकिन इन लोगों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे. पीटीआई पार्टी के 28वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जारी संदेश में खान ने कहा कि देश पर तानाशाही थोपी गयी है जो अर्थव्यवस्था, शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका के विनाश का आधार बन रही है.

### नेब्रास्का-आयोवा में तूफान से इमारतें ढहीं

**ओमाहा (अमेरिका)।** मध्य पश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में एक इमारत ढह गयी जिसके मलबे में कई लोग दब गए और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए. तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल होने की खबरें मिलीं. आयोवा में रात को लगातार तूफान की चेतावनियां जारी की गयीं. नेब्रास्का की लैंकास्टर काउंटी में तूफान के कारण एक व्यावसायिक इमारत गिरने से तीन लोग घायल हो गए.

### तस्करी के आरोप में 11 नाइजीरियाई गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र) ।** ठाणे जिले की पुलिस ने नवी मुंबई में मादक पदार्थ तस्करी गिरोह में शामिल होने के आरोप में नाइजीरिया के 11 नागरिकों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 1.61 करोड़ रुपये की कीमत की कोकीन और अन्य मादक पदार्थ जब्त किए हैं. एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को हुई छापेमारी के बाद यह गिरफ्तारी की गई है. कुल कीमत 1,61,00,000 रुपये आंकी गई है. आरोपियों के पास से करीब 25 लाख की कीमत के फोन और अन्य उपकरण भी जब्त किये गये.

### बस के खाई में गिरने से 10 यात्री घायल

**भोपाल/नागपुर ।** बुरहानपुर जिले में शनिवार को मरम्मत के लिए खड़ी एक निजी बस करोली घाट के पर्वतीय क्षेत्र में 50 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिसके कारण कम से कम 10 यात्री घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे सभी खतरे से बाहर हैं. बुरहानपुर के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने कहा, इंदौर से अकोला जा रही बस की बैटरी में कुछ समस्या आ गई थी, जिसके कारण उसके कर्मचारियों ने मरम्मत के लिए बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था.

## मणिपुर में उग्रवादियों ने हमला किया, दो जवानों की हुई मौत

**एजेंसी । इंफाल**

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवानों की मौत हो गयी और दो अन्य कर्मी घायल हो गये. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की. गोलीबारी शुक्रवार देर रात शुरू हुई. उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गये. अधिकारी ने कहा, दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है. वे खतरे से बाहर हैं. सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन शिविर की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था. पुलिस ने कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश जारी है.

### अरविंद केजरीवाल ने उच्चतम न्यायालय से कहा

# ईडी ने आबकारी नीति मामले में बेहद मनमाने तरीके से काम किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बेहद मनमाने तरीके से काम किया. मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है.

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे.

केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी. उन्होंने कहा, जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है. केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में साफ झूठ उजागर हो जाएगा.

### ईडी के पास और विकल्प नहीं बचा था

ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में कोई तथ्य नहीं होने के आधार पर इसे खारिज करने योग्य बताया.



**ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में कोई तथ्य नहीं होने के आधार पर इसे खारिज करने योग्य बताया**

जांच एजेंसी ने कहा है कि जिस सबूत को आधार बनाते हुए जांच अधिकारी ने उन्हें गिरफ्तार किया था उसपर विभिन्न अदालतों द्वारा गौर किया गया था. ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था क्योंकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें संघीय धन शोधन रोधी एजेंसी द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया था. वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं. शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा. उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कुछ भी अवैध नहीं है और बार-बार समन जारी करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास और विकल्प नहीं बचा था. यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है. इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था.

### प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है. केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में कथित असहयोग का खुलासा नहीं किया. उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है. आप नेता ने कहा कि उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किये जाने के हकदार हैं. इस सप्ताह की शुरुआत में शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के सरगना और मुख्य साजिशकर्ता हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है.

### आतंकवाद, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए

## मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं : शाह

**एजेंसी । पोरबंदर (गुजरात)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो वह देश से आतंकवाद एवं नक्सलवाद को खत्म कर देंगे और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे. उन्होंने भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में गुजरात के पोरबंदर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जब अनुच्छेद 370 हटाया गया, तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस कदम का विरोध किया था और कहा था कि इसके कारण कश्मीर में खून की नदी बहेगी. शाह ने कहा, पिछले पांच साल में खून की नदी बहना तो दूर, किसी ने वहां पत्थर



फेंकने की भी हिम्मत नहीं की. प्रधानमंत्री मोदी ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया. जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो कोई भी पाकिस्तान से देश में प्रवेश कर सकता था और बम विस्फोट कर सकता था. उन्होंने कहा, जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी में आतंकवादी हमले किए, तो वह भूल गया कि उस समय मोदी प्रधानमंत्री थे. प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए 10 दिन में सर्जिकल और हवाई हमले किए. शाह ने देश से आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने के लिए लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सुरक्षित करने और इसे समृद्ध बनाने के लिए काम किया है. कांग्रेस पार्टी अपने शासन के 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान पर ले आई थी. प्रधानमंत्री मोदी केवल 10 वर्ष में इसे पांचवें स्थान पर ले आए. मैं आपको गारंटी देता हूं कि उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए और भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

### अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**मुंबई।** बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर इस महीने की गई गोलीबारी मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया गया है. मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को भी हिरासत में ले सकती है, जो इस समय गुजरात की साबरमती जेल में बंद है. पुलिस इस मामले में मकोका लगाने पर भी विचार कर रही है. उन्होंने बताया कि अनमोल बिश्नोई ने गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी और जांच में भी उसकी संलिप्तता सामने आई है, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को एलओसी जारी किया.

### उत्तराखंड के जंगलों में भीषण आग

## सेना बुलाई गयी, नैनीताल की हाईकोर्ट कॉलोनी तक आग पहुंची

**एजेंसी । नैनीताल**

उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने से भवाली रोड पर धुआं छाया हुआ है. हाईकोर्ट कॉलोनी तक आग पहुंच गयी है. वाहनों की आवाजाही बाधित हो गयी है. नैनीताल के पास लड़ियाकांटा में भी आग लग गयी है. आग की चपेट में भारतीय सेना के क्षेत्र भी आ सकते हैं. इस आशंका से सेना के जवान भी आग बुझाने में काम में युद्ध स्तर पर जुट गये हैं. तेज हवाओं के कारण दमकल विभाग की टीम को आग पर काबू पाने में मशक्कत करनी पड़ रही है. नैनीताल का आईटीआई भवन भी आग की चपेट में आ गया है. प्रशासन हेलिकॉप्टर के जरिए नैनीताल और भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास की कवायद में जुट गया है. जिला प्रशासन ने आग को देखते हुए नैनी झील में नौकायन पर प्रतिबंध लगा दिया है. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को अलर्ट पर रहने को कहा है.

### आर्थिक तंगी के कारण मां-बेटे की खुदकुशी

**इटावा (उप्र) :** इटावा में आर्थिक तंगी के कारण एक महिला और उसके बेटे ने जहरीला पदार्थ निगलकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली. पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभय नाथ त्रिपाठी ने बताया कि इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत नई बस्ती साईं कॉलोनी में शुक्रवार रात घर के अंदर दीपक कुमार उर्फ दीपू सोनी (28) और उसकी मां सुमन देवी (55) ने शीतलपेय में सल्फास की गोली मिलाकर निगल लिया और कथित तौर पर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने बताया कि संभवतः आर्थिक तंगी के कारण दोनों ने यह कदम उठाया होगा.

### कांग्रेस का आरोप

## 2जी स्पेक्ट्रम मामले में दिख रहा है भाजपा का पाखंड

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



कांग्रेस ने 2जी स्पेक्ट्रम के मामले के फैसले में संशोधन की मांग करते हुए केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय का रुख किए जाने को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा के पाखंड की कोई सीमा नहीं है क्योंकि उसने संप्रग के तहत 2जी स्पेक्ट्रम के प्रशासनिक आवंटन को घोटाला बताया था और अब नरेंद्र मोदी सरकार बिना नीलामी के स्पेक्ट्रम देने की अनुमति मांग रही है.

केंद्र ने 12 साल से अधिक समय बाद गत सोमवार को 2जी स्पेक्ट्रम मामले से जुड़े फैसले में संशोधन का अनुरोध करते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार और भ्रष्ट जनता पार्टी के पाखंड की कोई सीमा नहीं है. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान, उसकी तरफ से यही रोना रोया जाता था कि 2जी स्पेक्ट्रम का आवंटन एक 'घोटाला' है. उन्होंने आरोप लगाया, अब, वे इसके विपरीत तर्क दे रहे हैं.

### केरल में बस दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत व 13 घायल

**कोझिकोड (केरल)।** केरल के कोझिकोड जिले में शनिवार सुबह पर्यटकों को ले जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि बस तिरुवनंतपुरम से पड़ोसी राज्य कर्नाटक के उडुपी जा रही थी, उसी समय यह हादसा हुआ. पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, संभवतः चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ है. चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस नीचे जा गिरी. उन्होंने बताया कि बस के नीचे फंसे होने के कारण एक यात्री को समय पर नहीं निकाला जा सका. हालांकि, बाद में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

### डीएसजीएमसी के सदस्य भाजपा में शामिल हुए, बोले नड्डा-

## सिख समुदाय के बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डीएसजीएमसी) के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में सिख शनिवार को भाजपा में शामिल हो गये. इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अल्पसंख्यक समुदाय की मदद के लिए सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अगर किसी ने वास्तव में समुदाय के लिए काम किया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं.

नड्डा ने कहा कि करतारपुर साहिब गलियारा शुरू करना, स्वर्ण मंदिर में दान के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण और



1984 के सिख विरोधी दंगों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करना जैसे कदम केंद्र सरकार की ओर से उठाए गये. उन्होंने कहा कि भाजपा देश के लिए सिख समुदाय के योगदान और बलिदान को बहुत महत्व देती है और इनके हितों के लिए काम करती रहेगी. भाजपा सिखों के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करने पर तेजी से काम कर रही है और पंजाब में लोकसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देने में जुटी हुई है. पंजाब में सिख बहुसंख्यक हैं. राज्य के कई बड़े सिख नेता हाल ही में पार्टी में शामिल हुए हैं.

**पलटवार**

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने अमित शाह को दिया जवाब, कहा-

# पीएफआई पर प्रतिबंध का कभी विरोध नहीं किया

**भाषा । भोपाल**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस आरोप को खारिज किया कि उन्होंने 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) पर प्रतिबंध का विरोध किया था. सिंह ने साथ ही भाजपा पर पीएफआई की राजनीतिक इकाई के साथ गठबंधन में कर्नाटक में चुनाव लड़ने का आरोप लगाया. मध्य प्रदेश के राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सिंह ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के संबंध में शाह के आरोप पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने (सिंह ने) मप्र के मुख्यमंत्री रहते हुए इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया था. शुक्रवार को राजगढ़ लोकसभा सीट के अंतर्गत खिलचीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने सिंह पर पीएफआई पर प्रतिबंध और संसद हमले के दोषी अफजल गुरु की मौत की सजा का



**सिंह ने कहा कि शाह ने 17 बार उनका नाम लिया और आठ बार उनके बारे में झूठ बोला**

विरोध करने के अलावा भगवा आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था. सिंह ने कहा कि शाह ने 17 बार उनका नाम लिया और आठ बार उनके बारे में झूठ बोला.

कांग्रेस के घोषणापत्र में कोई जिक्र नहीं : सिंह ने एक्स पर लिखा कि शाह ने दावा किया था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनकी सलाह पर अपनी पार्टी के घोषणापत्र में मुसलमानों के लिए व्यक्तिगत ऋृण को शामिल किया है, लेकिन तथ्य यह है कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम व्यक्तिगत ऋृण का कोई जिक्र नहीं है. सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी भी भगवा आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है, जैसा कि शाह ने दावा किया है. राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने कभी भी अफजल गुरु की फांसी का विरोध नहीं किया इसके विपरीत उन्होंने गुरु को जल्द से जल्द फांसी देने का समर्थन किया था. सिंह ने कहा, अमित शाह ने झूठ बोला कि दिग्विजय सिंह ने पीएफआई पर प्रतिबंध का विरोध किया था.

उन्होंने भाजपा पर इस्लामिक चरमपंथी संगठन के साथ गठबंधन में कर्नाटक में स्थानीय चुनाव लड़ने का आरोप लगाया. सिंह ने कहा कि उन्होंने कभी भी पीएफआई पर प्रतिबंध का विरोध नहीं किया और दावा किया कि वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सिमी पर प्रतिबंध लगाने वाले पहले व्यक्ति थे. सिंह ने 1984 और 1991 में राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था. उनका गृहनगर राघौगढ़ इस संसदीय सीट के अंतर्गत आता है, जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा. अपने सोशल मीडिया पोस्ट में सिंह ने कहा कि उन्होंने कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की थी और कभी भी टीकाकरण का विरोध नहीं किया जैसा कि शाह ने आरोप लगाया है. एक अन्य ट्वीट में कांग्रेस नेता ने शाह की राजनीति से विदाई संबंधी टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी. वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा था, समय आ गया है कि उन्हें राजनीति से स्थायी विदाई दी जाए...आशिक का जनाज़ा है, जरा धूम से निकले. उन्हें भारी मतों से हरा कर घर बैठायें.

### लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा : अजित पवार

**पुणे ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को बारामती में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा. बारामती लोकसभा सीट से अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार सत्तारूढ़ गठबंधन की उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं. सुनेत्रा का मुकाबला तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले से है, जो उनकी ननद और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार की बेटी हैं. अजित ने अंबेगांव में सुनेत्रा पवार के पक्ष में आयोजित एक रैली में कहा, यह चुनाव किसी गांव या (पारिवारिक) रिश्तों के बारे में नहीं है. यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा. उन्होंने कहा, मुझे खाली जमीन दिखाइए, मैं वहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाऊंगा. रायगढ़ किले में रोपवे सुविधा के लिए राशि दी जाएगी.

### पूनम महाजन का टिकट कटा, वकील उज्ज्वल निकम होंगे उम्मीदवार

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार को उम्मीदवारों की 15वीं लिस्ट जारी कर दी. भाजपा ने पूनम महाजन की टिकट काट दी है. जबकि आतंकी कसाब को फांसी दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को मुंबई उत्तर मध्य से चुनावी मैदान में उतारा गया है. बता दें कि उज्ज्वल निकम देश के सबसे मशहूर सरकारी वकीलों में से हैं, वह आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने से लेकर, 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में सरकारी पक्ष की पैरवी कर चुके हैं. बात पूनम महाजन की करें तो वह 2006 में पिता प्रमोद महाजन की हत्या के बाद भाजपा में शामिल हुईं थीं. 2009 में पहली बार घाटकोपर वेस्ट से सांसद चुनाव लड़ीं, लेकिन हार गईं. 2014 में मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट से उन्होंने कांग्रेस की प्रिया दत्त को हराया था. बता दें कि पूनम ट्रेन्ड पायलट हैं. उन्होंने इसकी ट्रेनिंग अमेरिका के टेक्सास से ली है.

### सीएम ममता बनर्जी फिर चोटिल

## हेलिकॉप्टर में चढ़ते वक्त पैर फिसला, लड़खड़ाकर गिरीं

- टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करने जा रही थीं

**भाषा । दुर्गापुर**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गई हैं. दुर्गापुर में हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान ममता बनर्जी को चोट लग गयी है. वह हेलिकॉप्टर के भीतर ही गिर गईं. वह दुर्गापुर से आसनसोल जा रही थीं. उन्हें वहां टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करना था. बनर्जी जब हेलिकॉप्टर के अंदर जा रही थीं, उसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ा कर गिर गईं. उनके पैर में हल्की चोट आई है. उनके सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उनकी मदद की.

मिली जानकारी के मुताबिक बनर्जी कुछ देर बाद दुर्गापुर से आसनसोल के रवाना हो गईं. टीएमसी सूत्रों ने बताया कि उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है और वह आसनसोल में पार्टी की चुनावी रैली में शामिल होंगी. टीएमसी सुप्रीमो कुछ दिन पहले अपने आवास पर चोटिल हो गई थीं. वह अपने घर में टहलने के दौरान गिर गई थीं, जिससे उनके सिर पर चोट लगी थी. उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके भी लगाए गए थे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)